ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 05.08.2024 | वर्ष 11, अंक 213 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

जिंदगी में एक सफलता कुछ संभावनाओं को जन्म देती हैं, लेकिन एक विफलता सैकड़ों संभावनाओं को जन्म दे देती है।

## क्विक न्यूज

### इजरायल ने वेस्ट बैंक में किया घातक हमला, 15 फिलिस्तीनी और 9 चरमपंथी हुए ढेर

**यरूशलेम :** इजरायली सेना ने वेस्ट बैंक में घातक हमला किया। इजरायल के दो हवाई हमलों में वेस्ट बैंक में शनिवार को नौ फिलस्तीनी चरमपंथी मारे गए। वहीं एक स्कूल पर हुए हमले में 15 फिलिस्तीनी मारे गए। इजरायल की सेना ने यह जानकारी दी। इजरायली सेना ने कहा कि शनिवार सुबह उसके सैनिकों ने उत्तरी वेस्ट बैंक में तुलकरम शहर के बाहर एक ग्रामीण इलाके में एक वाहन पर हमला किया, जिसमें पांच लोग मारे गए। हमास ने सभी पांचों की पहचान समूह के सदस्यों के रूप में की है, जिनमें एक स्थानीय कमांडर भी शामिल है।

### विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन पर लगे भीषण आग की चपेट में आया कई ट्रेन, कोई नुकसान नहीं

**विशाखापत्तनम** : विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन पर भीषण आग लग गई। कोरबा से विशाखापत्तनम और यहां से तिरुमाला जा रही ट्रेन इसकी चपेट में आ गई। कोरबा एक्सप्रेस ट्रेन रविवार दोपहर प्लेटफार्म नंबर 4 पर खड़ी थी। तभी उसकी कई बोगियों में आग पकड़ ली। इस हादसे में कोरबा एक्सप्रेस की एसी बोगी के एम1, बी7, बी6 बोगी में आग लग गई। मौके पर पहुंचे रेलवे के दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि किसी प्रकार की जान का नुकसान नहीं हुआ है। कई घंटों की मसक्कत के बाद आग पर काबू पाल लिया गया। ट्रेन की जलने वाली सभी बोगियां एसी की थी। ट्रेन में आग लगने से स्टेशन में हड़कंप मच गया। यात्रियों में भगदड़ सी मच गई थी।

### इंग्लैंड के साउथ पोर्ट में चाकू से हमले में 3 बच्चियों की मौत के बाद हिंसक प्रदर्शन

**लंदन :** इंग्लैंड के साउथ पोर्ट में बच्चों की डांस क्लास में किए गए चाकू से हमले में 3 बच्चियों की मौत की वजह से फैले अक्रोश ने लोगों को सड़कों पर ला दिया। भड़के लोगों ने इंग्लैंड में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने दर्जनों लोगों को गिरफ्तार किया है। इंग्लैंड और उत्तरी आयरलैंड के कुछ हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। इसके बाद पुलिस ने दर्जनों लोगों को गिरफ्तार किया। सरकार ने उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का वादा किया है, जिनके बारे में कहा गया है कि वे अव्यवस्था फैलाने के लिए तीन लड़कियों की हत्या के बहाने फायदा उठा रहे हैं।

### मध्य प्रदेश : मुख्यमंत्री मोहन यादव के काफिले से टकराया ऑटो, 13 साल के बच्चे समेत 3 लोग घायल

**राजगढ़** : मध्य प्रदेश के राजगढ़ से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां सीएम मोहन यादव के काफिले से एक ऑटो टकरा गया। इस हादसे में 13 साल के बच्चे समेत 3 लोग घायल हुए हैं। ये घटना उस वक्त हुई, जब सीएम मोहन यादव भोपाल से शाजापुर जा रहे थे। सीएम मोहन यादव का काफिला भोपाल से शाजापुर जा रहा था। इसी दौरान सारंगपुर के पास हाईवे पर हादसा हुआ और एक ऑटो सीएम के काफिले से टकरा गया। इस घटना में एक 13 साल के बच्चे समेत 3 लोग घायल हुए हैं। कलेक्टर भी हॉस्पिटल पहुंचे हैं।

### श्रावणी मेला में एसडीएम ने की छापेमारी, भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

**दुमका** : बासुकीनाथ में अवैध शराब विक्रेताओं के होश उस समय उड़ गए जब बासुकीनाथ बस पड़ाव में चाय की दुकान में संचालित शराब के अड्डे का पर्दाफाश हुआ, जिसमें पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब और बियर की बोतल जब्त किया। इस दौरान एसडीओ के साथ उत्पाद शुल्क निरीक्षक विक्रम कुमार मौजूद थे।छापेमारी को लेकर एक्साइज इंस्पेक्टर विक्रम कुमार ने बताया कि छापेमारी में 24 लीटर बीयर और 10 लीटर से अधिक विदेशी शराब चाय दुकान से बरामद की गई। शराब विक्रेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में दुकान संचालकों के खिलाफ शराब के अवैध बिक्री एवं भंडारण को लेकर कानून की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



**रांची का तापमान**

अधिकतम 38°
न्यूनतम 26°

# बांग्लादेश : हिंसक झड़प में 72 की मौत

एजेंसी

**ढाका** : बांग्लादेश में ताजा हिंसा में दर्जनों लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए, जिसके बाद सिलहट में भारत के सहायक उच्चायोग ने अपने नागरिकों को सतर्क रहने के लिए कहा और एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया। देश के प्रमुख बंगाली दैनिक प्रथम अलो ने कहा कि रविवार की हिंसा में कम से कम 70 लोग मारे गए, जबकि एक चैनल ने कम से कम 72 लोगों की मौत की सूचना दी। हिंसा तब फिर से शुरू हुई जब प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे छात्रों के आंदोलन द्वारा घोषित असहयोग आंदोलन के लिए बैठे लोगों की आवामी लीग, छात्र लीग और जुबो लीग के कार्यकर्ताओं के समर्थकों के साथ झड़प हुई। प्रदर्शनकारी हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं, इससे पहले जुलाई में छात्रों द्वारा सरकारी नौकरियों के लिए कोटा प्रणाली को समाप्त करने की मांग के साथ शुरू हुए विरोध प्रदर्शन ने हिंसा का रूप ले लिया था जिसमें 200 से अधिक लोग मारे गए थे। हिंसा भड़कने के बाद हसीना ने कहा कि जो लोग विरोध प्रदर्शन के नाम पर तोड़फोड़ और विध्वंस कर रहे हैं, वे अब छात्र नहीं बल्कि अपराधी हैं और लोगों को उनसे सख्ती से निपटना चाहिए। सरकार ने सोमवार से बुधवार तक छुट्टी की घोषणा की है। अदालतें अनिश्चित काल के लिए बंद रहेंगी। रविवार को मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद रही, जबकि फेसबुक और व्हाट्सएप सहित मैसेजिंग ऐप ब्रॉडबैंड इंटरनेट पर भी उपलब्ध नहीं थे।

**प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं**

**इंटरनेट, स्कूल और यूनिवर्सिटी बंद**

फिर भड़की हिंसा की आग के बाद सरकार ने देश में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं. बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने देशभर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है. सरकार के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्रों के आंदोलन में बड़े पैमाने पर हुई झड़पों और जानमाल के नुकसान के बाद फैसला लिया गया है. इसके अलावा देश के स्कूल और कॉलेजों की क्लासों को भी रद्द कर दिया गया है. बांग्लादेश पुलिस ने अब तक 11 हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया है.



**नहीं रुक रहा प्रदर्शन**

बांग्लादेश में लिबरेशन मूवमेंट में शामिल लोगों के परिवारों को दिए जाने वाले रिजर्वेशन के खिलाफ पिछले महिने प्रदर्शन शुरू हुए थे. शुरू में प्रदर्शन शांतिपूर्ण थे, लेकिन 15 जुलाई को ढाका यूनिवर्सिटी में छात्रों और पुलिस के बीच झड़प के बाद यह हिंसक हो गए. 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद सरकार ने इस कोटा को 30 फीसद से घटाकर 5 फीसद कर दिया, लेकिन इसके बावजूद हिंसा और विरोध प्रदर्शन रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं. अब तक प्रदर्शनों में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग घायल हैं.

**भारत ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर**

**नई दिल्ली:** भारत ने बांग्लादेश में रह रहे अपने नागरिकों से संपर्क में रहने और सतर्क रहने को कहा है. प्रदर्शनकारियों और सत्तारूढ़ अवामी लीग के समर्थकों के बीच ताजा झड़पों में 50 लोगों की मौत हो गई है.बांग्लादेश में भारत के असिस्टेंट हाई कमीशन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,सिलहट में स्थित भारतीय सहायक उच्चायोग के अधिकार क्षेत्र में रहने वाले छात्रों सहित सभी भारतीय नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस कार्यालय के संपर्क में रहें और सतर्क रहें. इमरजेंसी की स्थिति में कृपया+88-01313076402 पर संपर्क करें.

## अधिवक्ता हत्याकांड में शामिल अपराधी व पुलिस के बीच मुठभेड़, तीन गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची पुलिस ने अधिवक्ता गोपाल कृष्ण हत्याकांड में शामिल अपराधी रोशन मुंडा और संदीप कालिंदी को गिरफ्तार किया है. साथ ही पुलिस ने इन दोनों के मददगार संदीप मुंडा को भी गिरफ्तार कर लिया है. इन अपराधियों के पास पुलिस ने एक पिस्टल व दो जिंदा गोली बरामद किया है. रोशन मुंडा और संदीप मुंडा की गिरफ्तारी अनगड़ा थाना क्षेत्र के महेशपुर बागानटोली से हुई जबकि संदीप कालिंदी की गिरफ्तारी सिल्ली से हुई.रविवार को एसएसपी चंदन सिन्हा और सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी. अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में अनगड़ा के बागानटोली पहुंची थी तो अपराधियों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी. इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो राउंड फायरिंग की. जिसके बाद अपराधी रोशन मुंडा ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया. इसके बाद पुलिस ने उसके मददगार संदीप मुंडा को भी गिरफ्तार कर लिया. जबकि उसका सहयोगी संदीप कालिंदी नाम का अपराधी फायरिंग करते हुए भागने में सफल रहा. बाद में पुलिस ने उसे सिल्ली से गिरफ्तार किया. पुलिस के साथ हुए एनकाउंटर में घायल अपराधी का नाम रौशन कुमार है।वह सुखदेवनगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

### दरोगा के आरोपी की तलाश हुई तेज

कांके थाना क्षेत्र से स्पेशल ब्रांच के दरोगा अनुपम कच्छप की हत्या के आरोपी के ढूंढने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। हालांकि एसएसपी ने कांके थाना प्रभारी निलंबित कर दिया है और नए सीरे से जांच की जा रही है। उम्मीद है कि आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे।

## नोवाक जोकोविच ने जीता पहला ओलंपिक गोल्ड मेडल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पेरिस ओलंपिक 2024 में नोवाक जोकोविच ने मेंस टेनिस एकल में कार्लोस अल्काराज को फाइनल में हराकर गोल्ड मेडल जीता। जोकोविच ने अल्कराज को सीधे सेटों में 7-6 (7-3), 7-6 (7-2) से हराया। वह टेनिस में सबसे उम्रदराज ओलंपिक चैंपियन भी बने। अल्काराज के पास टेनिस में सबसे कम उम्र के ओलंपिक विजेता बनने का मौका था, लेकिन वह चूक गए।अल्काराज के लिए शुरुआती सेट की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उन्होंने अपनी सर्विस को बनाए रखने के लिए एक ब्रेक पॉइंट बचाया। जोकोविच ने तीन ब्रेक पॉइंट हासिल किए, लेकिन अल्काराज ने स्कोर 2-2 कर दिया। अगले गेम में, अल्काराज के पास जोकोविच की सर्विस तोड़ने का मौका था, लेकिन जोकोविच ने अपनी सर्विस बनाए रखी। नौवां गेम पूरी तरह से रोमांचक रहा। जोकोविच ने पांच ब्रेक पॉइंट बचाए और आखिरकार अपनी सर्विस बचाई और स्कोर 5-4 कर दिया। अनुभवी खिलाड़ी ने कई बार खुद को बैकफुट धकेला, लेकिन खुद को बचाने का हर बार रास्ता निकाल लिया। यह गेम आखिरी समय तक चला, जब जोकोविच ने एक सेट पॉइंट हासिल किया, लेकिन अल्काराज ने इसे बचाकर टाई-ब्रेकर के लिए मजबूर कर दिया।


## जदयू में शामिल हुए विधायक सरयू राय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के पूर्व मंत्री सह निर्दलीय विधायक सरयू राय जदयू में शामिल हो गये. पटना में उन्होंने पार्टी का दामन थामा. जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद संजय कुमार झा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका स्वागत किया. इसको लेकर संजय कुमार झा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट डालते हुए लिखा है कि जदयू परिवार में आपका स्वागत है. झारखंड के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय जी को जदयू की सदस्यता दिलाई. जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उनका पिछले कई दशकों से व्यक्तिगत संबंध रहा है. मुझे विश्वास है सरयू राय के आने से झारखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी. इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री एवं जदयू के झारखंड प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार,राज्यसभा सांसद सह जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, विधान पार्षद संजय गांधी और प्रदेश महासचिव मनीष कुमार मौजूद थे.झारखंड जेडीयू के अध्यक्ष खीरू महतो ने बताया कि सरयू राय अपनी पार्टी के जदयू में विलय की घोषणा बहुत जल्द करेंगे.बता दें कि 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव के वक्त भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर सरयू राय ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को उनके ही जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में चुनौती दी थी और चुनाव भी जीतने में सफल रहे थे. इसके बाद उन्होंने भारतीय जन मोर्चा पार्टी का गठन किया था.

## हादसों में 17 की मौत



एजेंसी

**भोपाल-लखनऊ** : उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश में रविवार को हुए विभिन्न हादसों में 16 लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एमपी के सागर जिले के शाहपुर में मकान की दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत हो गई। आधा दर्जन बच्चे घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सागर जिला चिकित्सालय में कराया गया भर्ती। जानकारी के अनुसार शाजापुर में हरदौल मंदिर में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा था। इसी दौरान मंदिर परिसर के पास बने मकान की दीवार अचानक गिर गई। इसी दीवार के नीचे कई बच्चे दब गए। इनमें से नौ की मौत हो गई। सीएम मोहन यादव ने मृतकों के परिवार को 4-4 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया है।इधर उत्तर प्रदेश के इटावा में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर कार और बस के आपस में टकराने से दर्दनाक हादसा हो गया. इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई.टक्कर से बस अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे के बग़ल में गढ्ढे में जा गिरी, जिसमें अब तक कुल 7 लोगों की मौत हुई है.

वहीं कुछ यात्री घायल हुए हैं. बताया जा रहा है कि बस रायबरेली से दिल्ली की तरफ जा रही थी. इसी दौरान ये दर्दनाक हादसा हो गया. हादसे की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची. जहां पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर यात्रियों को बस से बाहर निकाला.

## झारखंड से पानी छोड़े जाने को लेकर ममता ने की मुख्यमंत्री सोरेन से बात, डीवीसी पर उठाए सवाल

एजेंसी

**कोलकाता :** झारखंड के बांधों से पानी छोड़ने के मुद्दे पर रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की और उनसे विचार करने का अनुरोध किया। बनर्जी ने कहा कि झारखंड से पानी छोड़े जाने के कारण पश्चिम बंगाल में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। ममता बनर्जी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से बात करके उनसे बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि टेनुघाट से अचानक और बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने से पश्चिम बंगाल में बाढ़ की नौबत है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह स्थिति की निगरानी कर रही हैं और जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत कर आवश्यक निर्देश दे रही हैं। उन्होंने कहा कि मैंने दक्षिण बंगाल और उत्तर बंगाल के सभी जिलाधिकारियों से बात की है और उन्हें अगले 3-4 दिनों में किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्क रहने और सभी एहतियाती उपाय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) झारखंड और पश्चिम बंगाल में कई जलविद्युत परियोजनाओं का संचालन करता है। डीवीसी ने रविवार सुबह



झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमा पर स्थित पंकेट और मैथन बांधों से 1.2 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा, जबकि शनिवार को 90 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। डीवीसी के मुताबिक झारखंड के टेनुघाट से पानी का प्रवाह कम होने की उम्मीद है, क्योंकि वर्षा में कमी आई है। डीवीसी मैथन के कार्यकारी निदेशक अंजनी दुबे ने कहा कि अब टेनुघाट से कम पानी छोड़ा जाएगा, क्योंकि वर्षा में कमी आई है। इसका मतलब है कि मैथन और पंकेट से भी कम पानी छोड़ा जाएगा। दुबे ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने नदियों की जल वहन क्षमता में सुधार किया है, जिससे वे अब 1.5 लाख क्यूसेक पानी संभाल सकती हैं, जो पहले 70 हजार क्यूसेक थी। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि अब बाढ़ का कोई खतरा है, वर्षा में कमी और पश्चिम बंगाल सरकार के अच्छे नदी खुदाई और जल प्रबंधन कार्यों के कारण, जो जल धारण क्षमता को लगभग दोगुना करके 1.5 लाख क्यूसेक तक पहुंचा दिया है।

## भारत लगातार दूसरी बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचा

एजेंसी

**पेरिस :** भारतीय हॉकी टीम ने क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को शूट आउट में हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है. लगातार दूसरी बार भारतीय हॉकी टीम ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंची है. टोक्यों ओलंपिक में भी भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी. शूट आउट में भारत ने ग्रेट ब्रिटेन को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली. इससे पहले फुल टाइम के समय स्कोर 1-1 की बराबरी पर थी. जिसके बाद मैच का फैसला पेनल्टी शूट आउट में गया, जहां भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार गोल दागकर भारत को जीत दिली दी. वहीं, भारतीय हॉकी टीम ने अपने ग्रुप चरण में भारतीय हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड, आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दर्ज की थी.आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारतीय हॉकी टीम ने इतिहास रच दिया था. ओलंपिक में 52 साल के बाद भारतीय हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया को हरा पाने में सफल रही थी. भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर 3-2 से जीत हासिल की थी.




इस ओलंपिक में भारत को बेल्जियम के खिलाफ 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था. दूसरी ओर ग्रेट ब्रिटेन की टीम ग्रुप स्टेज के अंत में पूल बी में तीसरे स्थान पर रही थी.

## कार से टकराकर गहरे गड्ढे में गिरी बस, छह की मौत, कई घायल

एजेंसी

**इटावा** : उत्तरप्रदेश के इटावा जनपद में थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर बीती देर रात रायबरेली से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस और कार में टक्कर होने के बाद बस अनियंत्रित होकर पचास फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। इस हादसे में बस और कार में सवार छह यात्रियों ने दम तोड़ दिया और करीब 12 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालकर उपचार के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती करवाया। हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी दुख जताते हुए जिला प्रशासन को घायलों का उचित तरीके से इलाज करवाने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रायबरेली से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस एक कार की टक्कर के बाद हादसे का शिकार होकर हाइवे के नीचे पचास फीट गहरे गड्ढे में गिर गई।



पांकी विधायक ने दूसरे दिन भी सिलाई मशीन का वितरण किया

# अगले बार समूह के सभी दीदियो को सिलाई मशीन देंगे : डॉ. मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर (पलामू)** : पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशि मेहता ने पांकी विधानसभा के सभी स्वयं सहायता समूह के बहनो को लगातार सिलाई मशीन और अंग वस्त्र अपने आवास मौर्य फार्म हाउस पर वितरण कर रहे हैं। इस बिच रविवार को भी पांकी प्रखंड के चार पंचायत ताल, रतनपुर, कोनवाई, और करार पंचायत के बहनो को सिलाई मशीन और अंगवस्त्र वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पांकी विधायक डॉ. मेहता ने कहा की पूर्व के जो विधायक हुआ करते थे उनसे आज तक महिलाओं को एक रुमाल तक नहीं दिया गया। महिलाएं सोचती थी कि विधायक मद की राशि से केवल रोड बनती है। और आप सब दीदियों को बता देता हूँ कि अभी तो एक समूह में एक सिलाई मशीन दिया जा रहा है लेकिन अगले बार समूह के सभी दीदियों को सिलाई मशीन वितरण किया जाएगा जिससे कि हमारी बहने आत्मनिर्भर हो सकेंगे। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रतिनिधि निर्मल मेहता, संजय चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि एवं मुखिया संघ अध्यक्ष मंदीप मेहता, बच्चन ठाकुर, शंकर शुक्ला, लाला प्रसाद यादव, मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया जी पासवान, दसु सिंह, महेंद्र कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, सूरज कुमार, दिलीप मेहता, संतोष वर्मा, प्रसिद्ध सिंह, पांकी मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, साधू मांझी, नीलम देवी, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, श्याम नंदन ओझा, शैलेंद्र सिंह, मंटू शर्मा, रंजय ठाकुर एवं अनेको भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस वाहन से घायल अविनाश ने रिम्स में तोड़ा दम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर** : नगर मुख्यालय के ब्लॉक के पास 10 जुलाई को पिपरा थाना के बोलेरो वाहन से अविनाश राम को धक्का लगने से जिससे पूरी तरह घायल हो गया था रिम्स में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। निधन से उसके माता पिता और दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सड़क दुर्घटना के बाद अविनाश राम का पूरा शरीर पैरालाइज्ड हो गया था। तात्कालिक इलाज पल्स अस्पताल में कराया गया था लेकिन पैसे के अभाव में उसे रिम्स में भर्ती कराना पड़ा जहां स्पाइनल कोड के ऑपरेशन के बाद अविनाश राम ने दम तोड़ दिया। मृतक के माता पिता ने बताया कि बरियातू थाना ने फर्द बयान लिया है, जिसमें बताया कि छतरपुर में उनका बेटा सीमेंट व्यव्सायी अमित जायसवाल के काम से बाइक से जा रहा था। उसी दौरान ब्लॉक रोड पर पिपरा थाना की गाड़ी ने धक्का मार दिया जिसके बाद वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों और ग्रामीणों ने दोषी वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए मुआवज़े की मांग की है। वहीं सूचना मिलने के बाद स्थानीय समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमून ने खैरादोह स्थित उनके घर मे जा कर परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

## भाजपा महिला मोर्चा का प्रदेश कोषाध्यक्ष बनी लवली गुप्ता, लोगों ने दी बधाई



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा महिला मोर्चा का प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर लवली गुप्ता का मनोनयन किया गया है। एसके पूर्व गुप्ता प्रदेश प्रवक्ता थी। लवली गुप्ता को प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर पांकी सहित पलामू के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देते हुए लोगों ने कहा कि लवली गुप्ता भाजपा का समर्पित कार्यकर्ता हैं। वे पार्टी के लिए कड़ी मेहनत करती हैं। कहा कि लवली गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी मजबूत होगी।

## आसेहार के कावरियों को विधायक प्रतिनिधि ने देवघर के लिए किया रवाना



**नीलांबर पितांबरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड पांकी ग्राम पंचायत आसेहार से कांवर यात्रा के लिए जा रहे बस को विधायक डॉ. मेहता के आवास नीलाम्बर पीताम्बरपुर मौर्या फार्म हाउस से पांकी विधायक डॉ.कुशवाहा शशिभूषण मेहता के निर्देशानुसार जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर ने कांवर यात्रा को रवाना किया। हर हर महादेव। जय शिव बोल बम जैसे नारे लगाए गए वहीं विधायक प्रतिनिधि ने कावरियों को यात्रा मंगलमय होने कि शुभकामनाएं दी।

## विधायक डॉ. मेहता ने हरी झंडी दिखाकर कांवरियों को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर (पलामू)** : पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड निलामबर पीताम्बरपुर ग्राम पंचायत कुन्दरी से सावन के पावन महीने के अवसर पर रविवार को बोल बम कांवरिया संघ के बैनर तले दर्जनों कांवरिया का जत्था देवघर, अयोध्या, बोधगया, सुल्तानगंज, तपोवन राजगीर विंध्याचल बनारस, सासाराम, ताराचंडी, चेगनवा धाम, बासुकीनाथ, के लिए रवाना किया। पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने इन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले पांकी विधायक डॉ. मेहता को जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता बसंत वर्मा तो संचालन कुंदरी पंचायत समिति पति विनोद राम ने किया। इस दौरान माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। बोल बम जय शिव जय शिव जैसे नारे लगे। कांवरिया संघ के सदस्य ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवरियों का जत्था देवघर के लिए पांकी विधायक डॉ. मेहता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कांवरियों को 11000 रु. सहयोग दिया, जिससे कांवरियों को यात्रा मंगलमय हो। मौके पर उपस्थित प्रतिनिधि निर्मल मेहता, कुन्दरी पंचायत के पंचायत समिति एवं भाजपा कार्यकर्ता विनोद राम, इस पंचायत के पूर्व पंचायत समिति प्रेम सागर माली, संतोष वर्मा, सुकुल पासवान, मिथिलेश महतो, अखिलेश चंद्रवंशी, प्रसिद्ध सिंह, जसवंत कुमार, पंकज कुमार, गुड्डू साव, अजीत कुमार, नरेश साव, सुरेश साव, सुनील साव, अमित साव, मनीष साव, वीरेंद्र साव अनेकों कांवरिया उपस्थित थे।

## रुद्र शुक्ला के शोकाकुल परिवार के साथ सदैव खड़ी है कांग्रेस पार्टी : राजेश ठाकुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर (पलामू)** : पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी युवा कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला की 85 वर्षीय दादी सूर्यमुखी देवी का निधन होने पर निधन के दूसरे दीन कांग्रेस पार्टी के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का आगमन युवा नेता रुद्र शुक्ला के पैतृक ग्राम नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के कमलकेड़ीया उनके घर पर हूआ। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शोकाकुल परिवार के बीच पहुंच कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरी शोक व्यक्त किया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने युवा नेता के दादा राधा शुक्ला से मिले और इस दुःख की घड़ी में उनको ढाढस बांधने को कहा। साथ ही कहा की मै और पूरी कांग्रेस पार्टी आपके परिवार के साथ सदैव खड़ी है।प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, आवास बोर्ड के झारखंड सरकार संजय पासवान, वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व कार्यकारणी प्रदेश अध्यक्ष मानस सिन्हा, पलामू जिला अध्यक्ष जेयश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण भारी संख्या में उपस्थित रहे। युवा नेता रुद्र शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर और पलामू जिला अध्यक्ष सहित सभी आए हुए वरिष्ठ कांग्रेसी जनो को इस दुःख के घड़ी में शामिल होने के लिए तहे दिल से आभार व्यक्त किया।

## आरपीएफ ने मोबाइल चोर को पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेजा

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ट्रेन नंबर 03312 (बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन ) से एक यात्री का मोबाइल फोन चुराकर भागते हुए एक चोर को आरपीएफ ने दबोच लिया। ऊंटारी रोड रेलवे स्टेशन पर क आरपीएफ जवान भगवान सिंह व आरक्षी आरके शर्मा आरपीएफ पोस्ट जपला प्लेटफार्म संख्या तीन पर निगरानी में थे। इसी बीच एक व्यक्ति को यात्री का मोबाइल झपट कर भागते देखा तो दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। इसी दौरान रानी देवी वहां पहुंच गई। बताया कि यह मोबाइल उससे लेकर यह उचक्का भाग रहा था। पकड़े गए उचक्के से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रोहित कुमार बताया। कहा कि वह हुसैनाबाद शहर के जपला रेलवे स्टेशन के पास का निवासी है। बाद में उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से तीन एंड्रायड मोबाइल फोन, दो मोबाइल चार्जर एवं 2500 रुपये नकद बरामद हुआ। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला में यात्री व आरक्षी भगवान सिंह की गवाही के साथ विधिवत जब्ती सूची बनाकर बरामद सामानों को उप निरीक्षक ने जब्त किया। मौके पर अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद गिरफ्तार व्यक्ति व जब्त के सामान को लेकर राजकीय रेल थाना डालटनगंज भेजा गया है। भुक्तभोगी यात्री प्रमोद भुइयां की पत्नी रानी देवी ग्राम राबदा टोली कुटुंबाडीह, थाना चैनपुर पलामू से लिखित शिकायत पत्र लिया गया।

## विश्रामपुर की जनता की मांग है कांग्रेस : अमृत शुक्ला



**विश्रामपुर,पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर से भाजपा विधायक को उखाड फेकने को लेकर आज बीमोड रिलायंस मार्ट के ऊपरी तल्ला पर कांग्रेस के नेताओं की एक अहम बैठक आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस के पलामू जिलाध्यक्ष जयेश रंजन पाठक सहित दर्जनो नेताओ ने भाग लिया सभी ने एक स्वर में बताया कांग्रेस विश्रामपुर विधानसभा की परंपरागत सीट रही है इसलिए कांग्रेस यहाँ से चुनाव जरुर लडेगी इसके लिए बुथ कमेटी मजबूत करने के लिए सभी प्रखंड अध्यक्ष को दिशा-निर्देश दिया गया है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जयेश रंजन पाठक ने बताया की विश्रामपुर से भाजपा को हटाना पहली प्राथमिकता है कार्यकर्ता एक एक भोटर से संपर्क कर विश्रामपुर विधायक के 10 वर्षो के कार्यकाल को जन जन तक पहुंचायें की विकास के नाम पर कैसे खेल हुआ हैं।वहीं कांग्रेस के सबसे सीनीयर नेता अमृत शुक्ला ने बताया की कांग्रेस विश्रामपुर की जनता की पहली पसंद है इसलिए इसबार कांग्रेस का विधायक विश्रामपुर में पंजा मजबूत करेगा।

## लक्ष्मी शिशु वाटिका स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद** : एक वृक्ष अपने नाम कार्यक्रम के तहत लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल जपला में बच्चों एवं शिक्षकों ने पर्यावरण को बचाने हेतु विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक शशिकेश कश्यप ने विद्यालय कर्मियों व छात्र-छात्राओं के साथ दर्जनों पौधे लगाया।साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्री कश्यप ने कहा की वृक्ष मानव जीवन का आधार है। प्रत्येक वर्ष गर्मी प्रचंड रूप धारण करती जा रही है। जिसका एक ही उपाय है। पेड़ लगाए। सभी अभिभावक एवं बच्चों से निवेदन है, कि अपने नाम का एक पेड़ अवश्य लगाएं। पेड़ है तो जीवन है। मौके पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं व शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

## सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर** : श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि व शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक नाम-जप, ध्यान, सत्यानु शरण ग्रंथ व नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया.संगीतांजली कार्यक्रम में गीता देवी, सत्यवंती देवी व धृतिसुन्दर लाल ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया.इष्टचर्चा करते हुये सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि ईश्वर के नाम की महिमा अपरंपार है.उस नाम का प्रभाव अर्थात ईश्वर के नाम के गुणों का वर्णन ईश्वर भी नही कर सकते हैं, इसीलिये तो श्रीरामचरितमानस महाकाव्य में लिखा है-राम न सकहि राम गुण गाई। उन्होंने वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर जी के द्वारा प्रदत्त सतनाम के बारे में बताते हुये कहा कि यह सतनाम सभी मनुष्यों को ग्रहण करना चाहिये. याजक राजकुमार दा ने श्री श्री बड़दा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि श्री श्री बड़दा का जीवन अपने पिता श्री श्री ठाकुर जी के प्रति समर्पित था। ऋ त्विक विजय नंदन सिन्हा ने सत्संग नगर देवघर के प्रधान प्रथम आचार्य श्री श्री बड़दा जी के महाप्रयाण तिथि के अवसर पर श्री श्री बड़दा जी को प्रणाम सह श्रद्धा सुमन समर्पित करते हुये कहा कि श्री श्री बड़दा वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर जी के आदेशों का पालन करने के लिये हमेशा तैयार रहते थे।

## जनता का आशीर्वाद मिला तो कार्य पूर्ण करुंगा : प्रभात दुबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर** : कांग्रेसी नेता प्रभात दुबे क्षेत्र के दौरा करते हुए लोगों की समस्या से भी रूबरू हो रहे हैं, उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बताया विश्रामपुर विधानसभा की जनता की हर समस्या की लड़ाई लड़ने वाला कोई नेता नही रहा, जो प्रमुखता के साथ विश्रामपुर विधानसभा की समस्या पब्लिक का आवाज बनकर क्षेत्र मे जूझ रहे किसान या आम जनता को समस्या से निजात दिला सके, उन्होंने बताया विश्रामपुर विधानसभा के लिए जब तक हमारे बाबा पूर्व विधायक चंद्रशेखर (ददई)दुबे चुनाव जीते रहे लोगों की हर तरह की समस्या का निराकरण विकास पर उनका ध्यान सदैव बना हुआ रहता था, कौरव जलाशय योजना जो क्षेत्र के लिए ज्वलंत मुद्दा है आम जनता की लाख मांग पर भी क्षेत्रीय विधायक को इस योजना से कोई लेना-देना नहीं, प्रभात दुबे ने जनता को भरोसा दिलाते हुए बोला आप सभी हमें आशीर्वाद देते हैं तो लबजी जलाशय योजना प्रथम दृष्टा में पूर्ण करने का कार्य करूंगा उनके साथ, डब्लू चौबे, मनोज शुक्ला, मनोज सिंह, तौकीर आलम, ललित कुमार चौबे, अवध किशोर चौबे, बेलाल अंसारी, अफरोज आलम समेत काफी संख्या में लोग सम्मिलित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद** : अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 10 अगस्त 2024 से 25 अगस्त 2024 तक चलाया जाएगा। बैठक में अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिन्हा ने सभी निजी अस्पतालों के संचालकों को विभागीय निर्देशों से अवगत कराया। कार्यक्रम की मुख्य बातों की जानकारी देते हुए बताया गया कि अभियान के दौरान दवा के प्रतिकूल प्रभाव से पीड़ित लोगों का इलाज सभी निजी अस्पताल निः शुल्क करेंगे और ईलाजरत लोगों का जो भी विपत्र होगा, उसका भुगतान विभाग से किया जाएगा। साथ ही निजी अस्पताल संचालक अपने स्तर से भी कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करेंगे। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.दीपक के अलावे प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, विंध्यवासिनी हॉस्पिटल, के.के. हॉस्पिटल, न्यू वनांचल हॉस्पिटल, उपकार आई हॉस्पिटल, आस्था हॉस्पिटल एवं आदर्श हॉस्पिटल आदि विभिन्न निजी अस्पतालों के संचालक मौजूद थे। इस सन्दर्भ में 05 अगस्त को सभी धर्म गुरुओं और मीडियाकर्मियों के साथ भी बैठक अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक का उद्देश्य फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना और जागरूकता फैलाना है। इस बैठक में लिए गए निर्णयों और योजनाओं से यह स्पष्ट है कि फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अस्पताल प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सभी संबंधित पक्षों के समन्वय और सहयोग से इस कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने में काफी मदद मिलेगी।

# डाल्टेनगंज में शुरू हुआ डिज्नीलैंड मेला

## देश भर के मशहूर चीजों का लगेगा स्टॉल : पवन-जितेंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : शहर के शिवाजी मैदान में लगने वाले डिज्नीलैंड मेला का उद्घाटन रविवार को विधायक आलोक चौरसिया ने फीता काटकर किया।वही मौके उपस्थित विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि मेला मनोरंजन का साधन है। मनोरंजन से सभी की मासिक थकावट दूर होती है। सभी को डिज्नीलैंड मेला में आकर यहां पर लगे झूले का आनंद लेने की आवश्यकता है।बताते चले की सावन के पावन महीने में शहर के शिवाजी मैदान में डिजनीलैंड मेला लगता है। जिसका पलामूवासी बेसब्री से इंतजार करते हैं। सावन में पलामू की बहन-बेटी रक्षाबंधन त्योहार के लिए अपने माता-पिता के घर भाई को राखी बांधने आते है। और यहां पर डिज्नीलैंड मेला में अपने परिवार के साथ मनोरंजन करते हैं। डिज्नीलैंड मेला पलामू जिले के लिए एक यादगार मेला है. यहां मीना बाजार से लेकर कई आकर्षक झूले हैं। इस बार शहर के लिए विशेष रूप से दो नए झूले लाए गए हैं। आयोजक पवन गुप्ता और जितेंद्र अग्रवाल ने बताया की डिज्नीलैंड में पहली बार सुनामी घूमने झूला टावर लाया गया है। जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा. इसके अलावा 26 सीटर टावर झूला, सम्राट बोट झूला, ब्रेकडांस, ड्रैगन ट्रेन, टोरा टोरा, मौत का कुआं सहित अन्य झूले लाये गये हैं. इसके साथ ही मीना बाजार में देश भर की मशहूर चीजों के स्टॉल लगाए जाएंगे। जिसमें सहारनपुर का फर्नीचर, आगरा के जूते, बनारस की साड़ियां, असम का बांस, कलकत्ता की जलेबी समेत अन्य स्टालों पर बिक्री होती है। बच्चों के लिए सबसे खास आकर्षण हैं मिकी माउस, थ्री-इन-वन झूला, ट्रेन और मिनी ट्रेन बच्चों के लिए उपलब्ध। उन्होंने बताया कि मेला में अलग-अलग प्रकार के झूले लगाए गए हैं। बच्चों के लिए मोटरसाइकिल समेत कई झूले हैं। जबकि मेले में सुनामी झूला लोगो के लिए आकर्षित का केंद्र बना हुआ है। वहीं उन्होंने बताया कि मेला की टाइमिंग शाम 3 से रात्रि 10 तक की होगी।साथ ही उन्होंने बताया की यह मेला एक तक चलेगा।इसके अलावा मेले में मनोरंजन के साधनों की कई चीजें लगाई गई है। मेले में भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही साथ चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और निजी गार्ड को भी लोगों के निगरानी में लगाया गया हैं। मौके पर दुर्गा जौहरी, मंगल सिंह, रूपा सिंह, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हम पार्टी झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव पर करेगी मंथन

**रांची :** रविवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रांची में संपन्न हुई। जिसमें पार्टी के मुख्य संरक्षक सह केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पांडेय सहित कई अन्य लोग हुए। संतोष सुमन ने कहा कि कार्यकारिणी की बैठक में कई अहम फैसले लिए गये हैं। आने वाले समय में दूसरे राज्यों में भी कार्यकारिणी की बैठक होगी। हम दूसरे राज्यों में अपने संगठन का विस्तार करेंगे। खासकर बिहार से सटे पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और झारखंड में। झारखंड में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव की संभावनाओं को भी हम तलाशेंगे।

### युवा कांग्रेस की बैठक संपन्न

**रांची :** रविवार को समय संध्या 5 बजे रांची परिसदन मे भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सन्नी के नेतृत्व एव पूर्व महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर की अध्यक्षता में सम्पर्न हुई ।झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार रवि ने बैठक की शुरुवात करते हुवे सभी साथियो का स्वागत करके कार्यक्रम का संचालन जमील अख्तर को सौपी। बैठक मे जो 25 वर्षो रांची की दुर्दशा हुई है उसको लेकर बैठक मे हिंदीपी?ी,चुटिया, किशोरगंज, लोअर बाजार, लालपुर, रातू रोड, अपर बाजार से आये हुऐ लोगो ने रांची मे साफ- सफाई, पानी-बिजली, रोड नाली,रांची की किल्लत को कैसे ठीक किया जाए इसमें चर्चा हुइ।

# हम झारखंड की छवि बेहतर बनाने में जुटे हैं और ये सरकार छवि खराब करने में : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** हम रांची सहित झारखंड राज्य की छवि बेहतर बनाने के लिए मेहनत कर रहें हैं , भाग दौड़ कर रहें हैं, ताकि हमारा झारखंड प्रदेश देशभर में बेहतर और विकसित प्रदेश कहलाएं। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस गठबंधन की सरकार हमारे झारखंड प्रदेश की छवि धूमिल करने में लगी हुई है। लगातार यहां छीनताई, लूट ,हत्या जैसी घटनाएं हो रही है । उक्त बातें रांची लोकसभा के सांसद और केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा । उन्होंने कहा कि महिला डीएसपी के साथ चेन छीनताई , वकील गोपी कृषणा की हत्या, स्पेशल ब्रांच के दरोगा अनुपम कच्छप की हत्या, पूर्व पार्षद वेद की हत्या यहां ना जनप्रतिनिधि सुरक्षित है, ना पुलिस ,ना कानून तो आम जनता का क्या हाल हो रहा है यह हमसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता है। राज्य की छवि लगातार धूमिल हो रही है और इससे राज्य सरकार को कोई चिंता नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि पठारी क्षेत्र रांची में बारिश से बाढ़ की स्थिति जैसी बन गई है । नगर निगम को इसका ध्यान नहीं है , लोग घरों में बंद हैं। वही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए झीरी में जो प्लांट लगाया गया है 150 मैट्रिक टन तैयार है, जिससे गैस बनेगा, लेकिन नगर निगम अपना काम तेजी से नहीं कर रहा है । हमने रांची को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार से लगातार योजनाएं ला रहे हैं और धरातल पर उतर रहे हैं , जरूरत है इसे तेजी से काम कराने की वह भी यहां नहीं हो रहा है। आगे उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत का सबसे बड़ा लाइब्रेरी रांची यूनिवर्सिटी के कैंपस में बनने जा रही है , 2025 में इसका उद्घाटन भी हो जाएगा। इस लाइब्रेरी में 5000 छात्र एक साथ बैठकर पढ़ सकते हैं, बच्चों के पढ़ाई के लिए भी व्यवस्था होगी और वृद्ध व्यक्तियों के लिए भी



यहां पर पढ़ने की व्यवस्था रहेगी। 3 एकड़ में बन रही इस लाइब्रेरी जी प्लस फाइव है ।

जहां हर तरह की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा ऐसी महिलाएं जो कामकाजी हैं , उसके लिए 200 बेड का हॉस्टल का भी निर्माण करने जा रहे हैं । इस पर भी कम होने जा रहा है। संजय सेठ ने आगे कहा कि हमने नमो पुस्तक की स्थापना की थी, 4 साल हो गए जिसमें 3,15, 647 पुस्तक लोगों ने लाकर दिये हैं , उन पुस्तकों को हमने करीब 2 लाख 96, 527 जरूरतमंद छात्र छात्राओं तक पहुंचाया। करीब 62000 घरों तक नमो पुस्तक को पहुंचाने का काम किया है। इसके अलावा नमो ट्रॉय यानी खिलौने की भी शुरुआत की और रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पिछ्ले 2 सालों में 80 हजार 356 खिलौने को करीब 48 पंचायत के 96 आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाया गया, जहां के बच्चे अब उन खिलौनों से खेल कर मुस्कुरा रहे हैं। अब मेरा तीसरा योजना यह है कि आने वाले ठंड के मौसम में जो आपका कंबल ,ऊनी कपड़े , जैकेट आपके छोटे हो जाते हैं तो उसे आप यूं ही फेंक देते हैं , उसे धोकर साफ करके एक थैली में पैक कर हमें दें, उल बैंक की पहल ठिठुरन मुक्त समाज की तैयारी हो रही है , जो जरूरतमंदों तक पहुंचाई जाएगी । उसकी दुआ आपको मिलेगी।

**सीपी सिंह ने कहाः** वहीं रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि हमारे पास जो आते हैं मैं उनके लिए काम करता हूं और आगे भी काम करता रहूंगा । जहां तक बरसात में जल जमाव को लेकर लोग सोशल साइट में फेसबुक पर हमें ट्रोल कर रहे हैं तो उन लोगों से मेरी अपील है कि सीवरेज ड्रेनेज की कल्पना हमसे पहले ही कर दी गई थी , हमारे पास जब यह प्लान आया तो हमने इसकी समीक्षा की और कई लोगों को डीबार भी किया है । आगे सिंह ने कहा कि रांची को अपराध मुक्त बनाने के लिए सबको मिलकर पहल करनी होगी।

# 100 बाल कांवरियों को रवाना किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कृष्णा नगर कॉलोनी से निकली बाल कावड़ यात्रा,मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने श्री शिव पार्वती की आरती उतार कर 100 बाल कांवड़ यात्रियों को रवाना किया। महुआ माजी ने शिव पार्वती की सजीव झांकी की आरती उतार कर नन्हे मुन्हें बाल कावड़ यात्रियों को पहाड़ी मंदिर स्थित महाकाल मंदिर के लिए रवाना किया।मौके पर शामिल हुए रांची शहर के विधायक सी.पी सिंह,भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश सिंह,भाजपा महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, राजेश गुप्ता छोटू,ललित ओझा,राजेश सिंह सन्नी सहित बाल कावड़ यात्रा में हरविंदर सिंह बेदी,नंद किशोर अरोड़ा,नरेश पपनेजा,हरीश अरोड़ा,पूर्व पार्षद अशोक यादव,पूर्व पार्षद प्रतिनिधि दिलीप गुप्ता,उज्ज्वल सिन्हा, कुमार राजा, संस्थापक नन्द किशोर सिंह चंदेल समिति के अध्यक्ष गुलशन मिढ्ढा, मुख्य आयोजक राजू काठपाल, महासचिव जीतू अरोड़ा, नरेश मक्कड़, अरुण जसूजा, मनीष मिढ़ा, विशाल अरोड़ा, भरत मुंजाल, पिया बर्मन, बिंदू, ललिता, अंजना एवं नीलम समेत अन्य शामिल हुए।

## एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने किया पौधरोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पौधरोपण और चल रहे मानसून के लाभों को ध्यान में रखते हुए, एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब, कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने नीम, पीपल और बरगद के पेड़ जैसे पेड़ लगाए, जो त्रिवेणी वृक्ष के रूप में लोकप्रिय हैं। इस अभियान का रेखा जैन, अध्यक्ष, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने मार्गदर्शन किया। डुंगरी गांव, रांची में त्रिवेणी पौधों का रोपण किया गया। इस कार्य में ग्राम पंचायत प्रधान और आशा होम, रांची के सदस्यों ने मदद की। इस अवसर पर, ग्राम प्रधान ने सभी महिला क्लब सदस्यों को धन्यवाद दिया। एक अन्य पहल के तहत स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब और आशा होम के सहयोग से एनटीपीसी सीएसआर के तहत सफल कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रशिक्षुओं को सिलाई और सिलाई कक्षाओं के दूसरे बैच में समापन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर अध्यक्ष रेखा जैन ने प्रमाण पत्र वितरण की पहल की और प्रशिक्षुओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष स्निग्धा माझी और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## याददाश्त ठीक करें गिरिनाथ सिंह : झामुमो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला प्रवक्ता कार्तिक पाण्डेय और रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा है कि रंका को अनुमंडल बनाने का श्रेय सिर्फ और सिर्फ झामुमो को जाता है। तत्कालीन मधु कोड़ा सरकार में उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री रहे झामुमो विधायक दल के नेता सुधीर महतो की अनुशंसा पर मधु कोडा कैबिनेट की अंतिम बैठक में रंका और जगन्नाथपुर को अनुमंडल बनाने पर मुहर लगी थी। नेताओं ने पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह को याददाश्त ठीक करने की सलाह दी है।

उन्होंने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा कि चार अक्टूबर, 2008 को तब के मुख्यमंत्री और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के द्वारा कर कमलों से रंका अनुमंडल और डंडा प्रखंड का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया गया है। उस समय सरकार के सहयोगी दल रहे राजद विधायक के तौर पर समारोह में उपस्थित रहने से कोई अनुमंडल और प्रखंड बनाने का श्रेय लेना चाहे तो यह काफी हास्यास्पद है। कहा, इस तरह के बयानों से अनुभवी नेताओं को बचना चाहिये। आदिम समाज बहुल्य भंडरिया, चिनियां, रमकंडा, बरगड के लोगों की सुविधा के लिए झामुमो ने 1998 से इसकी मांग शुरू कर दी है। अनुमंडल की मांग काफी पुरानी थी। इसकी मांग झामुमो नेता सुबोध कुमार और मो जुबैर ने गुरुजी शिबू सोरेन के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से भी की थी। बिहार मुख्यमंत्री सचिवालय में वो पत्र आज भी सुरक्षित है। ऐसे में एक विधायक रहे नेता का यह कहना कि रंका अनुमंडल और डंडा प्रखंड हमने बनाया, यह कहना उचित नहीं है।

## झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ की राज्य कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ की राज्य कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक आज सामुदायिक भवन डोरंडा में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता राजाध्यक्ष साथी शिवनारायण महतो ने किया तथा संचालन साथी निताय चंद्र महतो ने किया। बैठक की शुरुआत में दिवंगत साथी मुकेश पासवान को मौन श्रद्धांजलि दिया गया। इसके बाद अध्यक्षीय भाषण में शिवनारायण महतो ने की। बैठक के विषय प्रवेश कराते हुए वर्तमान में कार्यरत वनरक्षियों का प्रधान वनरक्षी के पद पर लंबित प्रोन्नति में विलंब, वनपाल के 50 प्रतिशत पद को काटकर इसकी सीधी नियुक्ति की सरकार की योजना और राशन मनी, वर्दी भत्ता, जोखिम भत्ता तथा परिवहन भत्ता पर सरकार का ढुलमुल रवैये पर रोष व्यक्त करते हुए इसके लिए आंदोलन करने का आह्वान करते हुए कार्यरत वनरक्षियों की जीवन बीमा अविलंब उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही राज्य सरकार द्वारा संघ तथा संघ के मांगों की अनदेखी करने पर सरकार को चेतावनी दिया कि कर्मचारी संघ राज्य सरकार और कर्मचारियों के बीच का सेतु के रूप में कार्य करती है लेकिन आंदोलन की चेतावनी लगभग 40 दिन पूर्व देने के बावजूद भी संघ के पत्राचार पर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया। इसलिए अब याचना नहीं रण का समय आ गया है। इस बैठक में राज्य कार्यकारिणी के महामंत्री, उपाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री, जोनल अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों के अलावे सभी जिला अध्यक्ष तथा जिला-मंत्रियों ने भाग लिया।

## मईयां सम्मान योजना अंतर्गत आवेदन एवं ऑनलाईन इन्ट्री की प्रक्रिया बिलकुल निःशुल्क है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के अन्तर्गत 21 वर्ष से 50 वर्ष की अहर्त्ताधारी महिलाओं को लाभ देने हेतु 03.08.2024 से राँची जिले के सभी प्रखण्डों के सभी पंचायतों में एवं शहरी क्षेत्र के सभी वार्डो में कैम्प आयोजित की गई है। जो 10.08.2024 तक प्रातः 08.00 बजे पूर्वाह्न से 08ः00 बजे अपराह्न तक लगातार कार्य करेगी। इसके बाद भी प्रज्ञा केन्द्र के माध्यम से भी आवेदन भरा जा सकता है। सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि आयोजित कैम्प में आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात सहित आवेदन जमा कर सकते हैं।

**इस पर रखे ध्यानः** झारखण्ड की निवासी हो, आवेदन के समय महिला 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी हो तथा 50 वर्ष से कम आयु की हो, आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता हो। वर्तमान में जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी इस योजना का लाभ दिसम्बर-2024 तक उठा सकते है, लेकिन इस अवधि के पश्चात् आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु बैंक खाता का आधार लिंक्ड कराना अनिवार्य होगा, आवेदिका का मतदाता पहचान पत्र हो, आवेदिका का आधार कार्ड हो, आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना कार्ड (पीला रंग का राशन कार्ड) / पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी रंग का राशन कार्ड)/ राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड) / हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो, आवेदिका का रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो, पात्रता संबंधी घोषणापत्र, उक्त योजना के लिए निम्न स्थानों / व्यक्तियों से आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है-।संबंधित क्षेत्र के आंगनबाडी सेविका संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी शहरी क्षेत्र के वार्ड पार्षद इसके अतिरिक्त विभाग के वेवसाईट jharkhand.gov/wcd एवं जिला के वेवसाईट www.ranchi.nic.in पर आवेदन पत्र अपलोड है जहाँ से आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही आवेदन पत्र का छायाप्रति भी मान्य है।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा एवं प्रबुद्ध लोगों की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड के प्रभारी भोला सिंह की अध्यक्षता में बीजेपी एस सी मोर्चा एवं प्रबुद्ध जनों की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में भाजपा एस सी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड के प्रभारी भोला सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्य योजना के बारे में प्रदेश पदाधिकारियों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने सभी प्रदेश पदाधिकारियों से कहा है कि झारखंड के सभी अनुसूचित जाति छात्रावास में जाकर छात्रों से मुलाकात कर उनकी सूची बनाने, प्रदेश के सभी सामान्य छात्रावास में भी एस सी छात्रावास में जाकर सभी विधानसभा क्षेत्र के छात्रों से जुड़कर उनकी समस्याओं से रूबरू होना और पार्टी के नीति सिद्धांत के बारे में उन्हें जानकारी देते हुए भाजपा के साथ जोड़ने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी बस्ती में जाकर अनुसूचित जाति के लोगों से उनकी बातें सुनकर एवं उनकी समस्याओं से रूबरू होने के का निर्देश दिया गया है।

प्रदेश पदाधिकारी को संबोधित करते हुए भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री भोला सिंह ने सभी पदाधिकारियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम करने, मां के नाम से पेड़ लगाना, प्रदेश के सभी छात्रावास एवं कॉलेज में जाकर वृक्षारोपण करना, सभी प्रदेश पदाधिकारी को जिले में जाकर कर टोली बनाना शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि 12 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक प्रदेश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा पर माल्यार्पण करना और स्थानीय लोगों से मुलाकात करना शामिल है। इसके अलावा 15 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में सभी स्कूलों एवं कॉलेज में प्रदेश पदाधिकारी की सहभागिता का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने प्रदेश पदाधिकारी से कहा की झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रमों को तैयार करना है और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी और संगठन को सशक्त और मजबूत बनाना की जिम्मेदारी दी गई है।

# हॉकी झारखंड के अधिकारियों व टाटा स्टील खेल विभाग के बीच हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** हॉकी झारखंड कार्यालय में हॉकी झारखंड के अधिकारियों और टाटा स्टील स्पोर्ट्स विभाग के बीच एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य विषय राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सीनियर राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन करना । और बैठक में यह तय किया गया कि यह आयोजन 25 अगस्त से 29 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जाएगा। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से 27 पुरुष टीम और 26 महिला टीम भागीदारी दी जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह , सीईओ रजनीश कुमार, विभूति अडेसरा स्पोर्ट्स हेड, संजीव कुमार मैनेजर स्पोर्ट्स, अनन्य लिप्पी असिस्टेंट मैनेजर स्पोर्ट्स टाटा स्टील और गुरमीत सिंह राव, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनटीएचए उपस्थित थे।

## वर्कशॉप में पीसीआर पुलिसकर्मियों को दी जानकारी

**रांची :** रांची पुलिस लाइन में रविवार को पीसीआर वैन के पुलिसकर्मियों के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में पीसीआर वैन के पुलिसकर्मियों को किसी घटना की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने और सही तरीके से वर्दी पहनने को लेकर जानकारी दी गयी। इसके अलावा पीसीआर और हाईवे पेट्रोलिंग के पदाधिकारी, सिपाही और चालक को 112 के कॉल में रिस्पॉन्स टाइम को कम करने, टैब को सही तरीके से चलाने और पेट्रोलिंग करने को लेकर ब्रिफिंग किया गया।

# मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी भाकपा : रामकृष्ण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक राज्य परिषद की दो दिवसीय आदिवासी महासभा के महासचिव पशुपति कॉल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से नवनिर्वाचित झारखंड के नए रामकृष्ण पांडा, पूर्व सांसद रमेद्र कुमार, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक उपस्थित थे । सर्वप्रथम भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव झारखंड प्रभारी अतुल कुमार अंजन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किये। उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड के नए प्रभारी रामकृष्ण पांडा ने राष्ट्रीय परिषद की बैठक की रिपोर्टिंग करते हुए कहा की तीसरी बार मोदी की सरकार जरूर बन गई, लेकिन 400 पार की दावे खोखले साबित हुए। लोग मोदी को सत्ता से हटाना चाहते थे, लेकिन इंडिया गठबंधन की सही




गठबंधन नहीं करने के कारण तीसरी बार केंद्र में मोदी की सरकार बन गई। अब झारखंड के विधानसभा के चुनाव में मजबूती से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को लड़ाई में उतरना है और किसी भी परिस्थिति में विधानसभा जीतने के लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं को टिप्स दिया। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि राज्य में जल ,जंगल, जमीन की हिफाजत की लड़ाई भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लड़ रही है, हजारीबाग जिले के बड़का गांव में अदानी कॉल ब्लॉक को रद्द करने, चतरा शिवपुर कठौतिया माइंस में बैठे धरनाको फैसला कर समाप्त कराने और आगे की आंदोलन को विकसित करने के लिए कहा। बैठक में रामकृष्ण पांडा, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, पूर्व सांसद रमेद्र कुमार, राज्य सचिव महेंद्र पाठक,राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, महादेव राम, कन्हाई मल पहाड़िया, पशुपति कॉल, के डी सिह, किसान सभा के महासचिव पुष्कर महतो, इम्तियाज़ खान, ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के महासचिव अशोक यादव, लखन लाल महतो, बनवारी साह गणेश महतो रुचिर तिवारी, कृष्ण कुमार मेहता, अजय कुमार सिंह, प्रकाश रजक, जितेंद्र सिंह, गणेश प्रसाद सिंह,,राजेंद्र यादव,स्वयंवर पासवान, इंद्रमणि देवी, सोनिया देवी, सुरेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे और 20-25 सीटों पर चुनाव लड़ने पर विचार हुई।

# हमें साझा समाज में रहने का हुनर सीखना चाहिए : इबरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूरे राष्ट्रीय स्तर में चरणबद्ध तरीके से चल रहे मुसलमानों के प्रति हिंसा और घृणा अभियान के विरुद्ध राज्यस्तरीय बैठक पगमिल, हजारीबाग में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता माही व साझा मंच के कन्वेनर इबरार अहमद ने की जबकि मंच संचालन माही के प्रवक्ता मुस्तकीम आलम ने किया। इस बैठक में चिंता जाहिर की गयी कि सुनियोजित तरीके से मुस्लिम बच्चों के खिलाफ साजिशें रची जा रही है और उन्हें बिना कारण, बिना जाँच पड़ताल के उन्हें जेलों में भेजा जा रहा है। मुस्लिम बच्चियों के खिलाफ एक चक्रव्यूह रचा जा रहा है जहाँ से निकलना




आसान नहीं है। बच्चियां स्कूलों,कॉलेजों,कोचिंग संस्थानों और बाजारों से गायब कर दी जा रही है, उनका शारिरिक शोषण किया जा रहा। इस बात पर बैठक में गहरी चिंता जाहिर की गई है और कहा कि लोग अपने बच्चियों की निगरानी और मार्गदर्शन करें। बैठक की अध्यक्षता करते हुए माही व साझा मंच के संयोजक इबरार अहमद ने कहा कि समस्यायें केवल बाहरी नहीं है बल्कि समस्यायें हमारे भीतर भी हैं। उन्होंने कहा कि साझा समाज मे रहने का हुनर भी हमे सीखने की जरूरत है। समाज मे विभिन्न संस्कृतियों के लोग रहते हैं, हमे उनका सम्मान करना चाहिए। वक्ताओं में नेसार अहमद, मोहम्मद सैफ अली, वसीम खान उर्फ टिंकू, अधिवक्ता इजहार हुसैन, तस्लीम अंसारी, पूर्व प्रमुख कटकमसांडी बाबर अंसारी, सोनू इराकी, जिशान अहमद, अधिवक्ता ऐहसान खान, पलामू के संजर नवाज, कोडरमा के डॉक्टर जावेद अख्तर, बरही के तस्लीम अंसारी वगैरह शामिल थे।

## सैंया भए कोतवाल के साथ पत्रकार कला मंच का दो दिवसीय नाट्य महोत्सव संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाई- भतीजावाद की नीति अपनाकर कोई भी व्यक्ति लम्बे समय तक राज नहीं कर सकता है। व्यवस्था में भ्रष्टाचार के बलबूते पांव जमाने वाले लोग जब फंसते हैं, तो कोई भी उनकी मदद के लिए नहीं आता। ऐसा ही कुछ रांची के पत्रकार कला मंच चैरिटेबल के कलाकारों ने हास्य व्यंग नाटक 'सैंया भए कोतवाल' का मंचन कर अपना अभिनय दिखाया। यह महोत्सव पत्रकार कला मंच और सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड भारत सरकार का एक उपक्रम/ कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुसांगिक कंपनी के संयुक्त तत्वावधान द्वारा आयोजित 3-4 अगस्त को दो दिवसीय नाट्य महोत्सव पावस जिसका आयोजन रांची के सीएमपीडीआई स्थित मायुरी प्रेक्षागृह में किया गया। थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों की मदद के लिए यह आयोजन किया गया है। बसंत सबनीस द्वारा लिखित मराठी नाटक %माझी विच्छा पूरी करा% का हिंदी रुपांतरण है जिसका अनुवाद उषा बैनर्जी ने किया है उक्त नाटक का मंचन किया गया। नाटक में भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए दिखाया कि काबिल लोगों की बजाय सत्ता में भ्रष्ट लोग जो अपने स्वार्थ के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। तमाशा शैली में मंचित नाटक में सूर्यपुर नगर की कहानी को दिखाया गया। मंच पर बेवकुफ राजा एएसआरपी मुकेश, कोतवाल की भूमिका में संदीप नाग, हवलदार की भूमिका में शिवांग और सिपाही परवेज कुरैशी ने अभिनय की अनूठी छाप छोड़ी। वहीं मैनावती शर्मिष्ठा ने अपनी अदाओं से हवलदार, सिपाही, कोतवाल के साथ साथ दर्शकों को बांधे रखा, तो ऋषभ गौतम ने सख्या की भूमिका को संभालते नजर आये। प्रधान अमरजीत ने निभाया। निर्देशन मृदुला और संगीत निलय सिंह ने दिया। कोरस में बसंत शर्मा, सुमंत सिंह, वर्षा कुमारी, आकाश प्रधान, उपेंद्र शंखवार पार्श्व गायक- निलय सिंह, वर्षा कुमारी, वादक- सुकांतो राज रवि, बांसुरी, बसंत शर्मा।

# विधानसभा की विशेष समिति का खूंटी दौरा

## परिसदन भवन में विभागीय पदाधिकारियों संग बैठक कर संचालित कार्यों की समीक्षा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** झारखण्ड विधानसभा की विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) अपने एक दिवसीय दौरे पर आज खूंटी पहुंचे, खूंटी पहुंच विशेष समिति के सभापति, मथुरा प्रसाद महतो की अध्यक्षता में परिसदन भवन के सभागार में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों संग बैठक किया गया। बैठक के प्रारंभ में उप विकास आयुक्त द्वारा झारखण्ड विधानसभा की विशेष समिति का खूंटी जिला आगमन को लेकर स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया। बैठक की कार्रवाई प्रारंभ करते हुए महतो ने विभागों द्वारा संचालित कार्यों एवं योजनाओं की गहन समीक्षा किया। प्राप्त अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय पदाधिकारियों से जानकारी लिया एवं कई आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से हर घर नल योजना के तहत हाउसहोल्ड कनेक्शन एवं अन्य संचालित कार्यों की जानकारी ली गई। महतो द्वारा विभाग के निर्देशानुसार निर्धारित समय पर कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं पाइपलाइन बिछाने के क्रम में जुडको द्वारा जगह-जगह पर सड़कों को छतिग्रस्त किए जाने को लेकर जानकारी ली गई, सभापति द्वारा जुडको के प्रतिनिधि को पाइपलाइन बिछाने के पश्चात सभी सड़कों की अच्छे से मरम्मती करने का निर्देश दिया गया, जिससे आमजनों को आवागमन की समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए आमजनों को समस्या ना हो इसलिए पाइपलाइन बिछाने के पश्चात यथा शीघ्र सड़कों की अच्छे से मरम्मती की जाए। वहीं हर पंचायत 10 चापाकल लगाने संबंधी योजना की भी जानकारी ली गई। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि योजना के तहत 60प्र कार्य पूर्ण कर लिया गया है, बारिश के मौसम को देखते हुए वर्तमान में योजना को कुछ समय के लिए बंद रखने का निर्देश विभाग से प्राप्त हुआ है। बारिश के मौसम के पश्चात शेष बचे 40प्र कार्यों को भी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। योजना के तहत किए जाने वाले डीप बोरिंग के संबंध में भी तकनीकी जानकारी लेते हुए सभापति द्वारा आवश्यक सुझाव दिए गए।

### विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने भाजपा कार्यालय खूंटी में की प्रेस वार्ता

# केंद्र की उपलब्धियों को गिनाया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** देश के इतिहास में दूसरी बार ऐसा हुआ है कि किसी प्रधानमंत्री ने लगातार तीसरी बार सत्ता संभाली हो। देश के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में विश्वास जताते हुए उनके नेतृत्व वाली सरकार को ऐतिहासिक रूप से तीसरे कार्यकाल के लिए चुना है। सरकार की नीतियों के प्रति जनता के समर्थन, आस्था और विश्वास को कायम रखने के लिए प्रधानमंत्री मोदी भी देश के किसान, महिला, दलित पिछड़े सहित हर वर्ग और समुदाय के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत इस वर्ष के बजट में यह साफ झलकता है। यह बातें खूंटी के विधायक और भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने रविवार को भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। विधायक ने कहा कि इस वर्ष के बजट में सभी के लिए भरपूर अवसर का सृजन करने के लिए नौ क्षेत्रों में विशेष जोर दिया गया है। इनमें कृषि में उत्पादकता और अनुकूलनीयता, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा और संरचना नवाचार अनुसंधान और विकास तथा अगली पीढ़ी का सुधार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्यतः चार समूह गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अन्नदाता के लिए सरकार ने एक महीना पहले सभी मुख्य फसलों के लिए उच्चतर न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करके लागत पर कम से कम 50प्र मार्जिन देने के वादा को पूरा किया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है, जिससे 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होगा। विधायक ने कहा कि इस बजट में विशेष रूप से रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

# खिजरी विधायक ने किया मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर का उदघाटन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने नामकुम प्रखण्ड के सिठियो पंचायत एवं नगड़ी प्रखंड के चेटे पंचायत भवन में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना निबंधन शिविर में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक राजेश कच्छप, प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत, प्रमुख मटुवा कच्छप, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, मुखिया रेणु बाला मिंज ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा की आज का दिन खुशियों का दिन है, उत्सव मनाने का दिवस है. हमारी सरकार राज्य की आधी आबादी नारी शक्ति को सशक्त, मजबूत, आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्येक महीने एक हजार मतलब साल के बारह हजार रुपया देगी यानी की हर पंचायत को 40 लाख रुपया देगी. सरकार की महाकांक्षी योजनाओं में आखरी व्यक्ति तक को लाभ मिल रहा है। सरकार मां और बहनों को सामान सम्मान दे रही है. मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत ने कहा की सरकार की इस योजना को बेहतर तरीके से क्रियान्वन करने में हमारी पूरी टीम लगी हुई है और हम लोगों की यह पूरी प्रयास है की सरकार जिस उद्देश्य के साथ इस योजना की शुरुआत की है जिन लोगों के लिए शुरूआत किया है उन लोगों को यह लाभ पहुंच सके उसके लिए हमारी पूरी टीम दिन रात मेहनत करेगी और हर वर्ग हर समूह और आखिरी पंक्ति तक की आखिरी महिलाओं तक इस योजना का लाभ पहुंचाने का काम करेगी। चेटे पंचायत की एक एक गांव की महिलाओं ने एक स्वर में सीएम हेमंत सोरेन और विधायक राजेश कच्छप के प्रति आभार प्रकट किया और कहा की हम ग्रामीण महिलाओं के लिए यह एक हजार रुपया छोटी छोटी चीजों में बेहद मददगार साबित होगा। उद्घाटन शिविर में नगड़ी प्रखंड प्रमुख मटुवा कच्छप, जिला परिषद पूनम देवी, चेटे पंचायत की मुखिया अनूबाला मिंज पंचायत सचिव अनिल महतो, समाज सेवी माधो कच्छप, पंचायत समिति सदस्य दुर्गा पूर्ति, के. एल. सोनी, शैलेंद्र मुंडा, सुरेश मिंज, रौशन, मिंज, बजरंग महतो और दर्जनों सामाजिक अगुआ उपस्थित थे।

## डॉ. परमेश्वर भगत ने किया हाथी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता


**चान्हो :** प्रखंड के बेयासी पंचायत अंतर्गत ग्राम कंजगी में हाथियों का एक बड़ा झुंड ग्रामीण क्षेत्रों में घुसकर घरों और फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इस घटना से प्रभावित परिवारों में हाहाकार मचा हुआ है। पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनके दुःख को साझा किया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर घर एवं फसलों के नुकसान का जायजा लिया और राहत कार्यों की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. भगत ने सरकार और संबंधित विभागों से त्वरित सहायता की मांग की है। उन्होंने स्थानीय निवासियों को आश्वस्त किया कि उनके साथ हर संभव मदद की जाएगी। पीड़ित परिवारों को आर्थिक और सामाजिक सहायता देने के लिए डॉ. भगत ने हाथी भागाओ संघर्ष समिति का गठन किया। हाथियों के आक्रमण से बचाव के लिए उचित उपायों की मांग भी उठाई गई है। डॉ परमेश्वर भगत ने सुरक्षा और राहत कार्यों एवं हाथियों के आक्रमण से बचाव के लिए तत्कालिन सहायता के तौर पर तीन ड्रैगन टॉर्च का वितरण किया। साथ ही इन्होंने स्थानीय प्रशासन से वार्ता कर तत्काल कदम उठाने की अपील की। इन्होंने वन विभाग से आए हुए कर्मचारियों को निर्देश दिया की यथाशीघ्र विभाग के वरीय पदाधिकारीयों को सूचित करते हुए सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था करने की कारवाई की जाए। अंत में डॉ परमेश्वर

## जलंगा में जेबीकेएसएस का बैठक सम्पन्न



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति जेबीकेएसएस का बैठक जलंगा में रविवार प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण पहान की अध्यक्षता में किया गया. बैठक में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय महासचिव दीपक महतो एवं सनी संदीप तिग्गा उपस्थित थे.सिमडेगा जाने के क्रम में गोविंदपुर रोड,जलंगा बिरसा चौक में वरीय महासचिव दीपक महतो ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इसी बीच चाय की चुस्की के साथ बैठक में संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गयी. जिसमें प्रखंड कमेटी, पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटियों का गठन अति शीघ्र करने का संकल्प लिया गया.खूंटी जिला एवं कर्रा, तोरपा, बानो रनिया सिमडेगा कोलेबिरा बसिया क्षेत्र के युवा एवं छात्र अति उत्साह के साथ संगठन में जुड़ रहे हैं कार्यकर्ताओं को आगे भी जोर-शोर से संगठन विस्तार करने के लिए प्रेरित किया साथ ही कहा आने वाला दिन हमारा होगा.बैठक में गोविंद गोप, विष्णु महतो, प्रदीप महतो,बलित राम महतो, सुमित कुमार गुप्ता, विजय हजाम,संजय हजाम बजेंद्र महतो के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिप उपाध्यक्ष व प्रखंड प्रमुख ने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बंता गांव के कालिंदी टोला में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी व प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने संयुक्त रूप से किया। निर्माण कार्य विधायक निधि की राशि से किया जाना है। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीणों की पुरानी मांग आज पूर्ण हुआ है। विधायक सुदेश कुमार महतो द्वारा क्षेत्र में विकास को गति देने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस भवन के निर्माण होने से सभी वर्ग लाभान्वित होंगे। वहीं प्रमुख ने कहा कि विकास कार्यों में यदि कोई समस्या आती है तो उसका प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। उन्होंने लोगों को निर्माण कार्य में सहयोग करने की आग्रह किया तथा संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की निर्देश दिया। इस मौके पर पुर्व उप प्रमुख प्रफुल्ल कुम्हार, पुर्व मुखिया शुशील सिंह मुण्डा, प्रविन कोइरी, जयंत भगत, निरंजन राम, अनुप भाई महतो, लखि राम मुखियार, घनेश्याम कालिंदी, विशेश्वर कालिंदी, महावीर कालिंदी, प्रदीप कालिंदी, एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## भू-मापक अमीन सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सर्व शिक्षण जन सृजित सेवा संस्थान हजारीबाग झारखंड द्वारा 60 दिनों का भू - मापक अमीन सर्वे का प्रशिक्षण उप केंद्र सिल्ली में दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 35 अभियार्थी ने भाग लिया। इस भू - मापक अमीन प्रशिक्षण में जगत पाल महतो, अमुल्य रतन बेदिया, कार्तिक चन्द्र महतो, आलोक मंडल,मेघनाथ सिंह मुंडा, महादेव चौधरी, जितेंद्र प्रसाद महतो, बिमल घटवार, नरेश महतो, रहीना महतो, देव कुमार महतो, रतनसिंह, संजीव कुमार महतो, विशाल नायक, प्रदीप कुमार महतो, कुलदीप कुमार महतो, इत्यादि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। सभी प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षक गोविंद मंडल द्वारा भू - मापक अमीन सर्वे प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही सभी के उज्वल भविष्य की कामना की।

# कर्रा में विश्व आदिवासी दिवस मनाने की तैयारी को लेकर विशेष बैठक का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कर्रा :** प्रखंड के मिशन मोड़ बगीचा में रविवार को नौ अगस्त को धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मनाने कि तैयारी को लेकर जिता मिंज कि अध्यक्षता पर विशेष बैठक किया गया. बैठक का संचालन जय मंगल सिंह मुंडा ने किया.

बैठक में बताया गया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पारित प्रस्ताव में वर्णित जनाधिकार के प्रति विश्व आदिवासी दिवस से जागरुकता विकसित किया जा सके. नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर सभी गांव लोग अपने-अपने खोड़हा मंडली के साथ हाई स्कूल मैदान एकात्रित होगें. जहां विश्व आदिवासी दिवस के लिए चयनित प्रखंड संचालन समिति द्वारा सभी ग्राम प्रधान, पड़हा राजा, मानकी, पहान, सामाजिक अगुवा व बुद्धि जिवी वर्ग के लोगों को सम्मानित किया जाएगा. जिसके बाद सभी लोग अपने-अपने खोड़हा मंडली के गाजा-बाजा के साथ परम्परागत लोक नृत्य करते सामुहिक रूप से जुलूस के रूप में कर्रा मस्जिद चौक से थाना चौक होते हुए ब्लॉक कैम्पस पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा. जिसके फिर से जुलूस कर्रा चौक डाकघर मिशन बगीचा होते पोस्ट ऑफिस रोड़ से हाई स्कूल मैदान पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तन हो जाएगा. जहां जल-जंगल- जमीन, अपनी अस्तित्व व अस्मिता को बचाने, पारंपरिक वेश-भूषा व कला सांस्कृतिक को बढ़ाने के प्रति वक्ताओं द्वारा विशेष जानकारी दिया जाएगा. विश्व आदिवासी दिवस को सफल बनाने हेतू प्रखंड संचालन समिति में जय मंगल मुंडा, जिता मुंडा, शिबू होरो, विमल होरो, जोसेफ होरो, सुशील तोपनो, शंको पहचान, बिरसा संगा, दुखिया संगा, प्रेम होरो, जोसेफ हेरेंज का चुनाव किया गया।

## मूसलाधार वर्षा से आम जनजीवन अस्त व्यस्त, घरों में घुसा पानी व घर भी गिरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** मूसलाधार वर्षा से आम जनजीवन अस्त व्यस्त,घरों में घुसा पानी घर भी गिरा लगातार हो रहे वर्षा से 24 घंटे से अधिक समय तक बिजली रही गुल रही। गुरुवार रात से हुई भारी बारिश से यहां का जनजीवन प्रभावित हो गया है। मुख्यालय से जोड़ने वाली सुलुमजुडी सड़कें बदहाल हो गई है, वहीं गांवों में खेत लबालब भर गए हैं। सिल्ली लूपुंग में अमर अग्रवाल के घरों में पानी भर जाने से परेशानी का सामना करना पड़ा।

बीते गुरुवार की रात 11 बजे मूसलाधार बारिश शुरू हुई थी। करीब डेढ़ घंटे तक मूसलाधार बारिश के बाद फिर रुक-रुक कर रात भर बारिश होती रही, वहीं दूसरे दिन शुक्रवार को भी सुबह मूसलाधार बारिश हुई। जो रुक-रुककर दिन भर होती रही। बारिश के चलते शहर की कई सड़कों का बुरा हाल हो गया है।लगातार बारिश होने के कारण हजम में छोटू चित्रकार के मकान गिर गया। मकान गिरने की सूचना मिलते हैं सिल्ली वीडियो रेणु वाला गांव पहुंची तथा छोटू चित्रकार के परिवारों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उनके साथ कृषि पदाधिकारी कमलाकांत महतो मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा शामिल थे। सिल्ली मुरी आस पास गावों में धान रोपाई का कार्य प्रारंभ हो गया है। गांव में महिला एवं पुरुषों का समूह हाथ में धान का विचड़ा लिए खेतों में पहुंच रहा है। वे धान रोपाई के कार्य में जुटे हुए हैं। कृषि विभाग कृषि पदाधिकारी कमलाकात महतो ने बताया कि इस वर्षा से 50 प्रतिशत अधिक धान रोपाई का कार्य पूर्ण हो जाएगा।

# पौधों से मित्रता पर्यावरण संरक्षण का आधार : सकलदीप भगत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में मित्रता दिवस( फ्रेंडशिप डे )के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की तरह पर्यावरण संवर्द्धन और संरक्षण के लिए जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण एवं पौधा वितरण किया गया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित कि गई साथ ही फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए ।इस मौके पर संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि परिवार, समाज और पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है, इसलिए पौधों को सच्चा मित्र बनाएं। पौधों से मित्रता पर्यावरण संरक्षण का आधार है।इस अवसर पर निदेशक द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच पर्यावरण बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए जागरूक किया और वृक्ष से होने वाले फायदे को भी बताये गये। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा पेड़ पौधे भी हमारे सच्चे मित्र होते हैं अतः इस दिन पौधे को मित्र बनाए और जीवन में हरियाली लाएं।इस दौरान संस्थान की छात्रा साक्षी, सौम्या, मुस्कान एवं खुशी ने भाषण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। कुछ छात्रों को एक-एक पौधा उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आरजू एवं प्रियंका ने किया। मौके पर सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## बारिश से कई कच्चे घर हुए जमीनदोज



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में बारिश से कई कच्चे घर गिर गये। वही बारिश के बाद चवरा दोन में पानी भरने से किसान कर रहे जम के धान रोपनी। लगातार बारिश से जहां धान रोपनी के लिये पानी वरदान है, तो तैयार सब्जी की फुलगोभी, फ्रेचबिन, करैला व टमाटर के सहित कई फसल को क्षति में पहुंचायी है। इधर बारिश से डोरंडा पंचायत के सेरो गांव में संजय राम व चंद्रमणी देवी कारीटोली में बसतारत अंसारी के कच्चा घर गिर गया। नेहालू पंचायत के रोगाडिह मे करचंद कुजूर का कच्चा घर गिर गया। पंचायत के मुखिया बिरेन्दर ने मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। इधर जामटोली पंचायत के महरू गांव में एतवा स्वासी का ढाबा और कोठा घर गिर गया। घर के छप्पर, लकड़ी व दिवाल के मिट्टी से घरेलू उपयोग के समान दब कर बरबाद हो गया। वही घर गिरने के दौरान छप्पर के लडकी की चरमराने की आवाज सुन पत्नि को लेकर किसी तरह एतवा निकल कर जान बचाई। निकले ही घर धराशाई हो गया। वही गांव के रंथू गोप का भी कच्चा घर के एक हिस्सा छतिग्रस्त हो गया। पीड़ित परिवारो से मिल कर पंचायत के मुखिया लक्ष्मी कोया ने मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया।

## दो दिनों में मात्र 15 आवेदन ऑनलाइन हो पाया



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में झारखंड मुख्यमंत्री मैईया सम्मान योजना के सैकड़ों लाभुक का सर्वर डाउन होने के कारण एक भी आवेदन ऑनलाइन नही किया जा सका। जबकि सैकड़ो आवेदन प्राप्त हुआ है। इस संबंध में प्रज्ञा केंद्र संचालक ने बताया कि पोर्टल का लिंक खुलता है परंतु आगे की प्रक्रिया नही हो पा रही है। सॉफ्टवेयर में तकनीकी गड़बड़ी के कारण आगे का प्रोसेस नही हो पा रहा है। ज्ञात हो कि प्रखंड के सभी पंचायतों में 3 अगस्त से मुख्यमंत्री मैंईया सम्मान योजना के लाभुकों का आवदेंन जमा की जा रही है।और यह प्रक्रिया 10 अगस्त तक चलेगा. पर जिस तरह से सॉफ्टवेयर में आई गड़बड़ी की वजह से ऑनलाइन आवेदन नहीं हो पा रही है. इससे राज्य सरकार के एक महत्वपूर्ण योजना को धरातल में उतरने सपना कहीं सपना ही बन रह ना जाये.

## मांडर में मुखिया संघ के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी शामिल हुए



**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड के सरवा पंचायत की मुखिया प्रभा किसपोट्टा के निलंबन के विरोध में जारी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में रविवार को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी शामिल हुए इस उन्होंने मुखिया के निलंबन को गैर संवैधानिक बताते हुए कहा कि यहां किसी के इशारे पर पदाधिकारी कम कर रहे हैं जो आने वाले समय में बड़ा नुकसान लोगों को देगा। ज्ञात हो की मांडर विधानसभा क्षेत्र के पांचो प्रखंड के मुखिया संघ ने वर्तमान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के खिलाफ अबूवा आवास जैसे योजनाओं में हस्तक्षेप का आरोप लगाया जा चुका है। साथ ही वर्तमान विधायक हमारे हर तरह के कामकाज में हस्तक्षेप करने का काम करती है जो पंचायती राज अधिनियम के खिलाफ़ है। इस तरह का कार्यकलाप झारखंड के किसी भी विधायक के द्वारा नही किया जाता है। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष व पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर,सन्नी टोप्पो व अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को जेल

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना थाना प्रभारी द्वारा एक नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में पॉक्सो एक्ट के तहत एक युवक को गिरफ्तार कर सरायकेला न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार ईचागढ़ थाना क्षेत्र के बिस्टाटांड़ गांव में अपने रिश्तेदार के यहां आई हुई रांची जिला के तमाड़ थाना क्षेत्र की एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर व शादी का झांसा देकर यौन शौषण करने के मामले में 12 जुलाई को तमाड़ के किशनपुर निवासी राजकिशोर महतो पर ईचागढ़ थाना में मामला दर्ज कराया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही रांची जिला के तमाड़ क्षेत्र के किशनपुर गांव निवासी 19 वर्षीय राजकिशोर महतो फरार हो गया था। वहीं जिले के पुलिस कप्तान मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की अहले सुबह रांची से राजकिशोर महतो को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि नाबालिग लड़की किसी शादी समारोह में बिस्टाटांड़ गांव अपने रिश्तेदार के यहां आई हुई थी। वहीं पर राजकिशोर महतो भी पहुंचे थे और चोरी छिपे झाड़ी के अंदर नाबालिग लड़की को ले जाकर दुष्कर्म करते वक्त ग्रामीणों ने पकड़ लिया था। लेकिन वह रात के वक्त अंधेरे का फायदा उठाकर किसी तरह ग्रामीणों के गिरफ्त से भागने में सफल हो गया था। लड़का के भागने के बाद थाना में मामला दर्ज कराया गया था। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से ही वह घर से फरार चल रहा था और गुप्त सूचना के आधार पर रांची में एक ठीकाने पर छापेमारी करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



## मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया सभा मंच का उद्घाटन

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को कदमा शहीद निर्मल महतो समाधि मैदान में बने सभा मंच का राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक बन्ना गुप्ता ने विधिवत पुजा अर्चना के साथ उद्घाटन किया। इस अवसर पर ईचागढ़ विधायक सबिता महतो, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्वर्गीय सुधीर महतो की पुत्री सहित सैकड़ो कांग्रेस और झामुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि स्वर्गीय निर्मल दा के समाधि मैदान में हर वर्ष कई बड़े कार्यक्रम वर्षों से आयोजित होते आए हैं, जिसमें अस्थाई रूप से मंच का निर्माण होता था, उसी को देखते हुए स्थाई मंच का निर्माण किया गया है।




## जुंबा डांस और चाकलेट खिलाकर मनाया गया फ्रेंडशिप डे

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** फ्रेंडशिप डे के मौके पर रविवार को एक्टिव फॉरेवर संस्था की ओर से मरीन ड्राइव स्थित बिंदल माल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर की दर्जनों महिलाओं को जुंबा-जुंबा डांस से उन्हें स्वस्थ रहने का टिप्स दिया गया। साथ ही सभी को चाकलेट खिलाकर एक-दूसरे को फ्रेंडशिप डे की बधाई दी गई। एक्टिव फॉरेवर के सुशांत सिंह और अपराजीता ने फ्रेंडशिप डे का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आजकल भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास एक-दूसरे के लिए समय नहीं है। सभी अपने आप में व्यस्त हैं लेकिन इसी में समय निकालकर लक्ष्य भी प्राप्त करना है और लोगों को समय भी देना है। इसके लिए स्वस्थ रहना अति-आवश्यक है। सुशांत सिंह ने कहा कि महिला हो या पुरुष, स्वस्थ रहना सभी के लिए जरूरी है। जुंबा डांस को अपनाकर हर कोई स्वस्थ रह सकता है। इस अवसर पर प्रशिक्षक उषा गोप, दीप सिखा, ज्योति, कविता, सोनिया, सोनाली, नीलम आदि उपस्थित थीं।



## सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में चलाया गया नशामुक्ति अभियान

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को सिदगोड़ा थाना शांति समिति एवं थाना प्रभारी के संयुक्त नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। जिसमें समाजसेवी रानी गुप्ता एवं काफी संख्या में थाना शांति समिति के सदस्यों के अलावा स्थानीय नागरिक शामिल हुए। सिदगोडा थाना क्षेत्र में युवा और किशोर वर्ग में नशा का प्रचलन बढ़ा है। जिसके कारण थाना क्षेत्र में अपराध की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। इससे लोगों में परेशानी बढ़ी है, चिंता का विषय बना हुआ है। शांति समिति के सक्रिय सदस्यों की विशेष पहल पर किशोर एवं युवा लोगों में नशा के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलने का निश्चय किया।इसके तहत आज सुबह 10 बजे से थाना क्षेत्र में पदयात्रा निकाल कर लोगों को नशा के विरुद्ध जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में थाना प्रभारी के अलावा थाना परिवार और शांति समिति के सदस्यगण जिनमें मुख्य रूप से केंद्रीय शांति समिति, समाजसेवी एवं अन्य लोग शामिल हुए।



## झामुमो नेता अजय रजक ने खिलाड़ियों को दिया फुटबॉल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो दलित मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी नेता अजय रजक ने रविवार को जमशेदपुर प्रखंड की देवघर पंचायत में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टीटू मेमोरियल फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को दो फुटबॉल प्रदान किया। अजय ने बताया कि पिछले दिनों क्षेत्र भ्रमण के क्रम में खिलाड़ियों ने उनसे मुलाकात कर फुटबॉल की मांग की थी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द खिलाड़ियों को जर्सी भी उपलब्ध करवा देंगे। मौके पर टीम के उत्तम महतो, धनेश कर्मकार, तारा महतो, माखन सिंह, कार्तिक दास ,दुर्गा मंडल, विनोद कर्मकार, रोहित दास, सुशील खलको, मनोज गुप्ता व तपन राज आदि उपस्थित थे।



## 65 मुस्लिम तीर्थ यात्रियों का दल अजमेर शरीफ-फतेहपुर सिकरी-आगरा के लिए रवाना

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार के मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत पूर्वी सिंहभूम जिला के 65 सदस्यीय मुस्लिम धर्मावलंबियों (अटेंडर सहित) के जत्थे को अजमेर शरीफ-फतेहपुर सिकरी-आगरा तीर्थ यात्रा हेतु प्रातः 8:30 बजे समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी सह पर्यटन नोडल पदाधिकारी अविनेश त्रिपाठी एवं पर्यटन सूचना केंद्र, जमशेदपुर के प्रबंधक प्रियंका तिरु ने तीर्थ यात्रियों के सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामना देते हुए हरी झंडी दिखाकर रांची स्थित हटिया रेलवे स्टेशन के लिए बस को रवाना किया। रांची से तीर्थ यात्रियों का दल रेल मार्ग द्वारा अजमेर शरीफ-फतेहपुर सिकरी-आगरा प्रस्थान करेगी। सात दिवसीय तीर्थ यात्रा 4 अगस्त से होकर 10 अगस्त को समाप्त होगी। झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित तीर्थ स्थल दर्शन हेतु ऐसे नागरिकों को शामिल किया गया है जो झारखंड के निवासी हैं, उनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है, वे बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आते हैं तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं। तीर्थ यात्रियों के लिए झारखंड टूरिज्म डिपार्टमेंट कॉर्पोरेशन और जिला प्रशासन पूर्वी सिंहभूम की ओर से पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।



## आदित्यपुर में आयोजित प्रवीण सिंह स्मृति सेवा संस्था के शिविर में 820 लोगों ने किया रक्तदान

➤ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** प्रवीण सिंह स्मृति सेवा संस्था की ओर से रविवार को फ्रेंडशिप डे पर आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में कुल 820 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का आयोजन आदित्यपुर के भगवती एन्क्लेव सामुदायिक भवन में किया गया था। रक्तदान करने वाले लोगों की भीड़ सुबह के 8 बजे से ही लगी हुई थी जो शाम के 5.15 बजे तक चली। शिविर का शुभारंभ केंद्र सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की ओर से किया गया था। वे समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने समारोह में कहा कि किसी भी व्यक्ति की अहमियत जीवित रहते पता नहीं चलता है। उनके जाने के बाद उनका आभास होता है। उन्होंने समाजसेवी स्व. प्रवीण सिंह का उदाहरण देते हुए कहा कि वे एक शख्सियत थे। इसका उदाहरण रक्तदान शिविर से पता चल रहा है। इस काम के लिए उन्होंने ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह के बारे में कहा कि वे अपने छोटे भाई के लिए अनुकरणीय काम कर रहे हैं। अरविंद सिंह अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि उन्होंने खुद 32 सालों तक रक्तदान किया है। रक्तदान करने से शरीर को किसी तरह का नुकसान नहीं होता है। बल्कि शरीर के शिथिल पड़े सेल्स में जान आ जाती है। 48 घंटे के भीतर शरीर में नई उर्जा का प्रवाह होता है। खूब भूख लगने लगती है।

प्रवीण सेवा संस्था के संरक्षक ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने रक्तदान करने आए दूर-दराज के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज रक्तदान के प्रति ग्रामीण और शहरी दोनों जगहों के लोग जागरूक हो गए हैं। इसी का उदाहरण है कि रक्तदाताओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

**महिला रक्तदाताओं का भी दिखा उत्साह :** शिविर में महिला रक्तदाताओं का भी उत्साह देखते ही बन रहा था। बताया गया कि 25 फीसदी महिलाओं ने भी अपनी भागीदारी दी है। बारिश के बावजूद लोग रक्तदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निकले हुए थे।



## कांग्रेस पार्टी के सहयोग से आयोजित मेगा मेडिकल एवं पेंशन शिविर का सैकड़ो लोगों ने लाभ उठाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस के अंतर्गत विद्यापतिनगर, हरि मंदिर सामुदायिक भवन में मेगा हेल्थ चेकप कैंप एवं सहायता शिविर का आयोजन जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य रूप से बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी उपस्थित हुए। पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने आयोजन की प्रशंसा की। जिसमें सर्वजन पेंशन योजना के तहत 112 जरूरतमंद लोगों का फॉर्म भरा गया। साथ ही सर्वजन पेंशन के अंतर्गत समाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन भरवाने वालों की तादाद काफी संख्या में रही। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित चिकित्सकों सहित सपोर्टिंग स्टाफ दल की देखरेख में सहायता शिविर में 126 लोगों की जांच कर दवा दी गई। मेडिकल कैंप में बस्ती के काफी लोगों ने लाभ उठाया। इसमें हृदय रोग, दांत, कान, नाक, सांस, अर्थो, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज सहित विभिन्न प्रकार की बीमारियों से संबंधित चेकअप के साथ-साथ दवा एवं सलाह भी लोगों ने लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने चिकित्सकों के दल का स्वागत एवं सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में सामंता कुमार, अविनाश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, निहाल सिंह, शत्रुघन सिंह, रानी राव, रंजीत झा, सन्नी सिंह, सचिन कुमार, निखिल तिवारी , हरिहर प्रसाद, कुमार गौरव, सुशील घोष, गुरूपदो गोराई, स्वामी बाबा, प्रसेनजीत सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सेवा तथा सहायता के कार्य में लगे हुए थे। मेडिट्रीना हॉस्पिटल आदित्यपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर के टीम में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पार्थो चौधरी, फिजिशियन डॉ. एम खान, जेनरल मेडिसिन /शिशुरोग डॉ. सुनील सिंह, संजीव नेत्रालय, डेंटल डॉ. बी एस सुमन, डॉ. दृष्टि, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हीना, ब्लड शुगर/ब्लड प्रेशर टेस्ट, ईसीजी टेक्नीशियन टीम के द्वारा 29 लोगों की जांच, कैंप कोडिनेटर डॉ. राजेश राव मुख्य रूप से शामिल हुए।




## साईं आंचल सोसाइटी के लोगों का फूटा बिल्डर के खिलाफ गुस्सा

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के बिको मोड़ के समीप टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग से सटे साईं आंचल सोसाइटी के लोगों ने बिल्डर पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोसाइटी के निवासियों द्वारा रविवार को हंगामा मचाते हुए बिल्डर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। लोगों ने बताया कि बिल्डर दीपक मंगलम द्वारा उनसे सुविधाओं को लेकर जो वादा किया गया था वह अभी तक पूरा नहीं किया गया है जिससे सोसाइटी में रहने वाले 216 परिवार प्रभावित हैं। बताया कि सात वर्ष बीतने के बाद भी सोसाइटी में न तो रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाया गया है और न ही जुस्को की बिजली मुहैया कराई गई है। इसके अलावा दूसरा लिफ्ट भी अबतक शुरू नहीं किया गया है। इन सुविधाओं की मांग जब भी बिल्डर से किया जाता है तो उनके द्वारा टाल दिया जाता है। सोसाइटी के लोगों ने इस बाबत कानून की शरण में जाने की बात कही। इस मामले में बिल्डर दीपक मंगलम से बात करने पर उन्होंने बताया कि फ्लैट अभी हैंडओवर नहीं किया गया है उसमें अभी कुछ काम बाकी है जिसे आगामी दिसंबर माह तक पूरा कर दिया जाएगा। फ्लैट हैंडओवर होने के बाद उन्हें सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।



## सावन माह की अमावस्या पर जुगसलाई शनिदेव मंदिर में शिव चर्चा आयोजित

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सावन माह की अमावस्या पर रविवार को जुगसलाई दुखु मार्केट के पास रेलवे लाइन किनारे स्थित शनिदेव मन्दिर में धार्मिक अनुष्ठान शिव चर्चा का आयोजन हुआ। इस दौरान जुगसलाई नया बाजार निवासी सुमन गुरु बहन के नेतृत्व में 21 महिला श्रद्धालुओं द्वारा भोलेनाथ के गीतों को गाया गया। गीत के माध्यम से शिव के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा गया कि शिव हमारे गुरु हैं। महिलाओं की टीम द्वारा सुबह-सुबह ले शिव का नाम, शिव आएंगे तेरे काम.... जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को झुमने पर मजबूर कर दिया। आयोजन स्थल पर महिला शिव भक्तों की खासी भीड़ देखी गई। इस धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत भगवान भोलेनाथ के पूजन से हुआ। इस अवसर पर दामोदर शनि बाबा ने शिव के गुरु स्वरूप पर चर्चा की। परिचर्चा के उपरांत सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने भाग लेकर दामोदर शनि बाबा का आशीष ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। इसे सफल बनाने में महंत दामोदर बाबा, ज्ञानी शर्मा, अशोक शर्मा, मनोज पुरिया, अरविंद मिश्रा, विष्णु सोनकर, अरूण गोयल, अमित सोनकर, प्रेम महाराज, अरूण दूबे, श्यामा चरण झा, धनजंय सिंह, मिन्टे सिंह व प्रतिमा मिश्रा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बाइक व ऑटो की टक्कर के बाद ऑटो के पलटने से उसपर सवार सीडीपीओ समेत कई घायल

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता)** टाटा-कांड्रा मार्ग पर गम्हरिया के टीचर्स ट्रेनिंग मोड़ के समीप रविवार को ऑटो और बाइक के बीच हुई टक्कर में गम्हरिया की सीडीपीओ सुरुचि प्रसाद, सुपरवाइजर राधा देवी समेत एक अन्य महिला घायल हो गईं। इस घटना में बाइक सवार को भी चोटें आईं। मौके पर मौजूद पूर्व पार्षद सोनू सिंह की मदद से सभी घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सीडीपीओ को बेहतर इलाज के लिए टीएमएच भेज दिया गया। बताया जाता है कि उक्त घटना में सीडीपीओ के दोनों हाथ टूट गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीडीपीओ झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के काम से कार्यालय जा रही थी। इसी दौरान यह घटना घटी। सीडीपीओ, सुपरवाइजर व अन्य एक महिला ऑटो में सवार होकर गम्हरिया की ओर जा रही थी। इसी क्रम में टीचर्स ट्रेनिंग मोड़ के समीप एक बाइक के साथ ऑटो की टक्कर हो गई जिससे ऑटो पलट गई और उसमें सवार यात्रियों के साथ बाइक सवार भी घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अदित्यपुर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

## साकची अग्रसेन भवन में मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा का रंगीलो सावन उत्सव आयोजित

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजस्थानी संस्कृति को बचाये रखने और उसे बढ़ावा देने को लेकर मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में आयोजित रंगीलो सावन आयो रे (सावन उत्सव) में रंग-बिरंगी राजस्थानी ड्रेस में मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने राजस्थानी गीतों पर झूमती-थिकरतीं सावन उत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर राजस्थानी थीम पर लोक नृत्य, मारवाड़ी गीत, सावन क्वीन, रॉयल जोड़ी आदि प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इससे पहले सुरभि शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल के नेतृत्व में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गणेश वंदना के नृत्य से उत्सव शुरू हुआ। अतिथि के रूप में जया गांधी, निशा गुप्ता, आशा चौधरी, अन्नू प्रसाद, सुमन नागेलिया उपस्थित थे। कार्यकम में सौजन्यकर्ता के रूप में अशोक चौधरी एवं सुमन नागेलिया का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यकम का सफल संचालन एंकर अदिति द्वारा किया गया।

## सोपोडेरा में कुम्हार समाज के लोगों ने किया विधायक मगंल कालिंदी का अभिनंदन

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुम्हार समाज के उत्थान एवं अन्य स्थानीय समस्याओं के निराकरण हेतु प्रजापति विकास संघ के द्वारा एक सामाजिक सभा का आयोजन रविवार को सोपोडेरा स्थित महावीर उत्सव भवन में किया गया। इस सभा में प्रजापति समाज के सैकड़ों महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। संघ के अध्यक्ष ने सभा के मुख्य अतिथि एवं स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी को गुलदस्ता भेंटकर तथा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने संघ द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों का वर्णन विस्तार से विधायक के समक्ष प्रस्तुत किए। विधायक ने संघ द्वारा किये जा रहे समाजिक कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। साथ ही साथ समाज को हर संभव मदद देने का वादा किया। उन्होंने प्रजापति समाज के विकास हेतु भवन निर्माण के लिए अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में झामुमो नेता भरत सिंह, जीतेन्द्र सिंह व मिथुन चक्रवर्ती भी शामिल हुए। संघ के संस्थापक व वरिष्ठतम सदस्यों भुनेश्वर प्रजापति व परन पंडित ने अपनी उपस्थिति से इस आयोजन की गरिमा बढ़ाई। सभा मंच का सफल संचालन विश्वनाथ प्रजापति ने किया। संघ के अध्यक्ष रामस्वरूप प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## जमशेदपुर बागवानी समाज की बैठक में आगामी वार्षिक फूल शो की तैयारियों पर चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर बागवानी समाज की 8वीं वार्षिक आम बैठक रविवार को एसएनटीआई सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत एचएसजे की अध्यक्ष सुमिता नुपुर के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने समाज की अध्यक्ष रुचि नरेंदरन, समाज के संरक्षक चाणक्य चौधरी और उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में पहली बार भाग ले रहे 37 नए सदस्यों को विशेष मान्यता दी गई। श्रीमती नुपुर ने पिछले वर्ष की गतिविधियों के मुख्य अंश साझा किए, जिसमें वार्षिक फूल शो में 70 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति और ÷गार्डन ऑफ द ईयर÷ प्रतियोगिता की सफलता का उल्लेख किया, जिसमें 87 प्रतियोगियों ने भाग लिया और एक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। जुबली पार्क में नए एचएसजे कार्यालय का उद्घाटन भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था, जो टाटा स्टील और टाटा स्टील यूएसआईएल के सहयोग से संभव हो पाया। श्रीमती नुपुर ने संरक्षक चाणक्य चौधरी को उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। आगे की योजनाओं के बारे में बताते हुए श्रीमती नुपुर ने समाज की योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसमें 41वीं अखिल भारतीय गुलाब सम्मेलन सह गुलाब शो और 34वें वार्षिक फूल शो का आयोजन शामिल है। एचएसजे का प्राथमिक लक्ष्य जमशेदपुर में हरित क्रांति को बढ़ावा देना और शहर के निवासियों के लिए हरियाली को बढ़ाना है। योजनाबद्ध कार्यक्रमों में जनवरी के पहले सप्ताह में ÷गार्डन ऑफ द ईयर÷ प्रतियोगिता, नवंबर-दिसंबर 2024 में गुलाब उद्यान का उद्घाटन, एचएसजे कार्यालय के पास लैंडस्केपिंग, वार्षिक पारिवारिक पिकनिक, विश्व पर्यावरण दिवस उत्सव, माली के लिए कार्यशालाएं और गुलाब उद्यान का रखरखाव शामिल हैं। महासचिव अनुराधा महापात्रा ने सचिवीय रिपोर्ट प्रस्तुत की और बिपिन कुमार ने ऑडिट रिपोर्ट पढ़ी। रुचि नरेंदरन ने समाज की उपलब्धियों और क्षेत्रीय बागवानी को बढ़ावा देने के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष ने 34वें वार्षिक फूल शो (29 दिसंबर से 1 जनवरी 2025) की तिथियां घोषित कीं और 34वें वार्षिक फूल शो के कार्यक्रम और ब्रोशर का अनावरण किया। 41वीं अखिल भारतीय गुलाब सम्मेलन सह गुलाब शो (29 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024) के कार्यक्रम का अनावरण भी किया गया। उन्होंने श्री बरेन मैती के योगदान के लिए धन्यवाद दिया और सफल कार्यक्रमों के आयोजन में सहयोग के लिए कार्यकारी सदस्यों को धन्यवाद दिया। समाज के उपाध्यक्ष बरेन मैती और समाज के संयुक्त सचिव असवानी श्रीवास्तव ने शो की प्रगति और मैदान के लेआउट का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। अनुराधा महापात्रा ने यह भी घोषणा की कि एचएसजे ने 2023 में 3री मच ट्यूब्यूल में प्रथम पुरस्कार जीता।




## डिमना लेक से पुलिस ने बरामद किया अज्ञात युवक का शव

**पटमदा :** बोड़ाम थाना की पुलिस ने रविवार दोपहर स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर भादुडीह चेक नाका के पास स्थित डिमना लेक से लगभग 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। बरामद शव के बारे में आसपास के लोगों से पूछताछ की गई पर किसी ने भी शव को पहचानने से इनकार कर दिया। पुलिस आसपास के थाना से भी गुमशुदगी के बारे में भी पता लगा रही है। थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह का कहना है कि बरामद शव आखिर किसका है, परिवार वालों का पता लगाए जाने के बाद ही बताया जा सकता है कि आखिर युवक यहां किसके साथ आया था और उसकी मौत कैसे हुई ?

## जमशेदपुर में वॉकथॉन के सफल आयोजन ने वास्कुलर रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वास्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया ने टाटा स्टील के सहयोग से रविवार को जमशेदपुर में नेशनल वास्कुलर डे के अवसर पर एक वॉकथॉन का आयोजन किया। ÷अंप्यूटेशन फ्री वर्ल्ड÷ थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य वास्कुलर रोगों की रोकथाम और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, जो कि अंगों को काटने से संबंधित मुख्य कारणों में से एक हैं। जमशेदपुर में पहली बार आयोजित हुए इस वॉकथॉन की शुरुआत सुबह 6 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के मेन गेट से हुई, जिसमें 2.5 किलोमीटर की दूरी तय की गई। कार्यक्रम को टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ टाटा स्टील के सेफ्टी, हेल्थ और सस्टेनेबिलिटी के वाइस प्रेसिडेंट राजीव मंगल, टाटा वर्कर्स यूनियन के डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह, टाटा स्टील के मेडिकल सर्विसेज के जनरल मैनेजर और वास्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सदस्य डॉ. सुधीर राय, टीएमएच के वास्कुलर सर्जन और वास्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सदस्य डॉ. प्रशांत रमण, मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के डीन और प्रोफेसर ऑफ फोरेंसिक मेडिसिन डॉ. जी प्रदीप कुमार, टीएमएच के वरिष्ठ प्रबंधन और कर्मचारी आदि मौजूद थे। इस आयोजन में लगभग 300 उत्साही प्रतिभागियों ने भाग लिया जो इस उद्देश्य के प्रति समुदाय का मजबूत समर्थन दर्शाता है। डॉ. सुधीर राय ने कहा हम इस वॉकथॉन के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करते हैं । वास्कुलर रोग, जो शरीर की रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करते हैं, भारत में एक प्रमुख स्वास्थ्य समस्या हैं, और ये सभी अंगों को काटे जाने के 40-50 प्रतिशत मामलों का कारण होते हैं। जोखिम कारकों में धूम्रपान, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और उच्च रक्त कोलेस्ट्रॉल शामिल हैं। वॉकथॉन का उद्देश्य आम जनता को वास्कुलर रोगों के जोखिम कारकों, लक्षणों और उपलब्ध उपचारों के बारे में शिक्षित करना था।



संपादकीय

# बेरोजगारी की इंटर्नशिप

**बजट** का सबसे महत्वपूर्ण और आकर्षक प्रस्ताव है-युवाओं की इंटर्नशिप। यह एक व्यापक वोट बैंक भी साबित हो सकता है। यह ऐसा प्रशिक्षण भी साबित हो सकता है, जिससे बेरोजगारी कम होने लगे, लिहाजा रोजगार बढ़ता जाए। इस परियोजना के तहत भारत सरकार 500 बड़ी कंपनियों को छांटेगी। पांच साल के दौरान 4.10 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वायदा किया गया है। कंपनियां हर साल 20 लाख युवाओं का कौशल विकसित करेंगी। इस तरह 5 साल के दौरान कुल एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के जरिए हुनरमंद किया जाएगा। इंटर्नशिप के दौरान कंपनियां 5000 रुपए प्रति माह का भत्ता देंगी और एकमुश्त 6000 रुपए भी देंगी। बजट में इस कार्यक्रम के लिए 2 लाख करोड़ रुपए का आवंटन रखा गया है। बेरोजगारी से लडने और निरंतर रोजगार-सृजन की यह महत्वपूर्ण परियोजना बताई जा रही है। बेरोजगारी सबसे अहम समस्या और चुनौती है, यह आम चुनाव के जनादेश से स्पष्ट हो चुका है। भाजपा को इस बार अकेले ही स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं हुआ है। केंद्र में गठबंधन सरकार जारी है। बहरहाल इंटर्नशिप की पात्रता आयु 21-24 साल है। कई और शर्तें लगाई गई हैं, जो व्यावहारिक नहीं हैं। उनके कारण बेरोजगारी उन्मूलन का लक्ष्य अधूरा ही रह सकता है। पहला यथार्थ तब सामने आएगा, जब 500 कंपनियों के नाम सार्वजनिक किए जाएंगे। वे कंपनियां किन क्षेत्रों में परचम लहरा रही हैं और अच्छी तरह स्थापित हैं, यह खुलासा भी देश के सामने आना चाहिए। इंटर्नशिप के लिए युवाओं का चयन किस तरह होता है, यह भी गौरतलब होगा। इंटर्नशिप का पहला चरण दो साल का है। यह भी सवाल है कि क्या युवाओं की निरंतरता बनी रहेगी? दूसरा यथार्थ तब सामने आएगा, जब युवा किसी रोजगार का अनुभव तो हासिल कर लेंगे, लेकिन क्या वही कंपनियां उन्हें नौकरी देंगी? सरकार के सामने यह गंभीर चुनौती रही है कि श्रम-गहन क्षेत्रों में निजी निवेश बढ़ नहीं पा रहा है। दरअसल कंपनियों की ऐसे क्षेत्रों में निवेश की दिलचस्पी ही कम है, लिहाजा नए श्रम की भीड़ बढ़ाने के मद्देनजर कंपनियां नए, हुनरमंद युवाओं को नौकरी क्यों देंगी? कुछ अपवाद हो सकते हैं। बजट में दावा किया गया है कि 2 करोड़ को पहली नौकरी पर सरकार सीधी मदद देगी और युवा के आनंद को साझा करेगी। इस योजना से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को जोड़ा गया है। बजट का फोकस गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी यानी 'ज्ञान' पर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आम चुनाव के दौरान इन चार वर्गों को ही चिह्नित किया था। उन्हें ही अपनी चार जातियां बताया था। बजट में युवाओं के रोजगार के लिए सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को 100 करोड़ रुपए तक का कर्ज देने की गारंटी सरकार ने दी है। एमएसएमई में अभी 11.10 करोड़ लोग जुड़े हैं। सरकार ने 2025 तक इनमें 5 करोड़ रोजगार जोडने का लक्ष्य रखा है। सवाल फिर दोहरा रहे हैं कि ये रोजगार कारोबारी होंगे अथवा नौकरी के रूप में दिए जाएंगे! इनके अलावा, आधारभूत ढांचे पर बजट में 11.11 लाख करोड़ रुपए के आवंटन का प्रस्ताव है। सरकार का लक्ष्य है कि विभिन्न निर्माण-कार्य होंगे, तो रोजगार का विस्तार भी होगा। ऐसे इंटर्नशिप कार्यक्रम अमरीका, ब्रिटेन, कनाडा सरीखे विकसित देशों में भी चलाए जा रहे हैं। दरअसल सरकार कोई भी हो, कल्याणकारी परियोजनाओं और सबसिडी मुहैया करा कर भी रोजगार नहीं दे सकती। बेरोजगारी की चुनौती से नहीं लड़ सकती। सरकार को एहसास हो रहा है कि बेरोजगारी को संबोधित करने के लिए उसके पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं, लिहाजा इस अभियान में निजी क्षेत्र को जोड़ा जा रहा है। सरकार के आग्रह पर रोजगार और नौकरियां निजी क्षेत्र पैदा करेंगे। बदले में सरकार नियोक्ताओं को सबसिडी देगी। प्रधानमंत्री मोदी की 9 प्राथमिकताएं बजट के लिए तय की गई हैं। मसलन-मैन्यूफैक्चरिंग, सेवा क्षेत्र, रोजगार, कौशल विकास, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, आधारभूत ढांचा, सामाजिक न्याय आदि। रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए इन सभी क्षेत्रों को अच्छा-खासा बजट आवंटित किया गया है। मुद्रा लोन की सीमा भी 10 लाख से बढ़ा कर 20 लाख रुपए कर दी गई है। उसका लक्ष्य भी युवा केंद्रित है। अब यह बजट लागू होने के बाद देखना होगा कि बेरोजगारी की इंटर्नशिप कितनी कारगर साबित होती है।

पांच साल के दौरान 4 .10 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वायदा किया गया है। कंपनियां हर साल 20 लाख युवाओं का कौशल विकसित करेंगी। इस तरह 5 साल के दौरान कुल एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के जरिए हुनरमंद किया जाएगा। इंटर्नशिप के दौरान कंपनियां 5000 रुपए प्रति माह का भत्ता देंगी और एकमुश्त 6000 रुपए भी देंगी। बजट में इस कार्यक्रम के लिए 2 लाख करोड़ रुपए का आवंटन रखा गया है। बेरोजगारी से लडने और निरंतर रोजगार- सृजन की यह महत्वपूर्ण परियोजना बताई जा रही है। बेरोजगारी सबसे अहम समस्या और चुनौती है, यह आम चुनाव के जनादेश से स्पष्ट हो चुका है। भाजपा को इस बार अकेले ही स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं हुआ है। केंद्र में गठबंधन सरकार जारी है। बहरहाल इंटर्नशिप की पात्रता आयु 21-24 साल है। कई और शर्तें लगाई गई हैं, जो व्यावहारिक नहीं हैं।

### लोकसभा चुनावों के समय जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमलों को चन्नी ने भाजपा की रणनीति बताया था

# कांग्रेस और खालिस्तान में गर्भनाल का रिश्ता!

राकेश सैन

**माँ** और सन्तान के बीच गर्भनाल का रिश्ता ही ऐसा होता है, कि प्रसव के बाद शरीर अलग होने के बावजूद भी आत्मीयता बनी रहती है। सन्तान को पीड़ा हो तो माँ बिलख उठती है। ऐसा ही गत 25 जुलाई को संसद भवन में देखने को मिला जब पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और जालन्धर से कांग्रेस के सांसद चरनजीत सिंह चन्नी ने खालिस्तान समर्थक सांसद अमृतपाल के पक्ष में आह भरी। चन्नी के शब्दों में 20 लाख लोगों के खडूर साहिब लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि अमृतपाल को जेल में रखा जा रहा है, यह भी एमरजेंसी है। ज्ञात रहे कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून में डिब्रूगढ़ जेल में नजरबन्द खालिस्तान प्रचारक व अजनाला कोतवाली हिंसा का मुख्य आरोपी अमृतपाल निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीता है और कांग्रेस सांसद चन्नी लोकसभा में उसके ही पक्ष में बोल रहे थे। रोचक बात तो ये है कि अमृतपाल को जेल में भेजने वाली पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के सांसद भी सुन्न अवस्था में चन्नी के साथ वाली सीटों पर ही बैठे थे।

सन्तान को पीड़ा हो तो माँ बिलख उठती है। ऐसा ही गत 25 जुलाई को संसद भवन में देखने को मिला जब पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और जालन्धर से कांग्रेस के सांसद चरनजीत सिंह चन्नी ने खालिस्तान समर्थक सांसद अमृतपाल के पक्ष में आह भरी। चन्नी के शब्दों में 20 लाख लोगों के खडूर साहिब लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि अमृतपाल को जेल में रखा जा रहा है, यह भी एमरजेंसी है।

वैसे चन्नी के बौद्धिक व प्रशासनिक योग्यता के स्तर का इसी बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि फरवरी, 2018 में कैप्टन अमरिन्द्र सिंह की सरकार के तकनीकी शिक्षा मन्त्री रहते हुए उन्होंने प्राध्यापकों की नियुक्ति योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि क्रिकेट की तरह टॉस करके की थी। उस समय देश-दुनिया में इस घटना को बड़े हास्यस्पद अन्दाज में कहा और सुना गया था। बाद में मुख्यमन्त्री बनने के बाद चन्नी प्रधानमन्त्री की सुरक्षा भी सुनिश्चित नहीं कर पाए और बठिण्डा से फिरोजपुर जाते हुए कथित किसान आन्दोलनकारियों ने प्रधानमन्त्री के काफिले को घेर लिया था। इस पर चन्नी ने सुरक्षा की सारी जिम्मेवारी केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियों पर डालने का प्रयास किया। केवल इतना ही नहीं, लोकसभा चुनावों के समय जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमलों को चन्नी ने भाजपा की रणनीति बताया था। अब चन्नी द्वारा किसी खालिस्तानी का समर्थन करना चाहे किसी को चौंकाता हो परन्तु 1980 के दशक की राजनीतिक कलाबाजियां देख चुकी पीढ़ी अच्छी तरह जानती है कि चन्नी का अमृतपाल के प्रति दुःख अनायास नहीं बल्कि यह कांग्रेस और खालिस्तान के बीच गर्भनाल के रिश्ते की टीस है।

देश के समक्ष अब यह रहस्य नहीं रहा कि अलगाववादी सोच के व्यक्ति जरनैल सिंह भिण्डरांवाले को पंजाब की अकाली राजनीति को कमजोर करने के लिए कांग्रेस ने मैदान में उतारा और उस पर



खालिस्तानी लेबल चस्पा किया। रिसर्च एण्ड एनालाइसेज विंग (रॉ) के सेवानिवृत अधिकारी जी.बी.एस. सिद्धू अपनी पुस्तक 'खालिस्तान षड्यन्त्र की इनसाइड स्टोरी' में दावा करते हैं कि जब भी भिण्डरांवाले से कोई संवाददाता खालिस्तान की मांग के बारे पूछते तो उसका यही जवाब होता था कि- हम खालिस्तान की मांग नहीं करते पर सरकार इसका प्रस्ताव करती है तो हम इन्कार भी नहीं करेंगे।'

चूंकि पंजाब के नर्म दलीय अकाली नेताओं को कमजोर करने के लिए गर्मदलीय लोगों के साथ खालिस्तान का लेबल चस्पा करना जरूरी था, तो 13 अप्रैल, 1978 में हुए निरंकारी-सिख टकराव की घटना के बाद ऐसी शक्ति का खड़ा करना जरूरी हो गया जो खुल कर खालिस्तान की बात करे। चूंकि भिण्डरांवाला न तो खालिस्तान की मांग करने वाला था और न ही विरोध, तो उसके साथ इस बिखराव की मांग को आसानी से जोड़ा जा सकता था। उस समय कांग्रेस नेताओं ने यह काम बड़ी बाखूबी किया।

उस समय भारत में काम कर रहे बीबीसी लन्दन के पत्रकार मार्क टुल्ली व सतीश जैकब की पुस्तक 'अमृतसर- मिसेज गान्धी लास्ट बैटल' के पृष्ठ 60 पर दावा करते हैं कि 'इस काम के लिए पंजाब में दल खालसा के नाम से कट्टरवादी संगठन का गठन किया गया। इसकी पहली बैठक चण्डीगढ़ के अरोमा होटल में हुई जिसका 600 रुपये का भुगतान ज्ञानी जैल सिंह द्वारा किया गया।'

पत्रकार कुलदीप नैयर की पुस्तक 'बियाण्ड द लाइन्स -एन ऑटोबायोग्राफी' के अनुसार, 'इस संगठन के उद्घाटन समारोह में सिख पन्थ की अवधारणा और उसके स्वतन्त्र अस्तित्व को जीवित रखने का संकल्प लिया गया। संगठन का राजनीतिक उद्देश्य खालसा का बोलबाला बताया गया।'

एक अन्य पत्रकार जीएस चावला अपनी पुस्तक 'ब्लडशेड इन पंजाब- अनटोल्ड सागा ऑफ डिसीट एण्ड सैबोटेज' में लिखते हैं कि-'दल खालसा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने पहले चण्डीगढ़ में एक पूर्व कांग्रेसी सांसद के यहां स्टेनोग्राफर की नौकरी की थी। 6 अगस्त, 1978 को चण्डीगढ़ के सेक्टर 35 में स्थित गुरुद्वारा श्री अकालगढ़ में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में यह घोषणा की गई कि दल खालसा की स्थापना का मुख्य उद्देश्य स्वतन्त्र सिख साम्राज्य की स्थापना सुनिश्चित करना है। अगले दिन पंजाब के कई समाचारपत्रों में यह खबर छपी, प्रेस कान्फ्रेंस का खर्चा भी पंजाब के कांग्रेसी नेताओं ने उठाया।'

देश के सुविख्यात विचारक कुप्पहल्ली सीतारामैया सुदर्शन अपनी पुस्तक 'यों भटका पंजाब' में लिखते हैं कि-'कांग्रेस की आपसी गुटबाजी ने भी पंजाब समस्या को उग्र बनाने में बहुत मदद दी है। केवल दलीय दृष्टिकोण से ही समस्याओं को देखने का उसका स्वभाव रहा है, इसलिए सत्ताहीन अवस्था में अकाली दल को शह देने के लिए उसने भिण्डरावाले को उभारा। कांग्रेस की आपसी धड़ेबन्दी ने भिण्डरावाले की उग्रता के विरुद्ध समय रहते कड़े कदम उठाने नहीं दिये और जब भिण्डरावाले ने भस्मासुर का रूप लेकर अपने वरदाता को ही भस्म करने के लिए हाथ बढ़ाया तब कांग्रेसी शासन को ऐसी कार्यवाही के लिए बाध्य होना पड़ा जिसने समाज में अविश्वास की खाई को और चौड़ा कर दिया तथा उग्रपन्थियों को खुलकर खेलने का मौका दे दिया।'

देश से जुड़े विभिन्न मुद्दों से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से लेकर काडर तक किस तरह दिशाभ्रम के शिकार हैं इसका अनुमान इसीसे लगाया जा सकता है कि पार्टी एक तरफ तो श्रीमती इन्दिरा गान्धी, श्री राजीव गान्धी व स. बेअन्त सिंह को आतंकियों के हाथों मिली शहादत की विरासत अपना बताती है तो दूसरी ओर अमृतपाल जैसों के दुःख में पतली होती रही है। और अधिक विस्मयकारी बात तो यह है कि चन्नी को वहां बैठे किसी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने ऐसा करने से रोका तक नहीं और न ही बाद में खेद जताया गया। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पंजाब में खालिस्तानी अलगाववाद व आतंकवाद की आग दबी जरूर है परन्तु पूरी तरह बुझी नहीं। इसका साक्षात उदाहरण है कि कनाडा, यूके, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसे कई देशों में खालिस्तानियों की खुराफात दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही हैं।

दृष्टि कोण

# भक्तों की आस्था से खिलवाड़ करते बाबा

**भारत** में बाबाओं और विवादों का पुराना नाता रहा है। इसका नवीनतम उदाहरण है कि उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में मंगलवार 2 जुलाई, 2024 को एक सत्संग के आयोजन के समाप्त होने के बाद अचानक मची भगदड़ में 121 लोगों की जानें चली गईं। यह हादसा तब हुआ जब सत्संग खत्म होने के बाद भोलेनाथ उर्फ साकार नारायण हरि उर्फ सूरजपाल नामक कथित बाबा पंडाल से बाहार निकल रहे थे कि तभी अचानक लोग बाबा को देखने के लिए और उनके चरणों की धूल लेने के लिए अपनी जगह से भागने लगे। आयोजकों ने प्रशासन को 80 हजार लोगों के इक_I होने की सूचना दी थी जबकि सभा स्थल पर तीन लाख से ज्यादा लोग पहुंच गए और वहां व्यवस्था संभालने के लिए पर्याप्त इंतजामात नहीं थे। जिस पंडाल में यह कार्यक्रम चल रहा था, वहां की मिट्टी गिली थी, जिसके कारण बड़ी संख्या में लोगों के पैर फिसल गए तो वहीं दूसरी तरफ से आ रहे लोग एक-दूसरे पर चढक़र भागने लगे। भोले बाबा यानी सूरजपाल जाटव के देशभर में करीब 24 आश्रम होने का पता चला है। उसके आश्रमों के पास 100 करोड़ से ज्यादा की जमीन है। बाबा के पास 25-30 लग्जरी कारों का बड़ा काफिला है और सूरजपाल खुद फॉच्यूनर से चलता है।

जाहिर है कि विपक्ष कोई आवाज नहीं उठा रहा है, इसलिए सरकार की भी मौज है। उत्तर प्रदेश सरकार ने एफआईआर में सूरजपाल का नाम भी शामिल नहीं किया है। वोटों की राजनीति की खातिर विपक्ष भी जानबूझ कर इस मुद्दे को नजरअंदाज ही कर रहा है। हाथरस हादसे में मारे गए भक्तों में यूपी के कई जिलों के अलावा राजस्थान, मध्यप्रदेश और हरियाणा के भी लोग शामिल थे। भक्त उनके चरणों की धूल को आशीर्वाद समझते हैं और कुछ उसे गले के लॉकेट में भी पहनते हैं। अधिकतर लोग जो इनके समागम में पहुंचते हैं, वे अपने जीवन से निराश, बीमारी से परेशान या समस्याओं में उलझे होते हैं तथा उन्हें लगता है कि उनके जीवन में जो कुछ भी ठीक हुआ है या होगा, वह नारायण साकार हरि के आशीर्वाद से ही होगा। दरअसल बाबाओं, धर्म गुरुओं का पैतृक एवं जमा जमाया कारोबार है, नेटवर्क है। लाखों की भक्त संख्या एवं अनुयायियों वाले इन कथित गुरुओं और बाबाओं के राजनेताओं के साथ बेहद मधुर संबंध होने के चलते इनके कई अनैतिक कृत्यों एवं आश्रमों की अवैध जमीनों की ओर किसी की आंख उठाकर देखने की हिम्मत भी नहीं पड़ती है। इसी बीच उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पिछले दिनों हाथरस जिले में नवीपुर स्थित रामेश्वर दास अग्रवाल कन्या महाविद्यालय में आयोजित स्वर्णोदय महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा भी कि लोगों को किसी भी तरह के अंधविश्वास में नहीं पडना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि वह अपनी बेटियों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ाएं और अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। उन्होंने बाबा द्वारा भगवान कृष्ण की तरह सुदर्शन चक्र दिखाने को समाज के साथ अन्याय और अंधश्रद्धा बढ़ाने वाला गुनाह बताया। उनका मानना था कि बाबा को भी उनके गुनाह के तहत सजा होनी चाहिए। इधर हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार का कहना है कि यह सोच कर शर्म भी आती है और सिर चकरा भी जाता है कि भारत जैसा विश्व का सबसे पुराना आध्यात्मिक देश आज भ्रष्टाचारी क्यों हो गया है? उनके अनुसार इसका सबसे बड़ा कारण देश की भ्रष्ट राजनीति है। उनका कहना था कि यह राजनीति और उसके साथ फर्जी अंधविश्वास फैलाने वाली बाबाओं की लंबी फौज इस भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा कारण है। कितने ही बाबा हत्या और बलात्कार जैसे अपराधों में जेल में बंद हैं। शांता कुमार का मानना है कि इस देश के सभी प्रमुख नेताओं को इस विषय में गंभीरता से विचार करना चाहिए। यदि पतन की यही दिशा रही और भ्रष्ट नेता और फर्जी बाबा इसी प्रकार से पनपते रहे, तो भारत का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि विश्व में संभवतः भारत ही एकमात्र ऐसा देश होगा जहां प्राचीनकाल से ही आध्यात्मिक भक्ति और धार्मिक आस्था सर्वाधिक प्रचलन में है और हमारी धार्मिक पुस्तकें ज्ञान एवं नैतिकता जैसे मूल्यों का अनुपम भंडार हैं जिनसे पूरा वैश्विक समाज भी लाभान्वित हो रहा है। मानवीय मूल्यों एवं नैतिकता में आ रही गिरावट और मानव मनों में बढ़ती अहंकार भावना हमें हमारे पुरातन संस्कृतिजन्य मूल्यों एवं आदर्शों से भटका रही है। स्वयं को ही भगवान घोषित करने वाले पाखंडी और आपराधिक प्रवृत्ति के बाबाओं से बचने की जरूरत है। कई तथाकथित बाबाओं द्वारा पूरे पन्ने का विज्ञापन देकर विश्व की बड़ी-बड़ी हस्तियों से अपने संबंधों की दुहाई देकर लोगों को भ्रमित करके बरगलाया जाता है क्योंकि उनके समागम में बड़े-बड़े नेता लोग हाजिरी भरते हैं।

कुछ अलग

# चौराहे पर रुके लोग

**हमें** लगता है समझ के चौराहे पर भ्रमित लोगों का रुके रहना ही जैसे नियति बन गया है। पौन सदी के अनथक प्रयास के बावजूद अगर देश आज भी अपनी विकास यात्रा को अवरुद्ध पाता है तो क्या इसका कारण एक अनचाही महामारी के प्रकोप में तलाशा जाए या उससे पैदा हो गई उस निरुपाय दहशत में जिसने तरक्की के दावों को भूख और बेकारी का आईना दिखा दिया। स्पष्ट है कि इस निरूपित चेहरे को देख लेने के बाद उसे संवारने के अभियान की शुरुआत होनी चाहिए, लेकिन यह शुरुआत 'मैं इधर जाऊं या उधर जाऊं' के दोराहे पर क्यों ठिठकी नजर आती है? निष्क्रियता के इस आलम में गांवों से उखड़ कर आए नौजवानों के रोजी-रोटी के वसीले की जड़ें महानगरों या विदेशी धरती की चकाचौंध से उखड़ गईं। वे सब अपनी लुटिया डोरी लेकर अपनी धरती, अपने मूलस्थान की ओर चल दिए। वहां तोरण द्वार सजे थे, 'जो आएगा उसका स्वागत है', क्योंकि देश को फिर एक कृषक देश कहलाना है, लेकिन बस तोरण द्वार, उसके पीछे था एक गहराता शून्य, एक फर्जी मनरेगा और खैराती कर्जे का भेडिया धसान! वहां रुके जीर्ण शीर्ण धरती पुत्रों ने उन्हें कहा, 'आओ, जैसे हम जी रहे हैं, तुम भी हमारे साथ जीना सीख लोगे। जैस-तैसे यह उमरिया बीत जाएगी।' आधी सदी पहले आई एक देसी फिल्म में गीत सुना था, 'उमरिया बीती जाए रे।' गीत तो उन खेतों की मेंढ़ों पर ठिठक कर जैसे आज भी पूछता है, हालात तो वैसे ही हैं जैसे कभी हमें छोड़ कर गए थे। अब रहोगे कि फिर वापस जाओगे। रोटी का ठिकाना न यहां है, न वहां है। लोटा, थैला उठाए फिर उसी समझ के दोराहे पर खड़े हैं, सोचते रुकें कि जाएं? बरसों से यही हो रहा है। अनिश्चय का कुहासा फैला है। कौन आ रहा है, कौन जा रहा है, कुछ पता नहीं चलता। ये शहर से उखड़ कर आए लौटने लगे या कि ने पलायनकर्ताओं की जमात खड़ी हो गई। भरपेट रोटी, टूटती नींद और रुआंसी हिचकियां यहां भी हैं, वहां भी हैं, बस बीच-बीच में नए नारों, नई घोषणाओं की कन्दीलें अवश्य जला दी जाती हैं। लोग छटपटा कर नई जिंदगी की उपलब्धियां तलाशते हैं। पता चलता है कि नई तो क्या, पुरानी भी नहीं रही। एक से पांच एकड़ से छोटे भूखंडों में दिन-रात खटने वाला किसान अपनी छह माह की मेहनत भरी फसल लेकर कहां जाए? वायदा तो था कि पुरानी मंडी और खुली कीमत के साथ नई मंडी और प्रतियोगी कीमत मिल जाएगी, लेकिन ये नए ने स्वीकारा नहीं और पुराने ने अनिवार्यता नहीं दी। सोच कर वहीं दोराहा खड़ा हो गया। क्रांति और परिवर्तन का यह रास्ता कितना धुंध भरा है, आखिर कितने दिन रेल पटरियों पर धरना लगा कर अपना मार्ग तलाश करोगे? छोटे और भटके हुए किसान की नियति तो वही रही, मंडी के चौराहे पर फंदा लेकर आत्महत्या कर लेना, लेकिन अब क्या दो मंडियों के चौराहे पर फंदा लेना होगा? फंदा लेने के बाद भी उन्हें न मर सकने, जान न निकल सकने की नियति झेलनी होगी। भूल जाओ, धुंध भरी समझ के इस चौराहे पर अपने लिए कोई नया रास्ता लेने की बात। लेकिन रास्ते की तलाश तो बढ़ते हुए कुहासे में खो रही है, क्यों हर बार लगता है कि यहां हर सवाल जो गंदम के बारे में किया जाता है, उसका जवाब चना होता है। करोड़ों लोगों का सवाल था, हमारी गलियों और बाजारों में महामारी से मौत होने की धमक का भय कब कम होगा? उपचार के लिए सही दवा कब आएगी? जवाब में उम्मीद भरी खबरें मिलीं, सामाजिक अंतर रखने का पैगाम मिला और अपने चेहरों पर मास्क लगाए रखने की सुरक्षा लो। लेकिन कब तक? आज चौराहे पर ऐसे प्रश्न निरुत्तर ठिठके हैं।

देश दुनीया से

# सहज जीवन के चार स्तंभ

कुछ वर्ष पहले एक प्रसिद्ध पत्रिका ने पाया था कि भारतवर्ष के हर सात में से एक व्यक्ति मानसिक विकारों से पीड़ित है। आंकड़ों के हिसाब से यह बात सही है, लेकिन अगर मैं अपने व्यक्तिगत अनुभव की बात करूं तो सच यह है कि भारतवर्ष की 80 प्रतिशत आबादी, जी हां, सचमुच 80 प्रतिशत, इस समय मानसिक विकारों की जकड़ में है। इनमें से 20 प्रतिशत लोग गंभीर विकारों से परेशान हैं। इन विकारों के कारण बहुत सी शारीरिक बीमारियां होती हैं। मानसिक बीमारियों का समय पर इलाज हो जाए तो इनके कारण होने वाली शारीरिक व्याधियों का इलाज खुद-ब-खुद हो जाता है, और अगर लोग मानसिक रोगों को समय पर पहचान लें तो न केवल उनका अपना और उनके परिवार का जीवन सुखी हो जाएगा, बल्कि यह भी हो सकता है कि मानसिक विकारों के न रहने पर बहुत सी शारीरिक व्याधियां भी खत्म हो जाएं और देश के आधे अस्पताल खाली हो जाएं।

**आज** हमारा देश भारतवर्ष बीमार लोगों का देश बनता जा रहा है। कुछ वर्ष पहले एक प्रसिद्ध पत्रिका ने पाया था कि भारतवर्ष के हर सात में से एक व्यक्ति मानसिक विकारों से पीड़ित है। आंकड़ों के हिसाब से यह बात सही है, लेकिन अगर मैं अपने व्यक्तिगत अनुभव की बात करूं तो सच यह है कि भारतवर्ष की 80 प्रतिशत आबादी, जी हां, सचमुच 80 प्रतिशत, इस समय मानसिक विकारों की जकड़ में है। इनमें से 20 प्रतिशत लोग गंभीर विकारों से परेशान हैं। इन विकारों के कारण बहुत सी शारीरिक बीमारियां होती हैं। मानसिक बीमारियों का समय पर इलाज हो जाए तो इनके कारण होने वाली शारीरिक व्याधियों का इलाज खुद-ब-खुद हो जाता है, और अगर लोग मानसिक रोगों को समय पर पहचान लें तो न केवल उनका अपना और उनके परिवार का जीवन सुखी हो जाएगा, बल्कि यह भी हो सकता है कि मानसिक विकारों के न रहने पर बहुत सी शारीरिक व्याधियां भी खत्म हो जाएं और देश के आधे अस्पताल खाली हो जाएं। यदि हम मानसिक और शारीरिक व्याधियों से बचे रहना चाहते हों, तो इसके लिए सहज संन्यास मिशन का मार्गदर्शन बहुत काम आ सकता है। सहज संन्यास की जीवनशैली इन व्याधियों से बचाव के लिए बहुत प्रभावशाली है। सहज संन्यास के चार स्तंभ हैं। पहला है : तन की सेवा, दूसरा है : मन की सेवा, तीसरा है : जन की सेवा, और चौथा है : मनन की सेवा। तन की सेवा को हम सब बखूबी समझते हैं। सवेरे की सैर, व्यायाम, योगाभ्यास, तैराकी, खेल, प्राणायाम, नशे से दूरी, मौसम के अनुकूल ताजा शुद्ध भोजन आदि हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं।

यह हमारे तन की सेवा है। संतुष्ट रहना, खुश रहना, क्रोध न करना, उदास न होना, भयभीत न होना, निराश न होना, बेईमानी न करना, झूठ न बोलना, किसी को गुमराह न करना, चुगली न करना, निंदा न करना, बात-बेबात शिकायत न करना, किसी दूसरे की भूल को या गलती को माफ कर देना, खुद अपनी गलतियों और कमियों के प्रति सहनशील होना आदि हमारी खुशी की गारंटी हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। यह मन की सेवा है। सबके भले के लिए सोचना, दूसरों की सहायता करना, जहां आवश्यक हो वहां मार्गदर्शन देना, समाज के भले के लिए काम करते रहना, घर-परिवार और संपर्क में आने वाले अन्य सभी लोगों से प्रेमपूर्ण व्यवहार करना, रिश्ते मजबूत रखना आदि जन की सेवा के उदाहरण हैं। अपने लिए एकांत का समय निकालना, आत्ममंथन करना, ध्यान में बैठना आदि मनन की सेवा कहलाता है। इस प्रकार जब हम निरंतर तन की सेवा, मन की सेवा, जन की सेवा और मनन की सेवा के लिए प्रयासरत होते हैं तो असफलताओं से निराश हुए बिना, हर छोटी-बड़ी सफलता को उत्सव में बदल देते हैं, तो जीवन सार्थक हो जाता है। कुछ छोटी-छोटी बातें हमारे जीवन को बदल देती हैं। हम अगर अपने आसपास देखें, अपनी मित्रमंडली का विश्लेषण करें और हमें अगर लगे कि हमें उनसे प्रेरणा नहीं मिलती, कुछ कर गुजरने का हौसला नहीं मिलता, नई बातें सीखने का उत्साह और मौका नहीं मिलता, तो हम मित्रमंडली में नहीं हैं, बल्कि फिर यह मानना चाहिए कि हम अज्ञान के पिंजरे में कैद हैं। ऐसी स्थिति में हमें अपना विश्लेषण करना चाहिए और अपनी संगत बदलने का सघन प्रयास करना चाहिए। इस स्थिति में यह ध्यान देना चाहिए कि हम लोगों को तो नहीं बदल सकते, पर हम अपनी संगत बदल सकते हैं, अपनी प्रतिक्रिया को बदल सकते हैं और अपनी सीमाओं का विस्तार कर सकते हैं। हम जो कल थे, वो आज नहीं हैं। हमारे शरीर की लाखों कोशिकाएं इस वक्फे में मर गई हैं और उनकी जगह लाखों नई कोशिकाओं ने ले ली है।

हम वैसे ही दिखते जरूर हैं, पर असल में बिल्कुल वैसे तो नहीं ही हैं। हवा का जो झोंका हमसे टकराकर आगे चला गया, वह हमेशा के लिए चला गया, नदी का जो पानी हमें छूकर गुजर गया वह हमेशा के लिए चला गया, अब हम उसे दोबारा नहीं छू सकते। इसी तरह संसार में भी नित्य प्रति परिवर्तन हो रहे हैं। संसार सचमुच बहुत तेजी से बदल रहा है। विज्ञान के नए आविष्कार, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के प्रादुर्भाव के कारण हर चीज बदल रही है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से सिर्फ बिजनेस और मार्केटिंग ही नहीं बदल रहे हैं, जीवन की हर चीज बदल रही है। डाक्टर के पास नए टूल होंगे, वकील के पास नए टूल होंगे, गाडियां बदल जाएंगी, फिल्मों के निर्माण की तकनीक बदल जाएगी, फिटनेस के तरीके बदल जाएंगे, रहन-सहन बदल जाएगा। यह समझ पाना मुश्किल है कि क्या नहीं बदलेगा। सहज संन्यास का चौथा स्तंभ, यानी मनन की सेवा इस अवस्था में हमारा सबसे बड़ा हथियार होगा, क्योंकि आत्मचिंतन से हम अपने आसपास के बदलाव महसूस कर सकेंगे, उनके लिए खुद को तैयार कर सकेंगे, तब हम सिर्फ बदलाव के लिए तैयार ही नहीं होंगे, बल्कि बदलाव का कारण भी बन सकेंगे। बदलाव को स्वीकार करने और अंगीकार करने की क्षमता हमारे आंतरिक विकास का परिचायक है, वरना हम हर छोटे-बड़े बदलाव की आहट से ही डर जाया करेंगे।

आप का नजरीया

# अनुसंधान की भूमि पर पर्यटन

**भूमि** बैंक की तलाश में सरकारों ने अपने ही योजना प्रारूप का कद छोटा कर लिया है। सरकारी परियोजनाओं की तकरीर और तस्वीर पर घूमते राजनीतिक आईने कहीं तो कतरब्यौंत कर रहे हैं या संभावनाओं के अक्स में जमीनों के बंटवारे हो रहे हैं। अब एक पर्यटन गांव के पांव टहलते हुए कृषि विश्वविद्यालय के शोध की जमीन को हथियाना चाहते हैं। बाकायदा कृषि विश्वविद्यालय के कुल रकबे से 120 हेक्टेयर जमीन के हिस्से को छीलने की अनापत्तियां हासिल करके उस सुबह को चुनौती दी जा रही है, जो कभी पर्वतीय खेती के अनुसंधान की महत्त्वाकांक्षा के रूप में उजाले ले कर आई थी। इससे पहले भी पालमपुर में जब जमीन की तलाशी हुई कृषि विश्वविद्यालय के खेतों में विकास का सीमेंट-सरिया चुभो दिया गया और अब हालत यह है कि इस परियोजना के बाद दो सौ हेक्टेयर से भी कम जमीन यूनिवर्सिटी के नाम बचेगी, क्योंकि सौ हेक्टेयर पर तो चाय की बागीचा मौजूद है। यानी जिस जरूरत, तपस्या, संघर्ष, इतिहास व जनसहयोग से कृषि विश्वविद्यालय का दर्जा इस संस्थान के महत्त्व को बढ़ाता रहा, उसकी आज एक पर्यटन गांव बोली लगा रहा है। बेशक पर्यटक गांव से मंजिलें बढ़ेंगी और इन रास्तों पर चलता हुआ सैलानी अर्थ व्यवस्था का संबल बनेगा, मगर जिन मार्गों पर चलकर शोधार्थी कृषि विश्वविद्यालय तक पहुंचे वहां कल हेलिकाप्टर उड़ेंगे, जलेबियां पकेंगी और मनोरंजन के शोर में शोध का कारवां उजड़ जाएगा। अगर बात पर्यटन के अस्तित्व की इतनी महत्त्वपूर्ण है कि कुलपति महोदय स्वयं अपने दायित्व की जमीन का पटा इतर कार्यों को दे रहे हैं, तो इस वकालत के पैमाने और भविष्य का दस्तूर कौन तय करेगा। आश्चर्य यह कि पालमपुर के सामाजिक और विश्वविद्यालय के अध्यापक संगठन के विरोध के बावजूद ऐसी परियोजना के संकल्प के तालों में विश्वविद्यालय की करीब सौ हेक्टेयर जमीन छीनी जा रही है। यहां पर्यटन गांव बनाम कृषि विश्वविद्यालय के बीच आखिर जीत कौन रहा है। देखने और सुनने में पर्यटन गांव के नजारे में हर किसी के पांव थिरक सकते हैं, मगर इनके नीचे भविष्य की एक बड़ी दीवार खड़ी हो जाएगी। आश्चर्य यह कि प्रदेश अपने भविष्य की जरूरतों के लिए वन भूमि का यतीम बनकर खड़ा रहना चाहता है, लेकिन सार्वजनिक या शैक्षिणक संस्थानों की ही जमीन को खुर्द बुर्द करने पर तुला है। इसमें दो राय नहीं कि पर्यटन के रास्ते आर्थिक संबल मिलेगा और निजी निवेश भी बढ़ेगा, लेकिन इसके लिए अलग से लैंड बैंक स्थापित करना पड़ेगा। इसके विपरीत समय-समय पर सार्वजनिक मैदानों, कृषि-बागबानी फार्मों या पशु पालन विभागों से जमीनें छीनी जा रही हैं। सुजानपुर का मैदान हो या चंबा का चौगान, सरकारों ने इसी तरह विकास के नाम पर इन्हें छील दिया। धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड की बास्केटबॉल फील्ड पर डीआईजी कार्यालय की इमारत चिन दी जाती है। होना तो यह चाहिए कि शहरी विकास परियोजनाओं के तहत हर नगर निकाय का अपना लैंड बैंक स्थापित हो। पूरे प्रदेश को नगर एवं ग्राम योजना कानून के तहत लाकर एक विस्तृत भूमि बैंक की स्थापना पंचायत स्तर तक करनी होगी। प्रदेश की सत्तर फीसदी भूमि पर जंगल की बाड़बंदी से बेहतर है कि इसकी सीमा पचास प्रतिशत की जाए ताकि अतिरिक्त मिलने वाली बीस फीसदी जमीन पर पर्यटन, उद्योग, शहरी विकास के अलावा आवासीय व्यवस्था तथा पूंजी निवेश का ढांचा खड़ा करके हिमाचल आत्मनिर्भर बन सके।

# अल्ट्रासाउंड के लिए लोगों को जाना पड़ता है दूसरा जिला, 52 लाख की अल्ट्रासाउंड मशीन फांक रही धूल, नहीं मिल रहा लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सदर अस्पताल चतरा में 52 लाख की लागत से खरीदी गयी अल्ट्रासाउंड मशीन बेकार पड़ी हुई है। साथ हीं मशीन रखे रखे अस्पताल में धूल फांक रही हैं।सदर अस्पताल आने वाले मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा हैं। जिससे अल्ट्रासाउंड कराने के लिए लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। अल्ट्रासाउंड के लिए दूसरे जिले हजारीबाग, रांची, गया समेत अन्य जगहो पर जाना पड़ रहा हैं जिससे समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसार व मानसिक परेशानी उठानी पड़ रही हैं। वहीं सदर अस्पताल प्राइवेट कंपनी मनीपाल हेल्थ द्वारा अल्ट्रासाउंड का संचालन किया जा रहा हैं। लेकिन यहां सिर्फ गर्भवती महिलाओं का ही अल्ट्रासाउंड किया जाता हैं।जिससे पेट समेत अन्य संबंधित मरीजो का चतरा में अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा हैं। बता दे कि लगभग डेढ़ साल पूर्व जिले के लोगो को अल्ट्रासाउंड की सुविधा देने के लिए विशेष केंद्रीय सहायता मद से 52 लाख की लागत से अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदारी की गयी थी। रेडियोलॉजिस्ट नहीं रहने के कारण अल्ट्रासाउंड मशीन का संचालन नहीं हो पा रहा हैं। दूसरा कारण अधिक कीमत में अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदे जाने का मामला जांच में फंसा हुआ हैं। खरीदारी के कुछ माह बाद से जांच की जा रही हैं, लेकिन जांच अभी तक पूरी नहीं हो पायी हैं। जानकार लोगो द्वारा अल्ट्रासाउंड की कीमत 15 से 20 लाख बताई जा रही है जबकि विभाग के द्वारा इस मशीन की खरीदारी 52 लाख में किये जाने को लेकर शिकायत के आलोक में जांच किया जा रहा है। जिसका नतीजा है की ना अभी तक जांच पूरी हुई है और ना मशीन बहाल किया गया है। जिसका दोहन आम मरीज को होना पड़ रहा है। उपायुक्त ने इसे लेकर कमेटी गठित कर जांच का निर्देश दिया था। लेकिन अब तक जांच पूरी नहीं हा पा रहा हैं। यही वजह से अल्ट्रासाउंड मशीन का संचालन नहीं हो पा रहा हैं। अल्ट्रासाउंड का उद्देश्य अस्पताल आने वाले मरीजों को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड करना हैं। मरीजों ने उपायुक्त से अविलंब सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा बहाल करने की मांग की हैं। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ मनीष लाल ने कहा कि प्राइवेट कंपनी द्वारा संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर में सभी लोगों का अल्ट्रासाउंड कराने का प्रयास किया जा रहा है।साथ ही रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध होते ही सदर अस्पताल में पड़ा मशीन को संचालन में लाया जायेगा।ताकि जिले के लोगो को अल्ट्रासाउंड कराने में दूसरे जगह जाना नहीं पड़े।



# पलामू दौरे से वापसी के क्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का लातेहार विधायक ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एक मुलाकात अपनों के साथ कार्यक्रम के तहत पलामू प्रमंडल के दौरे पर से वापसी के क्रम में शनिवार को देर रात लातेहार में विधायक झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम के लातेहार आवास पहुंचे, जहां मंत्री श्री राम ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा, का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।मौके पर लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष आफताब आलम मनिका विधायक सरयू प्रखंड प्रतिनिधि सुनील प्रसाद, युवा नेता अंकित पांडे, युवा कांग्रेस नेता साजन कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रखंड के सभी पंचायतों में मुख्यमंत्री मंईयां योजना कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सभी पंचायतों में शनिवार को मुख्यमंत्री मंईयां योजना का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 3 जुलाई से लेकर 10 जुलाई तक प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में विशेष शिविर के तहत आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री के इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत झारखंड राज्य में निवास कर रहे 21 वर्ष से ऊपर एवं 49 वर्ष तक के महिलाओं को प्रति माह एक हजार रूपए की सहायता पेंशन राशि के रूप में दी जाएगी। हालांकि शनिवार को तकनीकी खराबी होने के कारण बहुत सारे पंचायत में एक भी लाभुकों का नाम प्रविष्टि नहीं हो पाया। अपलोड करने में आ रहे तकनीकी खराबी को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव ने कहा कि बहुत ही जल्द इस समस्या का समाधान करते हुए लाभुकों का डाटा एंट्री कर लिया जाएगा।

# युवाओं को हार्ट अटैक जैसे बीमारी से बचने के लिए रक्तदान करना चाहिए : रमेश उरांव



**लातेहार।प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने रक्तदान किया। रक्तदान करने के पश्चात उन्होंने बताया कि जीवन जीने के साथ-साथ समाज में अपनी भूमिका को बनाए रखने के लिए रक्तदान करना यह देश के एकजुट के लिए पहला कर्तव्य होता है।आज के युवा पीढ़ी विशेष कर नवयुवक शराब के नशे में धुत हो रहे हैं और अपनी जिम्मेदारी से हटते नजर आ रहे हैं। वैसे युवाओं से आग्रह है की आप रक्तदान अवश्य करें। रक्तदान से हमेशा जीवन में पॉजिटिव एनर्जी मिलता है अगर आप रक्तदान करते हैं तो मन में नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होता है। और एक सकारात्मक ऊर्जा प्रदान होता है। समाज हित के लिए काम करने के लिए मन में गहरा चिंतन व्यक्त होता है।

# अवैध बालू भंडारण को लेकर टंडवा में खनन विभाग के द्वारा की गई बड़ी करवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखण्ड में अवैध बालू के परिवहन भंडारण कारोबार पर जिला खनन विभाग के द्वारा एक बार फिर की गई बड़ी कार्रवाई। इस कार्रवाई के बाद बालू तस्करों एवं अवैध कारोबार में शामिल लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। एनजीटी लागू होने के बाद भी टंडवा में अवैध बालू का कारोबार खूब फल फूल रहा था। उपायुक्त चतरा रमेश घोलप तथा जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो के निर्देश पर खनन विभाग की टीम के द्वारा अम्रपाली परियोजना में सीसीएल के टाउनशिप निर्माण में लगे रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन में निरीक्षण के दौरान 45000 वर्ग फुट बालू तथा 6000 वर्ग फुट पत्थर अवैध रूप से किए गए भंडारण खनिज पदार्थ को जप्त करते हुए टंडवा थाना में कांड दर्ज कराया गया है। टंडवा थाना के द्वारा कांड संख्या 227/24 दर्ज करते हुए अनुसंधान को त्वरित गति से प्रारंभ कर दिया गया है। दर्ज कांड के अनुसार जप्त खनिज संपदा को रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन के साइट इंचार्ज नितिन कुमार को सुरक्षित रखने का निर्देश जिला खनन टीम के द्वारा दिया गया है। छापामारी दल के द्वारा यह पूरे कार्य को सरकारी राजस्व एवं संपत्ति का चोरी करार दिया गया है। टीम के द्वारा रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा समर्पित ई चालान विवरण का भी जांच पड़ताल किया गया। थाना में दर्ज केस में बताया गया है कि पत्थर भंडारण तथा बालू भंडारण के लिए खनन विभाग से अनुज्ञप्ति 14 जुलाई 2022 की तिथि से प्राप्त था। जिसे अब मासिक रिटर्न दाखिल नहीं किए जाने तथा डीलर लाइसेंस में वर्णित शर्तों का उल्लंघन किए जाने पर अनुज्ञप्ति को 26 जुलाई 2024 के प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। जिला खनन विभाग के द्वारा रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन के ऊपर बड़ी कार्रवाई के बाद टंडवा में छोटे से लेकर बड़े कंस्ट्रक्शन कंपनियों तथा बालू तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है। पिछले सप्ताह ही टंडवा थाना के द्वारा 8 ट्रैक्टरों को जप्त कर थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था और उसके बाद जिला खनन विभाग के द्वारा यह कार्रवाई से तस्करों के बीच बैचेनी का माहौल है।

# मंईयां सम्मान निधि का पोर्टल नहीं खुलने से महिलाएं मायूस

## पोर्टल नहीं खुलने से प्रज्ञा केंद्र के संचालकों को बढ़ी परेशानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के प्रज्ञा केंद्रो पर इन दिनों महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। जहां तीन दिन से लगातार महिलाएं अपने अपने क्षेत्र के प्रज्ञा केंद्रों पर मैया सम्मान निधि का आवेदन करने के लिए पहुंचती तो जरूर है परंतु पोर्टल नहीं खुलने से सारा दिन इंतजार करने के बाद बैरंग शाम वापस मायूस होकर घर लौट जा रहे हैं। इस तरह बैरंग वापस लौट रही महिआलाओं का कहना है की झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित मैया सम्मान निधि का तो घोषणा की गई है और आवेदन के लिए तिथि भी बताई गई है। परंतु हम लोग तीन दिन से लगातार प्रज्ञा केंद्र जाते हैं और सारा दिन पोर्टल खुलने का इंतजार करते है। परन्तु प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा यह कह कर लौटा दिया जा रहा है की अभी पोर्टल नहीं खुल रहा है। वहीं प्रज्ञा केंद्र के संचालकों का कहना है की हम लोग क्या करें कभी कभी पोर्टल खुलता है और कभी लगातार पोर्टल नहीं खुलता है वैसे में हम लोग भी पोर्टल खुलने का इंतजार के घड़ी में टक टकी लगाए रहते है। यदि अचानक कभी खुला भी तो भीड़ के वजह से बहुत कम हीं लोगों को ऑनलाइन हो पाता है।



# मंईयां सम्मान योजना को लेकर शिविर का आयोजन, दो दिनों से सर्वर डाउन



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पत्थलगड़ा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। पत्थलगड़ा प्रखंड के पांच पंचायत में शिविर आयोजित की गई। बताते चले कि शिविर को लेकर सभी जगह पर प्रज्ञा केंद्र संचालकों के अलावे अन्य कंप्यूटर ऑपरेटरों का प्रतिनिधित्व किया गया। जिसमे कार्य गति तेज व आवेदकों को आसानी हो सके, ऑपरेटरों ने बताया कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां योजना को लेकर डिस्टिक ष्टस्ष्ट मैनेजर के निर्देशानुसार हम सभी CSC संचालकों को रविवार को भी केंद्र खुला और। आवेदन ऑनलाइन करने का आदेश मिला था लेकिन शिविर के पहले दिन से हीं लगातार दूसरे दिन भी सर्वर डाउन रहने के कारण हम सभी ऑपरेटर व संचालक बिफल रहे। लगातार प्रयास करने के बावजूद भी एक भी आवेदन ऑनलाइन नहीं हो पाया। ग्रामीण महिलाएं अपने-अपने आवेदनों को ऑनलाइन कराने को लेकर देर दोपहर दिन तक बाट जोहती रही लेकिन सर्वर डोन रहने के कारण निराश होकर महिलाएं घर लौट आई।

# चुंगरु में डायवर्सन बहने से आवागमन बाधित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड के सुदूरवर्ति व नक्सल प्रभावित क्षेत्र चुंगरू पंचायत के अमवाटिकर से लाभर तक बन रहे सड़क कालीकरण निर्माण कार्य में चंगरू गांव के पास पुल निर्माण कार्य को लेकर डायवर्सन बनाया गया था जो झमाझम बारिश की वजह से डायवर्सन पानी के साथ बह गया जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पंचायत मुखिया बलदेव परहिया, समाजिक कार्यकर्ता अजय प्रसाद ने कहा कि अमवाटिकर से लाभर तक सड़क कालीकारण का निर्माण किया जा रहा है जिसमे चुंगरू गांव के पास पुल निर्माण को लेकर पुल के बगल से आवागन को लेकर डायवर्सन बनाया गया था जो पिछले दिनों हुई भारी बारिश से डायवर्सन बह गया। जिससे लोगों का आवागमन तीन दिनों से बाधित है। जिससे राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। मुखिया बलदेव परहिया ने उपायुक्त गरिमा सिंह से सड़क निर्माण कार्य के संवेदक से डायवर्सन बनाने की मांग करते हुए पुल निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने की मांग की है।

**भीम बिरसा इमेंस फाउंडेशन दिल्ली में सम्मानित**

# सरिता पांडे ने 2024-25 के लिए श्री चिरंजीलाल धानुका सेवा पुरस्कार किया ग्रहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** लायंस क्लब ऑफ दिल्ली अलखनंदा के 31 वें इंस्टॉलेशन कार्यक्रम में झारखंड की संस्था भीम बिरसा इम्मेंस फाउंडेशन को सामाजिक कार्यों में उत्कृष प्रदर्शन के लिए श्री चिरंजीलाल धानुका सेवा पुरस्कार से नवाजा गया है। इस पुरस्कार को फाउंडेशन की सरिता पांडे ने ग्रहण किया। इस पुरस्कार में एक लाख रुपए का चेक एवं प्रशस्ति पत्र ग्रहण करते हुए सरिता पांडेय ने कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है कि देश की राजधानी में झारखंड जैसे पिछड़े प्रदेश में सामाजिक उत्थान हेतु भीम बिरसा इम्मेंस फाउंडेशन के कार्यों को सम्मान दिया जा रहा है। वहीं एलसीएनडीए के अध्यक्ष लायन भीमसेन गोयल ने सरिता पांडेय द्वारा फाउंडेशन के माध्यम से सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सम्मान प्रयास की जीत है।

# छठे कांवरिया की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** प्रखंड मुख्यालय के समीप टमटम टोला में गुरुवार की अगले सुबह देवघर से वापस आ रहे कावरियों का सवारी वाहन बिजली पॉल में टकरा जाने के कारण पांच कांवरियों की मौत हो गई थी जहां पांच कांवरिया घायल हो गए थे जिसमें गंभीर रूप से घायल दो कावरियां हनेश यादव एवं चरकु यादव को रिम्स रेफर किया गया था ।जहाँ रांची देव कमल अस्पताल में हनेश यादव का इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। इस तरह मृत कावरियों की संख्या छः हो गई। इसके बाद गांव में एक बार पुनः मातम का माहौल हो गया। इधर चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह रविवार को भैसादोन एवम हेमपुर ग्राम पहुंचकर मृत कावरिया के परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया एवं मृतक के परिजनों को सहयोग राशि भी दिया। इस मौके पर कालीचरण सिंह ने कहा यह एक दर्दनाक हादसा है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। मैं इन परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करता हूं साथ ही इन परिवार के साथ हर दुख सुख मे साथ रहूंगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, महासचिव रामकुमार गुप्ता, संजय यादव, लव सिंह, अमित कुमार, भानु सिन्हा, रंजय सिंह, लक्ष्मण यादव, अर्जुन साव, सूरज साह, अखिलेश भोगता समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चतरा के चर्चित डीएसपी केदार राम ने थामा भाजपा का दमन



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा के चर्चित डीएसपी सेवानिवृत केदारनाथ राम ने भाजपा का दामन थाम लिया है ।भाजपा के रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सेवा निवृत डीएसपी केदार राम ने भाजपा का दामन थाम लिया है।गौरतलब है कि चतरा में पूर्व पदस्थापित डीएसपी चतरा मुख्यालय से सेवानिवृत होने के बाद से ही केदारनाथ राम ने समाज सेवा का मन बना लिया था और आज उन्होंने भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड प्रभारी भोला सिंह के समक्ष भाजपा का दामन थाम लिया है। इस मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री ने उन्हें अंग वस्त्र देकर और पुष्प गुच्छ से सम्मानित कर पार्टी में उनका स्वागत किया है। मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास भी मौजूद थे। इधर भाजपा के दामन थामते हीं श्री राम के बारे में चतरा विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लडने की तैयारी को लेकर चर्चा सुर्खियों में है। अब आगे देखना यह होगा की अनार एक बीमार अनेक किसे मिलता है स्वास्थ हित के लिए अनार का फल रूपी चतरा विधान सभा का टिकट।

# प्रखंड के सभी पंचायत में मंईयां सम्मान योजना को लेकर शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** पत्थलगड़ा प्रखंड सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। पत्थलगड़ा प्रखंड के पांच पंचायत में शिविर आयोजित की गई। जिसमें 21 साल से 50 साल तक के महिलाओं ने अपने-अपने आवेदन भरकर शिविर में पहुंचे जहां सिंघानी मुखिया राधिका देवी, बरवाडी मुखिया संदीप सुमन उर्फ महेश दांगी, नोनगांव मुखिया कुमारी संगीता सिंहा, नावाडीह मुखिया कंचन देवी, मेराल मुखिया नीतू देवी, पंचायत सचिव श्वेता कुमारी के अलावे कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। सभी उपस्थितों ने एक-एक आवेदन को जांच कर एवं आवश्यक दस्तावेज का छायाप्रति लेकर ऑनलाइन करने की प्रक्रिया की। वहीं ऑपरेटरों ने बताया कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां योजना की शिविर के पहले दिन 3 अगस्त शनिवार को सर्वर डाउन रहने व लगातार प्रयास करने के बावजूद भी एक भी आवेदन को ऑनलाइन नहीं कर सके ।महिलाएं अपने-अपने आवेदनों को ऑनलाइन कराने को लेकर देर दोपहर तक राह जोहती रही लेकिन सर्वर डोन के कारण निराशा महिलाएं घर लौट आई।इस दौरान पत्थलगड़ा बीडीओ राहुल देव ने शिविरों का निरीक्षण किया और उपस्थित लोगों को मंईयां योजना के बारे में जानकारी देते हुए सभी को लाभ लेने को कहा है। बता दें कि शिविर को लेकर सभी जगह पर प्रज्ञा केंद्र संचालकों के अलावे अन्य कंप्यूटर ऑपरेटरों का प्रतिनिधित्व किया गया है। ज्ञात हो कि शिविर का आयोजन 3 अगस्त से लेकर 10 अगस्त दिन शनिवार तक किया जाएगा, जिसमें सभी योग्य महिलाओं का आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज की छायाप्रति लेकर ऑनलाइन की प्रक्रिया की जाएगी। यह योजना में 21 से 50 वर्ष के महिलाओं को प्रति माह हजार रुपए यानी साल में कुल 12000 रूपये दी जाएगी।

# झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का महिलाएं भरपूर लाभ उठाएं : शशि भूषण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** हेमंत सरकार की उपलब्धियों में एक बड़ी उपलब्धि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना देखी जा रही है जिसमें 21 वर्ष से उपर और 50 वर्ष तक उम्र के सभी युवतियों व महिलाओं को पेंशन के रूप में प्रत्येक महीने एक हजार यानी सालाना 12 हजार रुपए सम्मान के रूप देने का लक्ष्य रखा है।जिसे धरातल पर उतारने के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। इस दौरान रविवार को प्रखंड के छेंचा पंचायत में पिछले तीन अगस्त से शुरू हुए योजना को संचालित करने और अंतिम पायदान पर खड़ी मां, बहनों, बेटियों को लाभान्वित करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज और झामुमो नेता शशि भूषण तिवारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान शशि भूषण ने योजना से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं में से एक है। उक्त योजना का लाभ महिलाएं बढ़-चढ़कर उठाएं। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ आपके द्वार तक पहुंची है, फोर्म निशुल्क वितरण किया जा रहा है, किसी को एक रुपए खर्च करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति इस योजना के क्रियान्वयन में पैसे की मांग करता है तो उसके खिलाफ प्रखंड विकास पदाधिकारी कड़ा एक्शन लेंगे।

# दो दिनों से लगातार हो रहे बारिश से मिट्टी खपरैल घर गिरा



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत पुरनासिबला निवासी झूबो देवी पति गुड़न उरांव का मिट्टी खपरैल घर गिरने से परिजनों को घर मे रहना मुश्किल हो गया है। पीड़ित झूबो देवी ने बताया की हमलोग 6 परिवार घर मे निवास करते हैं. पति पत्नी के अलावे दो पुत्र और दो पुत्री मिट्टी खपरेल घर मे रहते हैं। आज तक पीएम आवास योजना का लाभ मिला और अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिला है जिसके कारण घर नहीं बना पाए हैं। इसी घर मे सभी परिवार रहते थे. दो दिनों से तेज बारिश होने के कारण मेरा घर का बाहरी हिस्सा पूरी तरह गिर गया है. परिजनों ने प्रखंड प्रशासन से अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

## अवैध कोयला के कारोबार पर नकेल कसने को लेकर वन विभाग की कार्रवाई, 14 चक्का ट्रक व वजन कांटा जब्त





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चरही थाना क्षेत्र में रविवार को तब हलचल मच गया जब वन विभाग की टीम ने इंद्रा गांव के मल्हार टोली से अवैध कोयला लदे 14चक्का ट्रक जेएच 02 एवी 3251 को धर दबोचा। मिली जानकारी के अनुसार रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी की इंद्रा गांव के मल्हार टोली से अवैध कच्चा कोयला लदा ट्रक 14चक्का ट्रक जेएच 02 एवी 3251 लाद कर निकालने की फिराक में है हालांकि इन सब के बीच बात यह रही की उस स्थान पर कोयला निकालने के क्रम में ट्रक फंस गया जिसके बाद वन विभाग की टीम को एक दो नहीं बल्कि तीन क्रेन बुलानी पड़ी। लोगों का कहना है की कोयला तस्करों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है की वहां पर अवैध कोयले का कारोबार पूनह चालू किया जा चुका है। देखने वाली बात यह है की प्रशासन इस तरह के अवैध कोयले के कारोबार और कारोबारियों पर क्या कार्यवाही करती है।जिस तरह से 14 चक्का ट्रक लगा कर कोयला निकाला जा रहा था उससे यही पता चलता है की खेल बहुत ऊपर से खेला जा रहा है।

कोयले का होता है भंडारण

आपको बता दें की मलहार टोली इंद्रा में रेलवे साइडिंग में सीसीएल से आने वाला कोयला को बड़े पैमाने पर चुरा कर अवैध तरीके से भंडारण किया जाता है। वहीं वन विभाग से बात करने पर बताया गया की गाड़ी पर अभी मामला दर्ज किया जा रहा है इसके आगे की इस पर जो भी कार्यवाही होगी उसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ये अवैध कोयले का कारोबार पिन्टू सिंह का है।मौके पर बटेश्वर पाशवन, अनिल कुमार रेंजर कुजू, शैलेन्द्र कुमार प्रभारी वन पाल , सुनील कुमार प्रभारी वन पाल , संजय कुमार, विकाश उराव अजय कुमार, शिकारी हेमरोम, नीलेश पोद्दार प्रभारी वन पाल सहित कुजू रेंज की टीम और मांडू रेंज की टीम उपस्थित थे।

## अपराधियों ने पहले मारी गोली फिर गला रेतकर की हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** थाना क्षेत्र के गाल्होबार में शनिवार की शाम करीब सात बजे अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी. अपराधियों ने पहले व्यक्ति को गोली मारी, फिर गला रेतकर उसकी हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये. मृतक व्यक्ति की पहचान गाल्होबार निवासी सफीरुद्दीन अंसारी उर्फ गुड्डू (45) के रूप में हुई है. जानकारी पाकर बड़ी संख्या में ग्रामीण और उसके परिजन घटनास्थल पर पहुंचे. सूचना पाकर विष्णुगढ़ पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गयी. पुलिस ने घटनास्थल से एक देसी कट्टा बरामद किया है.घटना के संबंध में बताया जाता है कि सफीरुद्दीन बाइक से अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान दो बाइक पर सवार होकर अपराधी वहां पहुंची और चलती बाइक से ही पीछे से सफीरुद्दीन अंसारी की पीठ में गोली मार दी. गोली लगते ही वे जमीन पर गिर पड़े. इसके बाद अपराधियों ने चाकू से उनका गला रेत दिया, जिससे उनकी मौत हो गयी. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. जांच पूरी होने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पायेगा. इधर पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सर्च अभियान भी चलाया. साथ ही कई लोगों से पूछताछ भी की.

## बरही चित्रांश समाज की बैठक संपन्न, जिला समिति के अधिकारी रहे मौजूद

❍18 अगस्त को समिति गठन को लेकर होगी अंतिम बैठक, सबों से उपस्थिति की अपील संवाददाता : बरही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सूर्य मंदिर परिसर स्थित चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में बरही चित्रांश समाज की बैठक हुई. जिसमे बरही, बरसोत, गौरियाकरमा आदि विभिन्न स्थानों से दर्जनों चित्रांश शामिल हुए. बैठक की अध्यक्षता व संचालन अखिल भारतीय कायस्थ्य महासभा (अभाकाम) के जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिन्हा ने किया. जिसमे जिला समिति के कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज मोहन प्रसाद, ठाकुर विभूति भूषण सिन्हा उपाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, संगठन मंत्री अजय कुमार अम्बष्ठा, बरही चित्रांश परिवार के अजीत कटरियार, विनय कुमार सिन्हा, शिवनंदन प्रसाद, पूर्णेंदु शेखर, गोपाल चंद्र घोष, महेश श्रीवास्तव, लक्ष्मण प्रसाद, बरसोत चित्रांश परिवार के अशोक कुमार बख्शी, प्रवीण कुमार बख्शी, अमरनाथ प्रधान, अनूप प्रधान, संतोष कुमार बख्शी आदि मौजूद रहे. बैठक का मुख्य उद्देश्य बरही उपसमिति का गठन करना था. समाज में एकता और मजबूरी बनी रहे, इसे लेकर चित्रांश बंधुओ के बीच विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुआ. ऐसे लोगो से एक बार फिर से संपर्क करने का निर्णय लिया गया. जिससे एक मजबूत सर्वमान्य कमिटी गठन किया जा सके. इसके लिए वरिष्ठ चित्रांशों के साथ रायशुमारी कर 18 अगस्त को बैठक करने का निर्णय लिया गया. जिसमे उपसमिति गठन से सबंधित तिथि का अंतिम निर्णय लेकर जिला समिति को सूचित किया जायेगा. निर्धारित तिथि को उपसमिति गठन करने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी. रायशुमारी के लिए अजीत कटरियार, शैलेंद्र सिन्हा व विनय कुमार सिन्हा को जिम्मेवारी सौंपी गई. समाज के वरिष्ठ लोगो से रायशुमारी करने की जिम्मेवारी दी गई. बैठक में सुमित कुमार सिन्हा, भारत भूषण श्रीवास्तव, निखिल कुमार, नवीन बक्शी, चंदन कुमार सिन्हा, कुणाल कटरियार, आशीष सिंहा, कुंदन कुमार सिन्हा, रविंद्र कुनार सिन्हा, संतोष कुमार बख्शी, अनिल कुमार बख्शी, जयदीप कुमार सिन्हा, प्रभात कुमार सिन्हा, प्रिंस सिन्हा आदि कई चित्रांश मौजूद थे.

## केदारूत पंचायत भवन में मंईयां सम्मान योजना का लगा शिविर, लाभ लेने पहुंची सैकड़ों महिलाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन महिलाओं को सम्मान देने के उद्देश्य

से शुरू की गई मंईयां सम्मान योजना का दूसरा शिविर केदारूत पंचायत भवन में आयोजित हुई। शिविर में महिलाओं में फार्म (आवेदन) जमा करने के लिए काफी उत्साह देखा गया। शिविर में बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंद्रवार की देख रेख में महिलाओं की सुविधानुसार कई स्टॉल लगाए गए थे जहां स्थानीय मुखिया सरिता देवी एव मुखिया प्रतिनिधी विशेश्वर यादव ने योगदान दिया। शिविर में कुल आवेदन 936 प्राप्त हुआ। बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंद्रवार ने कहा कि 21 वर्ष से 49 वर्ष के बहनों को सम्मान के रूप में सरकार इस योजना के तहत हर लाभुक को प्रति माह 1000 रूपये देगी। मौके पर मुखिया सरिता देवी, पंचायत समिति सदस्य विकाश सिंह,पंचायत सचिव खड़कधारी मेहता , मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, प्रखंड कंप्यूटर ऑपरेटर मोहन मिर्धा, प्रज्ञा केंद्र के संचालक एवं पंचायत के सभी आंगनबाड़ी के सेविका- सहायिका, उपमुखिया व वार्ड सदस्यगण सहयोग दिया।

## बरही में आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के जन्म दिवस पर औषधीय पौधा का हुआ वितरण



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने अपने साधकों के साथ मिलकर जड़ी बूटी दिवस मनाया। मौके पर लोगों के बीच औषधीय पौधों का भी वितरण किया गया। योगाचार्य अनिल मिश्रा ने बताया कि आज पूरे भारतवर्ष में जड़ी बूटी दिवस मनाया जा रहा है, क्योंकि आज पतंजलि के आचार्य बालकृष्ण जी महाराज का जन्म दिवस है। वहीं उन्होंने कई महत्वपूर्ण जड़ी बूटि औषधीय तुलसी, गिलोय, एलोवेरा, हरसिंगार, कड़ी पत्ता, नीम, पीपल, सदाबहार, अश्वगंधा, बेल, भूमि आंवला, पत्थरचट्टा, हल्दी, जीरा, काली मिर्च, ज्वाइन, अदरक, सोंठ, इलायची, डालचीनी आदि की जानकारी दि, साथ ही कई औषधीय पौधों का वितरण भी कराया गया। अपने साधकों के साथ मिलकर कई औषधीय पौधे पार्क में लगाए भी। मौके पर जिला सोशल मीडिया प्रभारी अनिल कुमार मिश्रा, मनोज केसरी, सहयोग शिक्षक दीपक सोनी, दीपक कुमार गुप्ता, लोकेश कुमार, रंजीत केसरी, रवि गुप्ता, पंकज कुमार, कृष्ण यादव, भोला चंद्रवंशी, आरूषी कुमारी, पीहू कुमारी, द्वितीय कुमारी, रॉकी कुमार, राजेश सिंह, शंकर कुमार गुप्ता, दिलीप केसरी, प्रशांत केसरी, राजदेव यादव, पृथ्वीराज, राजदेव यादव, मो. हाफिज अंसारी, युसूफ अंसारी, लाल जी राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के महासचिव विक्की कुमार धान ने स्पेशल ब्रांच के दरोगा अनुपम कच्छप की हत्या पर जताई चिंता



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची स्पेशल ब्रांच के 2018 बैच के दरोगा अनुपम कच्छप की गोली मारकर हत्या किए जाने पर राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के महासचिव विक्की कुमार धान ने प्रशासन से कड़ी कार्यवाई करने की मांग की है। विक्की धान ने कहा कि लगातार आदिवासी दरोगाओं को टारगेट कर मारा जा रहा है, जिसमें 2018 बैच की दरोगा रुपा तिर्की और संध्या टोप्पो भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि युवा और होनहार अनुपम कच्छप की हत्या बेहद निंदनीय है। राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद आदिवासियों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। विक्की धान ने झारखंड सरकार से मांग की है कि इस मामले में जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि अनुपम कच्छप के परिजनों को उचित सहायता राशि और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की जाए।

विक्की धान ने रांची में बढ़ते अपराध पर चिंता जताई और कहा कि अपराधी बेलगाम हो गए हैं, जो किसी को भी गोली मार रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब पुलिस ही सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी कैसे सुरक्षित महसूस करेगा। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के महासचिव ने राज्य सरकार से अपराध पर काबू पाने और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने की अपील की है।

### झरपो पंचायत भवन सचिवालय में शौचालय के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति, नहीं है पंचायत भवन में पानी की व्यवस्था

**टाटीझरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के झरपो पंचायत सचिवालय प्रांगण में झारखंड सरकार और हजारीबाग जिला उपायुक्त नैंसी सहाय की पत्रांक संख्या 08 में मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना शिविर में निकाली गई. आदेश पत्र के नियमो को धज्जियां जा रहा है। शिविर में आए महिलाओ को पीने के लिए शुद्ध पानी और शौचलय जाने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध मे रात्रि प्रहरी सह सफाई कर्मी गणेश रविदास ने बताया की पानी नहीं रहने की शिकायत कई बार पंचायत सचिव गुड़िया रानी और पंचायत के मुखिया शिबू प्रसाद सोनी को दिया लेकिन अब तक किसी ने भी समस्याओं का समाधान नहीं किया । शिविर स्थल से टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज से इस संबंध में बाते की गई तो उन्होंने कहा कि पंचायत की साफ सफाई,पेयजल समेत अन्य विधि व्यवस्था की दाईतत्व स्थानीय मुखिया और पंचायत सचिव की होती है।

## सर्वर डाउन से बेहाल मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, महिलाएं लौटीं निराश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना तकनीकी खामियों के चलते ठप हो गई है। शनिवार और रविवार को लगातार दो दिन सर्वर डाउन रहने के कारण सैकड़ों महिलाओं को निराश होकर घर लौटना पड़ा।

हजारीबाग जिले के सभी प्रखंडों व नगर निगम क्षेत्र में आयोजित शिविरों में भारी संख्या में पहुंची महिलाओं को घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद उनका फार्म आनलाइन नही हो पाया । शनिवार को कहीं कहीं कुछेक लाभार्थी का ऑनलाइन पंजीकरण हो पाया।

इस घटना ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तकनीकी तैयारियों की कमी को उजागर किया है। स्थानीय प्रशासन ने तकनीकी टीम से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है।

यह घटना सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों को दर्शाती है। और सर्वर क्षमता की अपर्याप्तता जैसी समस्याएं योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बाधा बन रही हैं। सरकार को इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने और समाधान खोजने की आवश्यकता है, ताकि लाभार्थियों को अनावश्यक परेशानी न हो और योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

## 6 अगस्त को धनवार पंचायत में मंईयां सम्मान योजना का लगेगा शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** 6 अगस्त को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर धनवार पंचायत भवन में निर्धारित किया गया है। स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने इस योजना की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए महत्वकांक्षी योजना चलाया है। लाभुक महिलाओं के खाते में इस योजना का लाभ प्रति माह सहायता राशि के रूप में 1000 दिया जाएगा। उन्होंने अपने पंचायत के योग्य लाभुक महिलाओं को इस योजना का लाभ लेने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए योग्य लाभुक महिलाएं जिनका उम्र 21 से 49 वर्ष की हो, राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, सिंगल बैंक पासबुक का छाया प्रति एवं मोबाइल नंबर और अपना फोटो शिविर में अवश्य लाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि यथा संभव शिविर के माध्यम से ही अपना आवेदन आवेदित करें, यह निशुल्क सेवा है, बिलौलियों के चक्कर में न फंसे। आवेदन फार्म भरने के लिए किसी तरह से दिक्कत हो तो मुझसे संपर्क करें।

## मुन्ना सिंह ने किया नगर निगम क्षेत्र में मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना पंजीकरण सेंटर का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने रविवार को नगरनिगम क्षेत्र में मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत पंजीकरण सेंटर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड 3, 4, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32 और 33 में आयोजित पंजीकरण अभियान का जायज़ा लिया। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज नारायन भगत ने भी इन कार्यक्रमों में वार्ड और बूथ कमेटी के सदस्यों के साथ पंजीकरण सेंटर का जायज़ा लिया।

मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के माध्यम से राज्य की गरीब और मध्यम वर्गीय महिलाओं को हर महीने ?1000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने कहा, ÷झारखंड सरकार खुशियों की बौछार लेकर आई है, और हर जरूरतमंद महिला को प्रतिवर्ष बारह हजार रूपए मिलेगा। मनोज नारायन भगत ने बताया कि मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का लाभ 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को मिलेगा, जिससे वे अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगी। महिलाओं ने महागठबंधन सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस योजना से उन्हें बहुत लाभ होगा।

इस अवसर पर नगरनिगम क्षेत्र में प्रमुख रूप से महानगर उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, रघु जायसवाल, बबलू सिंह, अभय यादव, गणेश रजक, मो शाने, संजीव सिंह, बसंत सोनी, मो जावेद, सुधीर सिंह, मो शबीर, मो लाल, सुजीत सिंह, भोला सिंह, पप्पू सिंह, राजेश कुशवाहा सहित कई कांग्रेस के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## सुदूरवर्ती गांव लोहरा में फुटबॉल टूर्नामेंट का अंकित राज ने किया उद्घाटन

❍विधानसभा क्षेत्र के हर हिस्सों में विधायक अंबा प्रसाद द्वारा लगातार कराए जाते रहे हैं टूर्नामेंट-अंकित राज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** प्रखंड क्षेत्र के मनातू पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्राम लोहरा में युवा आजाद क्लब के बैनर तले फुटबॉल टूर्नामेंट का शुरूआत इंटक प्रदेश सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज ने फीता काटकर किया।

इस दौरान अंकित राज ने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से लगातार टूर्नामेंट कराए जाते रहे हैं, अभी भी पूरे क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है। खेल खुद के क्षेत्र में हमारा क्षेत्र अग्रणी बने उसके लिए खिलाड़ियों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

युवा आजाद क्लब लोहरा के अध्यक्ष सुरेंद्र गंझू व दिवाकर गंझू ने बताया कि टूर्नामेंट में 32 टीम भाग ले सकते हैं पुरस्कार के तौर पर बुलेट खंस्सी, बंपर खंस्सी, सुपर खंस्सी, छोटा खासी दिया जाएगा।

मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मुखिया द्वारका गंझू, वार्ड सदस्य प्रभु गंझू, पंचायत अध्यक्ष संतोष शर्मा, मुकेश कुमार वर्मा, ओमप्रकाश गंझू, तेज गंझू,भीम गंझू, राजेंद्र गंझू, मोहन? गंझू , दिनेश गंझू, जागेश्वर साव, मुकेश कुमार वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## खंडेलवाल महिला संघ के द्वारा सावन मिलन समारोह का हुआ भव्य आयोजन

❍समाज के बच्चों ने पेश किया संस्कृति कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सावन का महीना आते ही क्या खास और क्या अलग सभी कोई अपने अंदाज में सावन का जश्न मनाने में आतुर नजर आते है इसी बीच खंडेलवाल महिला संघ के द्वारा रविवार को मुनका बगीचा के सभागार में भव्य रूप से सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता खण्डेलवाल महिला संघ की अध्यक्ष रुना खण्डेलवाल के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सबसे पहले गणेश जी एवं समाज के गुरु संत सुंदर दास जी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई इसके बाद महिला संघ की अध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। जिसके उपरांत गणेश वंदना, हनुमान चालीसा के साथ समारोह विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। समारोह के दौरान बच्चों के द्वारा कई संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इस बीच विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित किया गया वही कार्यक्रम में सावन झूला लगाया गया था जो सभी को अपनी और आकर्षित कर रहा था महिलाओं के लिए एक विशेष सेल्फी प्वाइंट कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रही,कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से सास बहू, मां बेटी, देवरानी जेठानी जैसे अनेकों प्रतियोगिता आयोजित कर महिलाओं को उपहार भेंट किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन राखी खण्डेलवाल के द्वारा किया गया। वही स्वादिष्ट व्यंजन लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी समारोह के दौरान बेहतर ड्रेस कोड, जैसे अनेकों माध्यमों से लोगों को पुरस्करित किया गया। यह आयोजन खंडेलवाल महिला संघ के द्वारा पहली बार आयोजित किया गया था। वही समाज की महिलाओं ने भी राजस्थानी गीत पर नृत्य किया। समारोह के दौरान महिला संघ की अध्यक्ष एवं सचिव को फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका के रूप में सरिता खंडेलवाल ने अपना योगदान दिया।

कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में खण्डेलवाल महिला संघ की संरक्षक उषा कूलवाल, सह संरक्षक इंदु दुसाध,अध्यक्ष रुना खण्डेलवाल,उपाध्यक्ष चंद्रकला ढ़ोकरिया,सचिव रूपा वैध,सह सचिव विनीता पवन रावत,रचना दुसाध,कोषाध्यक्ष नितिका दुसाध, सह कोषाध्यक्ष राखी दुसाध एवं समस्त कार्यकारणी सदस्य एवं समाज की समस्त महिला सदस्यों का विशेष रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रहा।

## अगामी 6 अगस्त को होंगा ओबीसी महापंचायत, प्रेस वार्ता कर पदाधिकारियों ने दी जानकारी

### कहा 55 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद अब तक हमें हमारी भागीदारी नही मिली है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अगामी 6 अगस्त को बरही टाउन हॉल में विधानसभा स्तरीय ओबीसी महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर एनएच आईबी में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से बरही विधायक उमाशंकर अकेला, स्टेट कोऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला, जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी मुख्य रूप से शामिल हुए। स्टेट कोऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला ने बताया कि ओबीसी महापंचायत में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं खाद्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप पूर्व मंत्री सह सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग केशव महतो कमलेश, ओबीसी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह आवास बोर्ड सदस्य अभिलाष साहू, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, मांडू के पूर्व विधायक जय प्रकाश भाई पटेल शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि ओबीसी महापंचायत की तैयारी जोरों शोरों पर है। उन्होंने कहा कि ओबीसी आबादी के 55 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद अब तक हमें हमारी भागीदारी नही मिली है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 27 प्रतिशत काटकर 14 प्रतिशत कर दिया था। जिसके बाद विधायक श्री अकेला समेत अन्य विधायकों ने सदन में उक्त मामले को उठाया था। वर्तमान सरकार ने राज्यपाल को प्रस्ताव भेजा है लेकिन अब तक इसकी मंजूरी नही मिली है। श्री नागवाला ने कहा कि जातिगत जनगणना होनी चाहिए। भागीदारी के साथ साथी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए।

## अधिक बारिश होने से गरीब मुस्लिम परिवार का मकान हुआ ध्वस्त, मुआवजे की मांग की

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरु कला पंचायत निवासी रमजान अंसारी ( 35 वर्षीय ) पिता अब्दुल रहमान का वर्ष अधिक होने के कारण मकान गिरा और ध्वस्त हो गया पिछले दो दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश होने के कारण एस्बेस्टस से बना एक कमरा गिर गया जहां पूरा परिवार का आशियाना बना हुआ था, अचानक24 घंटा लगातार भारी वर्षा के कारण मकान गिरकर ध्वस्त हो गया, मुस्लिम परिवार के युवक बहुत ही अत्यंत गरीब परिवार का है बरसात के मौसम होने के कारण उसके सामने सामने पूरे परिवार रात गुजारने के लिए बहुत अधिक विकट समस्या उत्पन्न हो गई है, पीड़ित व्यक्ति अपना आशियाना उजड़ने को लेकर पंचायत के मुखिया को फोन से सूचना दिया इस बाबत मुखिया ने कहा कि क्षतिपूर्ति के लिए प्रखंड के आपदा प्रबंधन विभाग को आवेदन दिया जाने का सलाह दिया!

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय जाँगी उर्दू के बच्चों में विद्यालय किट का किया गया वितरण

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राजकीय प्राथमिक विद्यालय जाँगी उर्दू में रविवार को छात्र-छात्राओं के बीच विद्यालय किट तथा ड्राइविंग बुक का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पंचायत के उपमुखिया अकबर अंसारी ने विद्यालय में पढ़ने वाले 79 छात्र छात्राओं के बीच कॉपी, किताब तथा पेंसिल का वितरण किया तथा सबको मेहनत करते हुए अपना पढ़ाई जारी रखने के लिए कहा।मौके पर विद्यालय के प्रधाना ध्यापक एकरामुल हक ने बताया कि सरकार सभी बच्चों को निःशुल्क किट्स का वितरण कर रही है ताकि हमारा शिक्षा व्यवस्था पर कोई असर ना हो। साथ ही साथ उन्होंने बच्चों का हौसला बुलंद करते हुए बताया कि शिक्षा ही सर्वधन है, इससे बढ़कर कोई धन नहीं होता है। मौके पर शमीम अंसारी सहित विद्यालय के शिक्षक मौजुद थे।

## भाजपा रामगढ़ नगर परिषद का एक प्रतिनिधि मंडल सांसद मनीष जायसवाल से मिला

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा रामगढ़ नगर परिषद का एक प्रतिनिधि मंडल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के हजारीबाग स्थित उनके आवास पर जाकर मुलाकात की मुलाकात के दौरान सांडी मनमोहन नगर राधा कृष्ण मंदिर का सुंदरीकरण दिग्वार में राधा कृष्ण मंदिर का सुंदरीकरण उत्क्रमित उच्च माध्य विद्यालय दिग्वार के बाउंड्री वालों का ऊंचाई एवं बाउंड्री वॉल का सुंदरीकरण बोंगावर राजेश प्रजापति के घर से लेकर किरण देवी के घर तक पोल बिजली तार का निर्माण दिग्वार चौक से लेकर दिग्वार लोगों मंदिर तक पीसीसी पथ निर्माण एवं नाली गढ़वाल की मांग की। सांसद से मिलने वालों में भाजपा रामगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज गिरी भाजपा नेता अरुण कुशवाहा रोहन लाल पुण्य प्रकाश कुशवाहा संतोष शर्मा बहादुर सिंह सुरेंद्र यादव अमित पांडे संजय सिंह जितेंद्र कुमार नूतन महतो हरिलाल महतो सहित्य लोग उपस्थित थे।

## सयाल के प्राथमिकी, अभियुक्त दिपक को भुरकुंडा पुलिस ने भेजा जेल

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सयाल दुर्गा मंडप के समीप से यौन शोषण के केस धारा 366 ए में फरार अभियुक्त दिपक कुमार 19 वर्ष पिता राधेश्याम रजक को भुरकुंडा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि दिपक कुमार ने कांड करने के बाद से ही फरार चल रहा था। वहीं दिपक के उपर पतरातु( भुरकुंडा )ओपी में 29 जुन को कांड संख्या 177/24 का प्राथमिकी दर्ज कि गई थी। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव पुरे प्रखंड क्षेत्र में किया जायेगा : सुधीर मंगलेश

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: दुलमी प्रखंड में सिरु पंचायत में दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के नेतृत्व बिलिचिग पाउडर छिड़काव का शुभारंभ किया। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि में पूरे प्रखंड क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का व्यापक छिड़काव किया जायेगा।



इस अभियान का उद्देश्य जलजनित बीमारियों और संक्रमणों को रोकना है। सुधीर मंगलेश ने कहा बरसात के मौसम में पानी का ठहराव आम बात है, जिससे मच्छरों के प्रजनन और जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव इन समस्याओं को नियंत्रित करने का एक प्रभावी उपाय है। हम समुदाय के सभी सदस्यों से अपील करते हैं कि वे स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और इस अभियान में हमारा सहयोग करें।÷इस पहल में पंचायत के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे सामुदायिक एकजुटता और सहयोग की भावना को बल मिला। ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव जल स्रोतों और सार्वजनिक स्थलों को कीटाणुरहित करने में मदद करेगा, जिससे बीमारियों का प्रसार रुकेगा और स्वस्थ वातावरण बना रहेगा। मौके पर युगल किशोर महतो पटेल कुमार विपुल कुमार पंकज कुमार चिरंजीवी कुमार सुजीत कुमार राजन करमाली राजदीप करमाली समीम अंसारी आदि।

## गोला मे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले कार्यकर्ता मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: गोला के सुवर्ण वणिक धर्मशाला में रविवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोला प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार चक्रपाणि व संचालन सुजित कुमार महतो ने किया। समारोह में गोला के विभिन्न दलों के दर्जनों लोग जेबीकेएसएस में शामिल हुए। जिनका स्वागत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जेबीकेएसएस के पंकज महतो व केंद्रीय महामंत्री संतोष चौधरी के द्वारा माला पहनाकर किया गया। स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आप लोगों को जेबीकेएसएस में हार्दिक स्वागत है। समिति 24 घंटा आप लोगों के हर सुख-दुख में खड़ा है। बताया गया कि पंचायत के कुमुद कुमार बर्मन, राजकुमार प्रसाद, मधु नायक, रितेश कुमार पोद्दार, विनोद कुमार पोद्दार, सुचित कुमार, प्रमोद सोनी, दिलीप कुमार स्वर्णकार, सविता देवी, चीतू चक्रवर्ती, रितु देवी, आशा देवी सुमन पोद्दार, सुब्रतो देवी सहित दर्जनों महिला पुरूष जेबी केएसएस में शामिल हुए। मौके पर भागीरथ प्रजापति, नरेंद्र महतो, मुख्तार अंसारी डब्लू महतो, पंकज कुमार महतो, रमेश महतो, धीरेन महतो, निरंजन महतो, होरेन महतो आदि मौजूद थे।

# यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई : रजत कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़** : रामगढ़ यातायात थाना प्रभारी रजत कुमार ने कहा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों व उनके गाड़ियों के ऊपर होगी कार्रवाई वाहनों की सभी कागजात अप टू डेट होना चाहिए सीट बेल्ट नियम से गाड़ी को नियमित गति से चलनी चाहिए मोटरसाइकिल चालक सर पर हेलमेट गति लिमिट होनी चाहिए गाड़ी से प्रदूषण नहीं होना प्रदूषण पेपर यूपी टू डेट होना चाहिए चाहिए वहान संबंधित जितनी भी कागजात नियम सही होनी चाहिए यातायात प्रभारी रजत कुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य लोगों की सुरक्षा घर से हेलमेट पहनकर और वाहन का कागजात फोटोकॉपी लेकर निकले नहीं तो कार्रवाई निश्चित है अब कहीं भी कभीभी यातायात नियमों का



पालन करवाने के लिए जांच अभियान चलेगा, वहीं यातायात थाना प्रभारी रजत कुमार ने बताया कि आज हम लोगों द्वारा चट्टी बाजार निकट बेसिक स्कूल के सामने वाहन चेकिंग लगाया गया है जांच के दौरान हेलमेट सीट बेल्ट व जिनका पेपर अप टू डेट रहेगा उन्हें छोड़ा जाएगा नियमों का पालन नहीं करने व पेपर अप टू डेट नहीं रहने पर होगी करवाई।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ कमेटी का हुआ विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ** : रविवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ के वार्ड नंबर 04 मे कमेटी विस्तार भारती कुशवाहा की अध्यक्षता तथा संचालन कुणाल कुशवाहा ने किया। इस बैठक मे केन्द्रीय पदाधिकारी, जिला कोर कमेटी सदस्य, पंचायत पदाधिकारी तथा सक्रिय सदस्य उपस्थित थे। सभी ने जेबीकेएसएस/जेएलकेएम के सुप्रिमो टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सभी समुदाय को एक साथ जोड़कर संगठन को मजबूत एवं सशक्त बनाने को लेकर सभी कटिबद्ध है। निश्चित तौर पर 2024 एक बदलाव का संकेत है। वार्ड नंबर 04 मे कमेटी विस्तार करते हुए संरक्षक सावन कुमार, अध्यक्षक पद के लिए डब्लु कुमार, उपाध्यक्ष आलोक कुमार, अरुण गुप्ता, सचिव राजेश कुमार, सह सचिव सुभाष कुदंगी, मनटू सोनकर, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार, मीडिया प्रभारी प्रिंस कुमार, नीतीश राणा, संगठन सचिव पिंटू कुमार, डेविड कुमार, कार्यसमिति सदस्य अभय कुमार, यशवंत कुमार, संतोष राज, रंजीत कुशवाहा, तपन कुमार, निलेश कुमार,अमित कुमार को सर्वसमिति से बनाया गया।

## सयाल दक्षिणी में नौ को मनेगी विश्व आदिवासी दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी** : सयाल दक्षिणी पंचायत भवन परिसर स्थित रविवार को आदिवासी समाज कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक में आगामी नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर चर्चा किया गया। वहीं बैठक के उपरांत संपूर्ण सयाल क्षेत्र के लोग इस बैठक में शामिल हुए। वहीं सर्वसम्मति से नौ अगस्त को आदिवासी दिवस समारोह के मौके पर नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं इस मौके पर राजू उरांव, रूपेश उरांव, राजेश मुंडा, गणेश मुंडा, प्रकाश मुंडा, बिजय उरांव, रंजित कश्यप, बिजय मुंडा, राजा कश्यप, मनोज पासवान,अजय उरांव, कृष्णा मुंडा, बवींद्र उरांव, कुनाल बेदिया, अजय महली, प्रेम मुंडा, पिंटू राज, सुनील उरांव, विकास खेरवार, बिक्री लिंडा, रवि उरांव, सोहर खेरवार आदि लोग मौजूद थे।

## हेसाबेडा के टुटे पुलिया का राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने किया निरीक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी** : उरीमारी पंचायत के हेसाबेडा में बिते शुक्रवार को हुई जोरो कि बारिश से हेसाबेडा जाने वाले सड़क का पुलिया बह गया। इसी आलोक में रविवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने गांव के मांझी हडाम सीताराम किस्कू के साथ टुटे हुए पुलिया का निरिक्षण किया। मौके पर क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि पुल के टुटने से उरीमारी पंचायत वासीयों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सीसीएल कर्मीयों को भी आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। वहीं उन्होंने सीसीएल प्रबंधन से मांग कि है कि टुटे हुए पुलिया को जल्द से जल्द बनवाया जाए। वहीं मौके पर विस्थापित नेता विश्वनाथ मांझी,जतरू बेसरा,दिपक यादव, राकेश यादव, पप्पू यादव, राजेश रजक,रघू मांझी,सीगू मांझी,रवि पावरीया, मनोज मांझी, बिनोद प्रजापति,शिव कुमार आदि मौजूद थे।

## नदी का पानी घुसने से करोड़ों रुपए के मशीन जल मग्न हो गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटों** : रामगढ़ भारी वर्षा के कारण वेस्ट बोकारो घाटो के राजीव नगर 9 नंबर और टिपलर साइड एरिया के क्वेरी एबी ओपन खदान में बोकारो नदी का पानी उफान भरने लगा और क्वारी एबी में नदी का पानी घुस गया वहीं इस इस संबंध में सूत्रों के हवाले से बताया जाता है कि कई बसें कीमती मशीन ओपन खदान में जल मग्न हो गया जिसकी कीमत करोड़ों रुपया बताई जा रही है सूत्र यह भी बदलते हैं कि खदान से पानी को निकालने में लगभग महीनो लग सकतें हैं।संबंध में वेस्ट बोकारो डिवीजन के अधिकारियों से



दूरभाष में बात हुई वही बताया गया है कि जब तक पानी नहीं निकल जाता है नुकसान का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है वैसे तो कंपनी को नुकसान हुआ है लेकिन सही आंकड़ा लगना आभी मुश्किल है।

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय में विदाई एवं स्वागत समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़** : राधा गोविंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के स्नाकोत्तर सत् 2022-24 एवं स्नातक सत् 2021-24 के विद्यार्थियों की विदाई तथा सत् 2024-26 एवं 2024-28 के विद्यार्थियों के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ )समरेंद्र नाथ साहा , उपकुलपति प्रो (डॉ) रश्मि , कुलसचिव प्रो (डॉ )निर्मल कुमार मंडल एवं राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सदस्य अजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित तथा स्व. राधा देवी एवं स्व.गोविंद साह के चित्रों पर माल्यार्पण करके किया।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने सभी विधार्थियो के हार्दिक बधाई दी एवम



उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिनमें नीता, खुशबू , नेहा, पूजा, मीरा, सरिता, सुहानी, ईशा, दीपा,अलका, मनीष, प्रकाश, एवं अन्य विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। विभाग के व्याख्याता डॉ दिलकेश्वर प्रसाद, डॉ रविंद्र पासवान, बुद्धदेव महतो, मासूम कुमार एवं अक्षय कुमार सोनी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

## रामगढ़ किसान मजदूर फाउंडेशन के द्वारा हजारीबाग सांसद का स्वागत किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़** : रविवार रामगढ़ किसान मजदूर फाउंडेशन के द्वारा हजारीबाग लोकसभा सांसद सह संसदीय प्राक्कलन समिति के सदस्य मनीष जायसवाल का स्वागत रामगढ़ शहर के सुभाष चौक में किया गया सांसद का स्वागत फाउंडेशन के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद द्वारा एवं कोषाध्यक्ष अभिमन्यु प्रसाद कुशवाहा द्वारा बुके दे कर स्वागत किया गया। फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा सांसद का जोरदार स्वागत किया गया । फाउंडेशन के सदस्य माल्य अर्पण कर सांसद का



स्वागत किया. सांसद महोदय द्वारा सुभाष चंद्र बस के प्रतिमा का माल्य अर्पण किये साथ ही रामगढ़ किसान मजदूर फाउंडेशन के द्वारा अभी यहां के मूल निवासी किसान दुकानदार के बीच हुए डेली मार्केट में उत्पन्न समस्या का समाधान हेतु आग्रह किये। फाउंडेशन के सभी सदस्य सांसद के स्वागत में सुभाष चौक में संदीप कुमार राजकुमार कुशवाहा बलराम प्रसाद कुशवाहा कपिल देव प्रियदर्शी अमित कुमार सुधीर कुमार श्याम नंदन सिंह सरफुद्दीन कुरैशी मोहम्मद नजीर नागेंद्र कुमार प्रदीप कुमार उमेश साव मिथिलेश कुमार टिंकू कुमार नरेश कश्यप गणेश कुमार महतो अनिल साहू पूरन महतो नरेश कश्यप जगदीश महतो कालेश्वर महतो संतलाल महतो बसंत कुमार कुशवाहा आदि ने किया।

## चितरपुर में आपकी विकास पार्टी कार्यकर्ता मिलन समारोह कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा** : चितरपुर स्थित बर टोला में आपकी विकास पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में आपकी विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा व विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव विकास कुमार साह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष साजिद हुसैन, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय प्रवक्ता कहकशा कमल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह रामगढ़ विधानसभा प्रभारी जाहिद अनवर मौजूद थे।मौके पर मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि आपकी विकास पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान देने का काम करती है। इसलिए धीरे-धीरे लगातार सैकड़ो लोग इस पार्टी से जुड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार व राज्य की हेमंत सरकार लोगों को ठगने का काम कर रही है। सिर्फ हिंदू मुसलमान



के नाम पर दोनों गठबंधन राजनीति कर रही है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव विकास कुमार साह ,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष साजिद हुसैन, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय प्रवक्ता कहकशा कमाल,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह रामगढ़ विधानसभा प्रभारी जाहिद अनवर, प्रदेश सचिव परवेज भंडारी, जिला अध्यक्ष आशिक अहमद, जिला सचिव कौनेन अहमद जिला उपाध्यक्ष अराफात अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

## भारत विकास परिषद के द्वारा रैन कोर्ट का वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़** : रविवार को सुबह 8.00 बजे से सुभाष चौक, बस स्टेंड, सब्जी मंडी में ज़रूरत मंदो के बीच, भारत विकास परिषद् रामगढ़ शाखा द्वारा जरूरतमंदो को रैन कोर्ट का वितरण किया गया. सुदूर गाँव से आए रेक्सा चालकों के बीच रैन कोर्ट का वितरण करते सदस्य।मौके पर अध्यक्ष हरीश चौधरी ने कहा रेक्सा वाले जरूरत मंदो के बीच रैन कोर्ट का वितरण करना सुखद अनुभव हैं, भारत विकास परिषद् अपने सामाजिक उतरदायित्व का निर्वहन करता रहा हैं. कार्यक्रम मे सचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि आज लगभग 25 रेक्सा वालों लोगों के बीच वितरण किया गया एवं आगामी दिनों में सुदूर गाव से दातुन एवं दोना बेचने वालों के बीच छाते का वितरण किया जायेगा , मुख्य रूप से अध्यक्ष हरीश चौधरी,सचिव प्रदीप कुमार शर्मा,



कोषाध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रकाश अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, अजय कुमार अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, विकास अग्रवाल,प्रकाश अग्रवाल,अनिल अग्रवाल तथा संस्थापक अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ पूर्व अध्यक्ष उमेश

## रामगढ़ पंहुचे सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा-आजसू कार्यकर्ताओं के साथ किसानों के समूह ने किया भव्य स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ** : रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज सभागार में भाजपा द्वारा आयोजित प्रेस- वार्ता को संबोधित करते हुए लोकसभा के बजट सत्र के दौरान रामगढ़ में आईएसएम की स्थापना के मांग, रामगढ़ के रेलवे स्टेशन से महानगरों के लिए लंबी दूरी की रेल की मांग, रामगढ़ कैंट की जमीन को कैंट बोर्ड से अविलंब मुक्त करने सहित क्षेत्र के किसानों के लिए उठाए गए मांगों पर विस्तार पूर्वक अपनी बात रखी साथ ही केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि या बजट अमृत कल का बजट है और इसमें सभी वर्ग समुदाय के साथ देश एवं झारखंड के विकास को गति प्रदान करने पर बल प्रदान किया गया है। जिसके बाद रामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से जुड़े प्रबुद्ध जनों सॉन्ग केंद्रीय बजट पर विशेष चर्चा पर चर्चा किया। इससे पहले रामगढ़ पहुंचने पर सांसद मनीष जायसवाल ने ऐतिहासिक सुभाष चौक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। यहां सैकड़ो की संख्या में मौजूद किसानों ने रामगढ़ किसान मजदूर फाउंडेशन के बैनर तले किसने की आवाज को लोकसभा में पुरजोर तरीके से उठने के लिए सांसद मनीष जायसवाल का पुरजोर स्वागत और सम्मान किया। मौके पर रामगढ़ क्षेत्र के भाजपा नेता और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और सांसद मनीष जायसवाल का फूल माला पहनकर रामगढ़ की धरती पर स्वागत किया ।रामगढ़ मेन रोड़ के झंडा चौक पर एनडीए गठबंधन में शामिल दल आजसू के रामगढ़ जिला कार्यालय में आजसू के प्रदेश महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा के प्रभारी रोशन लाल चौधरी और रामगढ़ जिले के आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी के नेतृत्व स्थानीय आजसू नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सांसद मनीष जायसवाल को पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मिय अभिनंदन किया।

# विधायक अंबा प्रसाद ने क्षेत्र के कई जटिल मुद्दों का निष्पादन कराया : प्रवीर चटर्जी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी** : सौंदा डी पंचायत में कांग्रेस कोर कमेटी का गठन दिन रविवार को किया गया। इस दौरान पंचायत स्तरीय कमेटी कमेटी व बुथ कमेटी का भी पुनर्गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रवीर चटर्जी ने किया। वहीं इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि इंटक प्रदेश सचिव विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी को फूलमाला पहनाकर व कांग्रेस पार्टी का अंग



वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।इस दौरान पंचायत के प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक किया गया व पूर्व अनुसंसित योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमे सर्वसम्मति से प्रवीर चटर्जी को अध्यक्ष, कौशल सिंह व श्री भगवान उपाध्यक्ष, सुरेश यादव सचिव, राकेश पासवान सह सचिव, राजकुमार रवि कोषाध्यक्ष, सैफ अली मीडिया प्रभारी सबीरा खातून महिला प्रभारी, अनिल सिंह संरक्षक जयंत तुरी सह संरक्षक चुने गए।प्रवीर चटर्जी ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद ने क्षेत्र के कई जटिल मुद्दों का निष्पादन कराया है। वर्षो से भुरकुंडा में गंदगी फैला रहे कूड़े कचरे के ढेर से निजात दिलाने का कार्य किया है समस्त कोयलांचल क्षेत्र के मांगों को बुलंद करते हुए सदन में भुरकुंडा को नया प्रखंड बनाने का मांग काफी सराहनीय है।मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, कोयलांचल विधायक प्रतिनिधि अमित साव, युवा विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजय पांडे, सुरेश यादव, विजय सोनी, कौशल सिंह,रीना देवी, शकील अली,मीना देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## टुंडी मंझिलाडीह गांव से कावंरियों का जत्था सुल्तानगंज के लिए हुए रवाना



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के मंझिलाडीह गांव से आज रविवार को जल अर्पित करने के लिए कावंरियों का जत्था प्रो जय कृष्ण शरण के नेतृत्व में दर्जनों कांवरियां सुल्तानगंज के लिए रवाना हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह जत्था कल सोमवार को जल भरकर पैदल चलकर बाबा नगरी देवघर पहुंचेंगे जहां जल अर्पित कर बाबा के चरणों में माथा टेकेंगे।यह जत्था लगभग दस वर्षो से लगातार बाबा के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं।आज के जत्था में मुख्य रूप से हितेश कुमार मिश्रा, शशि महता, राहुल शर्मा, शुभम् बनर्जी, जितेन्द्र सोनार,सनोज सिंह, कुलदीप मंडल, सिद्धू साव , सियाराम दत्ता,किशन साहू, ऋतिक हरि समेत दर्जनों कांवरियां जल अर्पित कर मनोकामना पूर्ण के लिए प्रस्थान कर गए।

## ट्रस्ट के द्वारा त्रैमासिक नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर का पारजोरिया में उद्घाटन



**सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्म निर्भर बनेगी किशोरियां : शत्रुघ्न महतो**

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के पारजोरिया में किशोरी सशक्तिकरण के लिए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में नि: शुल्क त्रैमासिक सिलाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का मुख्य अतिथि उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी, सचिव हलिमा एजाज के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शत्रुघ्न महतो ने कहा कि इस प्रशिक्षण से किशोरियां सशक्त तो होंगी ही साथ ही हुनरमंद भी बनेगी। आर्थिक रूप से भी मजबूत बनेगी एवं स्वरोजगार से भी जुड़ेंगी। ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने किशोरियों को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रस्ट की शुरुआत पारजोरिया गांव से ही हुई थी। यह बताते हुए खुशी हो रही है। संस्था धनबाद जिले में 150 गांवों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेगी। आगे ट्रस्ट को सचिव हलिमा एजाज ने बाल विवाह के खतरों एवं दुष्परिणामों पर विस्तृत प्रकाश डाला। मौके पर कोषाध्यक्ष बिनोद महतो, जिला कोर्डिनेटर नईमुद्दीन अंसारी, तिलक धारी रवानी,खगेन्द्र राय, कार्तिक महतो,पूजा कुमारी, माला देवी, गुलनाज बानो, चंदा कुमारी, बबीता देवी आदि के साथ साथ दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## गिरिडीह से कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को गिरिडीह ज़िले के राधा कृष्ण मंदिर भंडारीडीह , शक्ति नगर से लगभग 30-40 की संख्या में कांवरियों का जत्था बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हुई। वही भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो विनीता कुमारी ने सभी कांवरियों को अंगवस्त्र देकर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए रवाना की । उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गिरिडीह के युवा, पुरुष, महिला सभी लोग पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ देवघर जाते हैं, सुल्तानगंज से जल उठाकर पैदल देवघर आते हैं और बाबाधाम देवघर में भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाते हैं।श्रावण का पवित्र महीना में लोग पूरी आस्था , भक्ति और विश्वास के साथ देवघर जाते हैं। मौके पर समीर दीप अमित आर्या, सुरेश गुप्ता, बीरु वर्मा, मुकेश कुमार, मुकेश मंडल, पंकज मिश्रा, जनसेवक दयानंद मिश्रा ,बबलू चौधरी, पंकज पासवान, छोटू चौधरी, निर्मल चौधरी,राजेश कुमार, गोपाल पांडेय, रोहित चौधरी बैजनाथ सिंह, अर्जुन पासी आदि अनेकों लोग उपस्थित थे।

## धनबाद क्रिकेट संघ ने स्पोर्ट्स क्लब बनाने की योजना बनाई




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद क्रिकेट संघ ने जेएससीए के कंट्री क्रिकेट क्लब की तर्ज पर धनबाद में स्पोर्ट्स क्लब बनाने की योजना बनाई है। इसका प्रारूप तय करने और इस दिशा में आगे काम करने के लिए कमेटी बनाई जाएगी। संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि शनिवार को मुगमा के प्रभात स्टेडियम में हुई प्रबंध समिति की बैठक में सदस्यों ने इसपर अपनी सहमति जताई है। वहीं 15 अगस्त 2028 को संघ की स्थापना के पचास वर्ष पूरे हो जाएंगे। इस अवसर पर संघ ने सत्र 2027-28 को स्वर्ण जयंती महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत पूरे वर्ष कई समारोह, सेमिनार व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। देश-विदेश में धनबाद से जुड़े क्रिकेटर या खेल पदाधिकारियों को इन समारोहों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। आयोजन की व्यापक रूपरेखा आपस में विचार-विमर्श के बाद तय किया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि धनबाद से रणजी मैच खेल चुके पुराने क्रिकेटरों को संघ का सम्मानित सदस्य बनाया जाएगा। इनमें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सैयद सबा करीम, देवांग गांधी, अविनाश कुमार, अखिलेश सिन्हा, इंद्रनील बोस, संजय रंजन सिन्हा, हिलाल अली खान, जीशान अली, सुनील कुमार, सुभाष चटर्जी, राणा चौधरी, सतीश सिंह, सुधीर सिन्हा, कुंजन शरण, ब्रजेश राय, अमीर हाशमी के नाम अभी तक तय किए गए हैं। इसके अलावा अगले सत्र को लेकर प्रबंध समिति की बैठक में चर्चा की गई। साथ ही वार्षिक आम बैठक समय से पूर्व कराने के लिए सदस्यों ने अध्यक्ष को अधिकृत कर दिया।

### प्रभात मंत्र में खबर छपी तो नगर निगम की खुली नींद

# समस्या का होगा शीघ्र निदान : सहायक नगर आयुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** 200 घरो में नाली का गंदा पानी घुसने को लेकर लगातार दो दिन प्रभात मंत्र दैनिक अखबार ने प्रमुखता से खबर को छापी थी। छपी खबर का हुआ असर। नगर निगम के अधिकारियों ने जामाडोबा आलम नगर मे घर घर जा कर लोगो से बातें की और पूरी समस्या की जानकारी ली। सहायक नगर आयुक्त मोटाय बानरा ने कहा की जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। नगर आयुक्त के साथ बैठक कर समस्या की पूरी जानकारी दी जाएगी और टाटा का भी सहयोग लिया जाएगा। हर हाल में जल्द से जल्द समस्या दूर होगा। लोगो का कहना है की कई बार आश्वाशन मिला लेकिन काम नहीं हुआ है लेकिन इस बार अधिकारी के द्वारा जो आश्वाशन दिया गया उससे एक उम्मीद जगी है। शेख इंतेखाब अहमद ने कहा की प्रभात मंत्र दैनिक अखबार ने प्रमुखता से इस खबर को छापा है तभी अधिकारी की नींद खुली है। वर्ना कई आवेदन दिये गए और कई बार फोन किया गया लेकिन अधिकारीयों की नींद नहीं खुल रही थी। प्रभात मंत्र दैनिक अखबार ने अधिकारियो को जगाने का काम किया है।


आलम नगर के 200 घरों में घुसा पानी, लाखों का सामान बर्बाद, भोजन तक के लिये तरस रहे लोग
नगर निगम का होना हम सभी के लिये दुर्भाग्यपूर्ण : स्थानीय

मौके पर सहायक नगर आयुक्त मोटाय बानरा, नगर प्रबंधक विश्वनाथ भगत, स्वच्छता पर्यवेक्षक अमित पांडे, रंजीत रजवार, संजर आलम, खुशहाल वतन वेल्फेयर सोसाइटी के संस्थापक सैयद अबु बरकात (अरमान), मनव्वर आलम (मन्नु) इमरान आलम, नेहाल आलम, शमीम अंसारी, सोनु अंसारी, मो आमिर आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना गरीबों के लिए लाभकारी : ब्रजेंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष और धनबाद जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि पूरे झारखंड मे मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की शुरुआत की गई है। झारखंड सरकार का एक ही उद्देश्य है कि राज्य की महिलाओं को सशक्त बना उनके जीवन स्तर में सुधार किया जाए। धनबाद जिला मे सभी प्रखंडों में और वार्डो में आवेदन लेना शुरू हो गया है। उन्होने कहा कि यह योजना निःशुल्क है और मदद के नाम पर अगर कोई व्यक्ति पैसे की मांग करता है तो अविलंब प्रशासन को सूचित करें और जिला बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्षों को भी शिकायत पत्र दे सकते हैं। फिलहाल 10 अगस्त तक आवेदन लिया जाएगा और उसके बाद आगे भी यह कार्य जारी रहेगा। इस योजना के लागू होने से अब 21 से 49 वर्ष की महिलाओं को सालाना 12000 रुपया मिलना शुरू हो जाएगा। इस योजना के लिये मैं झारखंड की जनता की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई देता हुं।

## सांसद प्रतिनिधि शत्रुधन महतो ने पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सांसद ढूल्लू महतो के बड़े भाई सह सांसद प्रतिनिधि शत्रुधन महतो ने सिन्दरी विधानसभा अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय के पीछे गोदाम एप्रोच पथ निर्माण कार्य का नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। इस कार्य के शुभारम्भ होने से खुश होकर ग्रामीणों ने सांसद का आभार जताया और सांसद प्रतिनिधि को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### वंचित लाभुकों का उत्थान सरकार व जिला प्रशासन की प्राथमिकता

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का उद्देश्य पूर्ण हो, इसके लिए प्रशासन कर रही हैं सकारात्मक पहल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का जिले के सभी महिलाएं/बहनों को लाभ दिलाने के लिये प्रखंडों के पंचायत व गांवों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों के सभी वार्डो में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां पंचायत स्तरीय आयोजित शिविरों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व जनोपयोगी जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के माध्यम से हर जरूरतमंद को लाभान्वित करने का उद्देश्य है। जिसकी पूर्ति के लिए सभी पंचायतों, नगर निकायों में इस कार्यक्रम का बड़े स्तर पर संचालन किया जा रहा है। ताकि महिलाओं/बहनों को सरकारी योजनाओं के लाभ हेतु कहीं भटकना न पड़े, सरकार उनके पंचायत पहुंचकर उन्हें सरकारी योजनाओं से अच्छादित कर रही है, मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए जिलेभर की महिलाएं/बहनें शिविर में बढ़-चढ़कर भाग ले रही है और आवेदन दे रही हैं। योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और वे स्वयं भी आवेदन कर रहे हैं और अन्य महिला बहनों को आवेदन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

बता दें कि महिलाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। ताकि महिलाओं को उक्त सभी योजनाओं से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराकर स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनाया जा सकें। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को योजना अंतर्गत प्रतिमाह ?1000 की आर्थिक सहायता प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी। योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए आगामी 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

**क्या है योजना :-** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए सरकार का एक कारगर कदम है। इसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए ?1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी।

**किसे मिलेगा लाभ :-** लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखण्ड की निवासी हों उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर - 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड)/केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।

## धनबाद प्रेस क्लब 2024-27 का चुनाव शांतिपूर्ण हुआ संपन्न

### वरिष्ठ पत्रकार संजीव झा के सर अध्यक्ष पद का ताज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद प्रेस क्लब के 21 सदस्यीय प्रबंधन समिति का चुनाव शनिवार देर रात शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। गांधी सेवा सदन में संपन्न हुए चुनाव प्रक्रिया में दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार संजीव झा अध्यक्ष चुने गये है। उन्होंने रामजी यादव को हराया। संजीव झा को 147 वोट मिले, जबकि रामजी यादव को केवल 64 वोट ही मिले। वरीय उपाध्यक्ष पद पर शशिभूषण राय ने अभिषेक सिंह को हराया। शशि को 85 और अभिषेक को 72 वोट मिले। महासचिव पद पर अजय प्रसाद ने आशीष अंबष्ट को हराया। अजय को 94 और आशीष को 85 वोट मिले। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर मनोज शर्मा ने लखन कुमार को सिर्फ एक वोट से हराया। मनोज को 110 वोट मिले जबकी लखन को 109 वोट मिले। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद के पांच विजयी प्रत्याशियों में प्रतीक पोपट 141, अमर प्रसाद 117, बलवंत कुमार 117, सुरेन्द्र यादव 113 और शरद चंद्रा को 94 वोट मिले। वहीं सचिव पद पर विजयी प्रत्याशियों में मोहन गोप 129, संजय चौरसिया को 128, नवीन राय 125, राम मूर्ति पाठक 113 और चंदन पाल को 109 वोट मिले। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में विक्की प्रसाद 140, शांभवी सिंह 107, रोशन कुमार सिन्हा 104, विपिन कुमार रजक 102, गोपाल प्रसाद 100, शिल्पा सिंह 96 और कन्हैया पांडेय को 92 वोट मिले।धनबाद प्रेस क्लब प्रबंधन समिति 2024-27 का चुनाव संपन्न कराने में चुनाव पदाधिकारी विजय पाठक, अभय भट्ट के साथ विजय कुमार, शिक्षक संजय सिन्हा, दिलीप कर्ण, राजकुमार वर्मा, रामलखन कुमार, विजय कुमार, वकील प्रशांत बनर्जी और प्रभाकर प्रसाद का अहम योगदान रहा। सभी पत्रकारों ने नई कमेटी को ढेर सारी बधाइयां दी है।

### नल-जल योजना में लगने वाले करीब दस लाख के पाइप को किया जब्त

## चोरी करने के दौरान पुलिस ने एक को दबोचा, दो फरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मुफ्फसिल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर करीब 10 लाख का नल-जल पेयजलापूर्ति योजना का पाइप जब्त किया है। इस मामले में पुलिस को उत्तम मल्लाह नामक ट्रक चालक को भी चोरी के पाइप से लोड ट्रक के साथ दबोचने में सफलता मिली है। गिरफ्तार उत्तम मल्लाह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मंझलाडीह गांव का रहने वाला है।



जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर उत्तम ने सारे राज उगलते हुए बताया की उसके साथ मंगरोडीह का नवीन सिंह और तुरीकडीहा का दिनेश राय भी पाइप चुराने में शामिल था। फिलहाल दोनो आरोपी फरार है, लेकिन पुलिस दोनो को दबोचने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

बताया जाता है कि शुक्रवार की देर रात तीनो मिलकर तुरुकडीहा के ज्ञानचंद राय के घर के भीतर रखे 10 लाख का पाइप चोरी कर उसे वाहन में लोड कर रहे थे। उक्त पाइप को रांची के एक ठेकेदार प्रभात कुमार ने ज्ञान चंद राय के घर पर रखवाया था। पाइप का इस्तेमाल गांडेय के फुलची में नल-जल योजना में होना था।

इसी बीच सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो पुलिस जवानों के साथ तुरुकडीहा पहुंचे और छापेमारी करते हुए मालवाहक वाहन को करीब दस लाख के पाइप के साथ जप्त कर लिया। इस दौरान वाहन चालक उत्तम मल्लाह को तो पुलिस दबोचने में सफल रही, लेकिन नवीन सिंह और दिनेश राय फरार हो गए।

## झारखंड की मौजूदा सरकार सिर्फ लूट खसोट में जुटी है : सीता सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** झारखंड के मौजूदा सरकार से राज्य की सभी जनता त्रस्त है । झारखंड की राजधानी में अपराधियों के द्वारा पुलिसकर्मी की हत्या कर दी जाती है । राज्य की जनता को बरगलाने के लिए मईयां सम्मान योजना की शुरुआत की जाती है लेकिन इसकी स्थिति यह है कि सरवर डाऊन का बहाना बनाकर लाभुकों का फॉर्म ही नहीं भरा जा रहा है । आदिवासियों के सम्मान की बात करनेवाले हेमंत सोरेन की सरकार को इस राज्य की जनता देख रही है । कोल्हान के टाईगर कहे जानेवाले चम्प ई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया जाता है और जेल से बाहर निकलते ही पुनः हेमंत सोरेन सत्ता के लालच में अपनी लूट व ओछी राजनीति की रोटी सेंकने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के पद पर काबिज हो जातें हैं । उक्त बातें जामा के पूर्व विधायक सह भाजपा नेत्री सीता सोरेन सरिया के पवित्र धार्मिक स्थल राजदाहधाम में रुद्राभिषेक कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान पत्रकारों को सम्बोधित कर कह रही थी । आगे बताया कि झारखंड की राजनीति की देखा जाय तो सभी लोग अपनी जेब गर्म करने में लगे हुए हैं जबकि झारखंड में बेरोजगार युवा रोजगार की माँग करती है तो अनुबंध कर्मी ,सहायक पुलिस कर्मी ,सहिया साथी,स्वास्थ्य कर्मी हक एंव अधिकार के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन भी करती है तो उसपर लाठियां बरसाई जाती हैं । मौजूदा सरकार सिर्फ अपने वोट बैंक को चमकाने के लिए सिर्फ प्रलोभन वाली योजनाएं ला रही है ।

आगे उन्होंने बताया कि सावन का पवित्र महिना चल रहा है लोग सावन में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना में जुटे रहते हैं । इसी क्रम में सरिया के पवित्र राजदाहधाम की चर्चाएं बहुत सुनी थी तो मन में इच्छा थी कि राजदाहधाम स्थित भगवान भोलेनाथ के चरण में माथा टेककर महारुद्राभिषेक कर पूजन में भाग लेना और इस विधानसभा क्षेत्र में पहली बार पहुँचकर माथा टेकने का काम किया है ।

## जिले के मुस्लिम धर्मावलंबियों की टीम तीर्थ यात्रा के लिए रवाना



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड पर्यटन विकास निगम एवं जिला प्रशासन गिरिडीह के संयुक्त तत्वाधान में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत मुस्लिम धर्मावलंबियों को रविवार सुबह 7 बजे गिरिडीह के नए समाहरणालय भवन से अजमेर शरीफ, फतहपुर सिकरी, आगरा तीर्थ दर्शन के लिए रांची रवाना किया गया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी-सह-जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, गिरिडीह ने सभी तीर्थयात्रियों से हाल चाल पूछा तथा आग्रह किया कि सभी अपने जिले के ग्रुप में बने रहेंगे तथा जिले से तीर्थयात्रा को ले जा रहे नोडल पदाधिकारी से समन्वय बना कर सफर करेंगे। इसके बाद जिला खेल पदाधिकारी-सह-जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर तीर्थ यात्रियों को रांची रवाना किया गया। सभी तीर्थयात्रियों को एसी बस के द्वारा हटिया रेलवे स्टेशन भेजा गया तथा सभी आवश्यक सामग्री जैसे अल्पाहार, पानी आदि की विशेष व्यवस्था की गई। मौके पर जिला स्तरीय पर्यटन विशेषज्ञ जिला खेल कार्यालय के कर्मी, कोच मौजूद रहे तथा तीर्थयात्रियों को रवाना करने में सहयोग किया।

**संक्षिप्त खबरें**

### अमृत सरोवरक टूटा, गुणवता का खुला पोल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिबला पंचायत डोकिया टोला आजादी के अमृत महोत्सव मदन शर्मा के जमीन पर तालाब जीर्णोद्धार का भिंड़ टूटने से खोल दी गुणवत्ता की पोल। कार्य का पहचान विवरण 107728, 12/02/2022 है। दो वर्ष पूर्व वित पोषित भूमि संरक्षण विभाग लातेहार द्वारा 15 लाख 10 हजार 7 सौ कृषक अंशदान 10 प्रतिशत सरकारी अनुदान राशि 13 लाख 59 हजार 630 रूपये की लागत से तालाब जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया था. पिछले दो दिनों तक लगातार बारिश से तालाब का भिंड़ टूट कर पानी बह गया है। मेढ़ टूटने से यह प्रतीत हुआ की तालाब मे पानी प्रवेश के लिए पूरब की दिशा मे कलवट बनाया गया था। सर्व प्रथम कलवट बह गया उसके बाद पानी की दबाव बढ़ने से तालाब का भी मेढ़ टूट गया.सरोवर की लम्बाई लगभग एक एकड़ मे फैली हुई है। दो वर्ष पूर्व लाखो रूपये की लागत से सरोवर बनाया गया था।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा झारखंड प्रदेश में दुसरी बार भी बनाये गए प्रदेश कोषाध्यक्ष नजीर आलम खान

**प्रदेश भाजपा नेताओं को आलम ने जताया आभार, भाजपाईयों ने भी आलम को दी बधाई**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड मुख्यालय निवासी को एक बार फिर से दुसरी बार भी झारखंड प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मराण्डी के निर्देशानुसार एक बार फिर से पुनः दुसरी बार भी नजीर आलम खान को प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर नजीर आलम खान ने कहा कि पार्टी संगठन के प्रदेश के मुखिया बाबुलाल मराण्डी, पुर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द जी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी निवर्तमान सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उराँव अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने मुझपर सांगठनिक कार्यो पर जो भरोषा जताया है मैं अपेक्षा के अनुरुप खरा ऊतरूंगा। खान ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश मे तीसरी बार एनडीए की सरकार विकास के पथ पर नित्य आगे बढ़ता ही जा रहा है जिसे अब अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों मोदी जी के नेतृत्व पर विश्वास बढ़ा है, परिणाम स्वरूप आनेवाला विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक बहूल क्षेत्रों मे फिर से एक बार कमल खिलेगा और 2024 मे झारखंड फिर से एक बार भाजपा की सरकार बनेगी। नजीर आलम खान को दूसरी बार प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष लोहरदगा नासिर अंसारी, जिला महामंत्री मो0 एबरार अंसारी, अख्तर अंसारी, गुड्डू अंसारी, जहांगीर खान, मौलाना जियायूल हक असरफी, भाजपा जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री विन्देश्वर उरांव, सुरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, लखन उरांव, श्रवण मुंडा इत्यादि ने बधाई दी है।


## राज्य सरकार अपराध की घटनाओं में अंकुश लगाने में नाकाम है : बिंदेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राज्य में जब से जेएमएम-कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है। राज्य में कानून व्यवस्था का धज्जियां उड़ रहा है। सरेआम अपराधी सड़क पर घूम रहे है। व्यवसाई को अपना गोली का निशाना बना रहे है। रांची राजधानी में दिन दहाड़े अपराधी स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर को गोली मारकर हत्या कर देते है। कानून के रखवाले वकील को अपराधी चाकू से गोदकर हत्या कर रहे है, चांदनी चौक जैसे भीड़ भाड़ वाले जगह में चंदवे निवासी पर हत्या का असफल प्रयास। पाकुड़ जिला के आदिवासियों पर पुलिस बल द्वारा अंधाधुंध प्रहार कर घायल करना। निरंकुश सरकार का एक न बयान आना न उचित कार्रवाई करना। उक्त बातें रविवार को भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार के नाकामी की निंदा की है। उन्होंने कहा की विगत एक सप्ताह में एक नहीं कई लोगों को अपराधियों ने अपना गोली का निशाना बनाया है। जिसमें रांची के एक वकील,वार्ड पार्षद की हत्या भी सरेआम गोली मारकर की गई है। जिसमें वार्ड पार्षद की मौत इलाज के दौरान हो गई। इसके अलावे पाकुड़ में बढ़ते बांग्लादेशी के दबिश से पिछले दिनों 40 सरना सनातन परिवार गांव छोड़ पलायन कर गए। इसके बावजूद राज्य सरकार चुप्पी साधे हुए है। जेएमएम-कांग्रेस सरकार सिर्फ अपने आप को आदिवासी हितैसी की दुहाई देती है,परंतु पाकुड़ में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के बाद भी चुप्पी साधे हुए है। इसके अलावे दुष्कर्म की घटनाओं में भी लगातार ग्राफ बढ़ रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

## राहुल गांधी के डिक्शनरी में डर नाम का कोई शब्द है ही नहीं : सुखदेव भगत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के प्रतिपक्ष के नेता आदरणीय राहुल गांधी ने ट्वीट किए थे कि वह ईडी का स्वागत चाय बिस्कुट से करेंगे। इसी ट्वीट पर भाजपा के अनेक नेताओं ने बयान दिया कि राहुल गांधी डरे हुए हैं और वह खौफ में है। भाजपा नेताओं के द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने कहाकी राहुल गांधी के डिक्शनरी में डर नाम की शब्द ही नहीं है। जहां तक ईडी को चाय बिस्कुट से स्वागत करने की बात है तो यह राहुल गांधी और कांग्रेस का संस्कार है। राहुल गांधी ने इसलिए आशंका जाहिर किया है कि संसद में उन्होंने जिस बातों को रखे हैं और उनकी बातों को जिस प्रकार भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने संसदीय परंपराओं के विपरीत जाकर बहुत ही निम्नस्तरीय बात किए हैं और उससे ज्यादा दुख इस बात की है कि प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर अनुराग ठाकुर के बयान का समर्थन किया है ।भाजपा नेता के द्वारा संसदीय परंपरा के खिलाफ जाकर बयान देना और भाजपा का उसका समर्थन करना यह भाजपा का राजनीतिक संस्कार हो सकता है। राहुल गांधी ने इसलिए इस बात की आशंका जाहिर की है कि भाजपा जिस प्रकार संवैधानिक संस्थाओं का लगातार दुरुपयोग कर रही है ।महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी जैसे आम जनता की बुनियादी बातों को राहुल गांधी ने सड़क से लेकर सदन तक इसका आवाज उठाकर भाजपा के कुकृत्यों को आम जनता के सामने जो लाया है इसलिए भाजपा बौखला गई है। राहुल गांधी के आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता इसलिए एंटीसिपेशन में उन्होंने कहा कि भाजपा वाले उनके घर में ईडी भेज सकते हैं और ऐसे भी ईडी के माध्यम से नेताओं को परेशान करना भाजपा का कृत्य हो गया है।

## आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर एवं विपिन सिंह ने दिया पार्टी से इस्तीफा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी लोहरदगा जिला के वंय उपाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर एवं विपिन सिंह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपनी इस्तीफा केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को प्रेषित कर इसकी प्रतिलिपि जिला अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी को भी भेजा है। इस्तीफा का कारण दोनों ने व्यक्तिगत व्यस्तता एवं समय का अभाव बताया है, किंतु सूत्र बताते हैं कि इन दिनों आजसू पार्टी लोहरदगा जिला के अंदरखाने में कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। कुछ कार्यकर्ताओं का मानना है कि अब लोहरदगा जिला की आजसू पार्टी कमल किशोर भगत जी के समय की पार्टी नहीं रह गई है वर्तमान में यह दिशा से भटक गई है और पार्टी के समर्पित एवं स्वाभिमानी कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस करते हुए पार्टी से अलग होने में ही अपनी भलाई समझ रहे हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि 2009 एवं 2014 में कमल किशोर भगत जी को लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से जीताने में कुडू प्रखंड के जिंगी निवासी प्रदीप ठाकुर एवं कैरो प्रखंड निवासी विपिन सिंह का काफी योगदान रहा है। वह हमेशा पार्टी के लिए तन -मन और धन लगाकर समर्पित भाव से कार्य करते रहे हैं। इन दोनों का इस्तीफा देना पार्टी के लिए एक बड़ी क्षति कहीं जा रही है और निकट भविष्य में पार्टी से और समर्पित कार्यकर्ताओं द्वारा इस्तीफा देने की आशंका जताई जा रही है।

## ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी की मां को याद कर भावुक हुए विधायक कोलेबिरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी की माँ की श्रद्धाजंलि सभा में उपस्थित हुए कोलेबिरा विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी। बिधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी जामताड़ा में ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी की दिवंगत मां के श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित हुए और मंत्री जी के दुःख में उनको ढाढस बंधाया।मंत्री की माँ को श्रद्धांजलि देते हुए बिधायक बिकशल कोनगाड़ी भावुक हो गए।उनके साथ बिताए गए कुछ खूबसूरत पलों को याद करते हुए बिधायक ने बताया कि उनके साथ हमें कुछ पल बिताने का मौका मिला था। वो पल बहुत ही खूबसूरत था। उसकी यादें अभी भी ताजा है।हमे बिस्वास ही नही हो रहा कि मां अब हमारे बीच नही हैं।वो हमें अपने बेटे की तरह मानती थी और हमलोगों के अच्छे भविष्य के लिए हमेशा दुआए देती थी। हमारे सर से ममतामयी मां का आँचल हट गया है। उनकी कमी हमेशा खलेगी।चुँकि मां की जगह कोई नहीं ले सकता।कहा जाता है ना कि मां के पैरों के नीचे स्वर्ग है। इसका एहसास हमेशा हमें होता था, जब भी उनके साथ होते थे। बिधायक ने कहा कि चुँकि ईस्वर अपने भक्तों से बहुत ज्यादा प्यार करते हैं। वे हमेशा अपने अनुयायी का ध्यान रखते हैं। इसीलिए ईस्वर ने हर किसी को मां को आशीर्वाद के रूप में दिया है, ताकि हमेशा अपने बच्चों का ध्यान रख पाए। विधायक ने मंत्री के पिताजी सह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता फुरकान अंसारी जी से भी मुलाकात की और उनके दुख को साझा किया।विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी के साथ खिजरी बिधायक राजेश कच्छप, सिमडेगा बिधायक भुषण बाड़ा, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

## लोहरदगा में आचार्य बालकृष्ण जी के जन्मदिवस पर जड़ी बूटी दिवस मनाया गया



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जड़ी बूटी दिवस पर लोहरदगा में संगोष्ठी के साथ-साथ वृक्षारोपण एवं औषधीय पौधों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में शिवशंकर सिंह ने कहा कि आज आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य श्री बालकृष्ण जी के जन्मदिन पर जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, रामकुमार वर्मा, जनार्दन पांडेय,विनोद कुमार साहू, कृष्णा राम, सुदामा सिंह, अरविंद कुमार, विनय कुमार, वीरेंद्र कुमार सिंह, मुरारी कुमार सिंह, रघुनंदन शर्मा मुख्य रूप से शामिल हुए। सभी ने एकमत होकर औषधीय पौधों का संरक्षण एवं इनका पौधारोपण करने की पहल पर सहमति जताई। पतंजलि योग समिति के अभय भारती ने औषधीय पौधों का बढ़ चढ़कर प्रयोग लाने एवं लोगों तक जन-जन तक इसका प्रचार प्रसार करने की अपील सभी लोगों से की। सामूहिक रूप से औषधीय पौधे जिनमे नीम, मीठा नीम, गिलोय, भूमि आवला आदि का शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया।

## राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ ने मनाया गुरुदक्षिणा उत्सव



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर के समीप स्थित मंडप परिसर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रभात शाखा के स्वयंसेवको द्वारा रविवार को गुरूदक्षिणा उत्सव मनाया गया। इस मौके पर गुरु के रूप में भगवा ध्वज को प्रणाम करते हुए स्वयंसेवको द्वारा राशि समर्पित की गई। वही मौके पर स्वयंसेवक विजय सोनी ने कहा कि संघ द्वारा मनाये जाने वाले 6 उत्सवों में एक गुरुदक्षिणा उत्सव भी शामिल है। जिसकी शुरुवात 1928 में की गई थी। गुरुदक्षिणा में स्वयंसेवक अपनी सामर्थ्य के अनुसार गुप्त रूप से राशि समर्पित करते है। जिससे पूरे वर्ष संघ का संगठनात्मक कार्य चलता है। इसके अलावा संघ किसी से कोई चंदा या धनराशि नही लेता है। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना 1925 में डॉक्टर केशव बलिराम हेडगवार द्वारा की गई थी। उसी समय संघ के संस्थापक डॉ केशव बलीराराम हेडगेवार को स्वयंसेवको द्वारा संघ का गुरु बनाना चाहते थे। परंतु हेडगेवार जी ने मना करते हुए भगवा ध्वज को जो त्याग, शौर्य, सनातन संस्कृति का प्रतीक बताया था जिसे आज गुरुस्वरूप माना जाता है। मौके पर खंड संघ चालक केदारनाथ साहू, खंड कार्यवाह मोहन महली,विजय सोनी, अजय साहू, जोधनारारायन साहू, हर्षनाथ महतो राजेन्द्र प्रसाद, अवनीश पाठक सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## गीत संगीत के माध्यम से मुख्यमंत्री मंईयां योजना का किया गया प्रचार प्रसार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के उगरा और मुर्की तोड़ार पंचायत में झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मइया योजना का गीत संगीत के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। झारखण्ड सरकार के महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मइया योजना के तहत 21 से 50 वर्ष तक के महिलाओं को प्रत्येक माह 1000 रुपैया दिया जाना है। जिसे रिमझिम सांस्कृति कला मंच के कलाकारों द्वारा गीत संगीत के माध्यम से उगरा और मुर्की तोड़ार पंचायत में ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से गीत संगीत के माध्यम से प्रचार प्रसार कर जागरूक किया गया। वही जानकारी देते हुए बताया गया की ग्रामीण जनता के लिये सरकार अनेकों महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है। जिस तरह विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन योजनाएं है उसी तरह मुख्यमंत्री मइया योजना के अन्तर्गत महिलाओं का सहयोग के तौर पर सरकार द्वारा प्रत्येक माह एक हजार रुपैया दिया जायेगा। मौके पर कयूम अंसारी, ज्योति देवी, सरिता देवी, मोजाहिम अंसारी, रितु लकड़ा, गीता देवी, राजा अंसारी सहित अन्य कलाकार शामिल थे।

**संत बियानी के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है : विधायक भूषण बाड़ा**

## जिले में धूमधाम से मना संत जॉन मेरी बियानी का पर्व, विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कुरडेग, तुमडेगा एवं बीरू भिखारियेट के डीन एवं सभी पुरोहितों को विधायक भूषण बाड़ा ने बुके देकर पर्व की दी बधाई* सिमडेगा तुमडेगी भिखरियेत के तुमडेगी पल्ली में संत जॉन मेरी बियानी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मौके ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा मुख्य रूप से उपस्थित थे। विधायक भूषण बाड़ा ने संत बियानी की तस्वीर के समीप कैंडल जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक ने संत जोन मेरी बियानी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत बियानी पल्ली पुरोहितों के संरक्षक थे। हमें संत बियानी को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। वे सच्चाई के मार्ग पर हमेशा चलते रहे। हमें उनकी जीवनी से प्रेरणा लेनी है। उन्होंने कहा कि हर संघर्ष के बाद जीत होती है। संत बियानी भी अपने जीवन मे काफी संघर्ष किए। छात्र-छात्राएं आप लोग भी अपने पढ़ाई के प्रति संघर्ष करते रहें सफलता मिलेगी। **संत जॉन मेरी बियानी पर्व हमें विनम्र, उदारता और सभी के साथ सहानुभूति रखने का देता है संदेश : जोसिमा खाखा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि संत जॉन मेरी बियानी पर्व हमें विनम्र, उदारता और सभी के साथ सहानुभूति रखने का संदेश देता है। सभी लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम सभी खुशनसीब है कि हम सभी को संत बियानी जैसे महान संतो का संरक्षण प्राप्त है। इधर विधायक भूषण बाड़ा एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा को लोगों ने बुके देकर व माल्यार्पण कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इधर सुबह में पर्व के मौके पर मिसा पूजा डीन सह पल्ली पुरोहित सह डीन फादर पीटर मिंज,सहायक पल्ली पुरोहित फादर अमित कुजूर की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा, मुखिया अनिल उरांव, उर्मिला सहित भारी संख्या में मसीही धर्मावलम्बी उपस्थित थे। विधायक ने बुके देकर सभी पुरोहितों को पर्व की बधाई दी। *कुरडेग, तुमडेगा एवं बीरू भिखारियेट के डीन एवं पुरोहितों को भी विधायक भूषण बाड़ा ने बुके देकर पर्व की दी बधाई* इधर कुरडेग भिखारियेट भी भी पहुंच कर विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने डीन सह पल्ली पुरोहित फादर सुनील कुमार तिर्की, फादर बिपिन सोरेंग,फादर रंजित डुंगडुंग को पर्व की बधाई दी। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, प्रखंड उपाध्यक्ष तेलेसफोर टोप्पो, अनीता रानी, मिखाइल मिंज, पीटर खाखा, रॉबर्ट तिर्की, विजय खेस आदि मौजूद थे।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 112 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 50 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। न्यू रांची पैथोलॉजी थायरोकेयर के सहयोग से हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप,ब्लड शुगर, आदि का निशुल्क जांच किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा लोगों को अपने स्वास्थ के प्रति खास ध्यान देना चाहिए और जल्द ही, ई.सी.जी (ECG) जांच के अलावा स्वास्थ्य संबंधित अन्य सभी जांच भी आधे ही खर्च पर कराई जाएगी और हमारा प्रयास रहेगा की ज्यादा से ज्यादा लोगों को सेवा प्रदान कर सके,जिससे कि लोग स्वस्थ रह सके और कहा कि आप स्वस्थ हैं तभी आपका परिवार खुशहाल है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की लोगों को अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहना चाहिए और पानी को उबालकर ही पिए, अपने घर के आसपास पानी का जमाव ना होने दे क्योंकि मच्छर के प्रकोप से कई बीमारियाँ बढ़ती है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर अपने स्वास्थ्य के संबंध मे जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है, लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए, आज शिविर में, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, राजू यादव, सुबोध महतो, सत्यम सर्राफ, राहुल राय, सुरेंद्र कुमार जग्गी, अतुल सर्राफ, शिमला देवी, अंजली सर्राफ, सुरेंद्र गुप्ता, रामू राम, वाल्मीकि सिंह, राजेश्वरी देवी, जयंत सिंह, बजरंग महतो, महेश कास्यंकार, इमरान हुसैन, सुनील अग्रवाल, सत्येंद्र दुबे, कलावती देवी, अनिल मोदी, कृष्ण प्रसाद, तेहरा खातून, रेणु देवी, प्रभा देवी, अंजू देवी, हाजी सरफुल अंसारी, अशोक साहू, सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, प्रियंका शर्मा, नीलम देवी, राजू अग्रवाल, शंभू शर्मा, रामचंद्र गिरी, प्रभु दयाल साहू, शिशुपाल महतो, अनूप अग्रवाल, उदय कसेरा, देवनारायण प्रसाद गुप्ता आदि थे।

## जिला के 12 आदिवासी संगठनों द्वारा भव्य विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा : सोमदेव उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला के विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा संयुक्त तत्वावधान में आगामी नौ अगस्त विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर अहम बैठक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बैठक का सभापति पराम्परिक पड़हा समिति लोहरदगा एवं राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा की पहल से इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। बैठक में राजी पड़हा समिति लोहरदगा संजु भगत देवान और मंच संचालन राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव की अध्यक्षता में की गयी। यह बैठक रविवार को एम जी रोड स्थित झखरा कुम्बा लोहरदगा में सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से विचार-विमर्श के बाद सभी की सहमति दिया गया कि आगामी नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस में 12 संगठनों से एक एक वक्ता एवं एक एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए यह विशेष सूचना दिया गया है कि विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य पर विडियो रिकॉर्डिंग गाने पर डांस नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम को सही सुचारू ढंग से संचालन के लिए सभी संगठनों ने मंच संचालन के लिए पांच लोगों का नाम नामित जालेश्वर उरांव, संजय टोप्पो, सुमति उरांव, राजू वनार्ड कुजूर, और फूलचंद उरांव है। बैठक में उपस्थित आदिवासी वस्त्रालय लोहरदगा की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों के लिए सम्मानित के लिए शॉल प्रदान किया जाएगा। विश्व आदिवासी दिवस के पूरे आय व्यय की देख रेख के लिए सुधू भगत व अनमोल तिर्की को नामित किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से राजी पड़हा समिति लोहरदगा संजु भगत देवान, केन्द्रीय सरना समिति के संरक्षक मनी उरांव,राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा भारत के महासचिव जालेश्वर उरांव, ऑल चर्चेस मसीहा से अनमोल तिर्की, आदिवासी जनजागरण समिति लोहरदगा के महासचिव संजय टोप्पो, जिला आदिवासी छात्र संघ जिलाध्यक्ष अवधेश उरांव,युवा प्रकोष्ठ राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिलाध्यक्ष मनीष मुंडा, ऑल चर्चेस के अध्यक्ष राजू वनार्ड कुजूर आदिवासी लोहरदगा समाज से रामजीत लोहरा, कोर कमिटी से सोमे उरांव, सुधू भगत, फूलदेव उरांव, मीडिया प्रभारी नूतन कच्छप, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति सचिव सुकेन्द्र उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता बिहारी भगत, ज्ञान मुंडा, विशनी उरांव, जयन्ती उरांव, प्रभा भगत, मानकी उरांव, महमनिया उरांव, पुनीत उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### पुणे में बाढ़ का कहर, भारतीय सेना के 105 जवान तैनात

**मुंबई :** पुणे में रविवार को सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश और खडवासला बांध से मुथा नदी में पानी छोड़े जाने से निचले इलाकों में शहर में बाढ़ का कहर बरपने लगा है। सिंहगढ़, एकता नगर आदि इलाकों की कई सोसाइटियों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इन इलाकों में बाढ़ प्रभावितों को निकालने के लिए भारतीय सेना के 105 जवानों को तैनात किया गया है। पुणे में बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें कर रही है। पुणे के बांध क्षेत्रों में भी लगातार बारिश हो रही है। आज सुबह से खडवासला में सात मिलीमीटर बारिश हुई है। पनशेत वरसगांव में 14 मिलीमीटर बारिश हुई है। यरवदा में 16 मिलीमीटर बारिश हुई है। मुलशी तहसील के कुंभेरी में 54 मिमी, तम्हिनी में 31 मिमी और लवासा में 17 मिमी बारिश हुई है। इसलिए उपमुख्यमंत्री ने बांध क्षेत्रों का जलस्तर 65 फीसदी तक ही रखने का आदेश दिया है। इसलिए बांधों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। बारिश की मात्रा के आधार पर बांध का डिस्चार्ज फिर से कम या ज्यादा किये जाने की संभावना है। इसके चलते बचाव कार्य के लिए भारतीय सेना द्वारा नावें, ट्यूब, विभिन्न सामग्रियां लाई गई हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आज सुबह ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को स्थानांतरित कर सुरक्षित स्थलों पर आश्रय शिविरों में रखने और उन्हें हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश प्रशासन को दिया है।

### डालटेनगंज विधानसभा से रूचिर तिवारी होंगे उम्मीदवार : जितेंद्र सिंह



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी व राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह ने रांची में दो दिवसीय 3 और 4 तारीख को राज्य परिषद के बैठक में भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता पशुपति कोल ने किया। बैठक में झारखंड राज्य के नवनियुक्त प्रभारी राम कृष्ण पांडा, एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार, पूर्व सांसद सह किसान सभा के राज्य अध्यक्ष भूवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, आंफिस सेकेट्री अजय सिंह आदि उपस्थित थे। बैठक में आम जनता की जनसमस्याओं के साथ ही झारखंड राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा सभा चुनाव पर चर्चा किया गया। बैठक में राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह ने कहा की डाल्टनगंज विधानसभा में इस बार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और भाजपा को हराएगी। इसके लिए उम्मीदवार के रूप में जिला कमेटी ने पहले ही रुचिर कुमार तिवारी को तय करके उम्मीदवार चुना है। बैठक को संबोधित करते हुए रूचिर तिवारी ने कहा कि पलामू जिला के डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है। ना तो यहां सिंचाई की कोई व्यवस्था है और न हीं बीजेपी के विधायक ने 10 वर्ष के कार्यकाल में डाल्टनगंज विधानसभा के विकास के लिए एक भी काम किया। मीडिया से पूछे गए पांच विकास के काम में उनकी बोलती बंद हो गई। ऐसी स्थिति में डाल्टनगंज विधानसभा के कार्यकर्ता एवं आम जनता भाजपा की कार्य प्रणालियों से ऊब चुकी है और अब वह सीपीआई की ओर देख रही है।

# केंद्रीय रक्षा मंत्री से मिले डॉ. कौशल, किया पौधा भेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर ट्री मैन ऑफ झारखंड व विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ. कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत हिमाचल का कपूर का पौधा केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भेट कर स्वागत किया।केंद्रीय रक्षा मंत्री से बातचीत के दौरान डॉ कौशल ने कहा कि प्रकृति के सुखद संयोग से आज समाज के दो महान रक्षकों को एक साथ बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बस दोनों रक्षक में इतना फर्क है कि माननीय मंत्री के निर्देशन में देश की सरहद की रखवाली हो रहा है जबकि पर्यावरणविद के पौधरोपण व वितरण अभियान से धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख योनी जीवों की सुरक्षा हो रही है। बनरखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि कपूर एक औषधीय पौधा है। हाई ग्रीन पौधा होने के कारण इससे छाया भी अधिक मिलता है और इसका औषधीय उपयोग विक्स बनाने में भी किया जाता है। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान डॉ कौशल व जिला पार्षद अमित कुमार ने क्षेत्र के समस्याओं के सम्बंध में जानकारी साझा किया। वहीं राज्य में आसन विस चुनाव पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर सूरज कुमार जायसवाल भी उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार वक्फ अधिनियम में बड़े बदलाव की तैयारी में




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार वक्फ अधिनियम में बड़ा बदलाव करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अधिनियम में बदलावों को शुक्रवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी प्रदान की। इस विधेयक के द्वारा वक्फ बोर्डों की किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने और उस पर नियंत्रण करने की शक्तियों पर अंकुश लगाया जाएगा। विधेयक के माध्यम से किए जा रहे इन बदलावों में केंद्र सरकार बोर्ड की शक्तियां कम करेगी। केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाएगी। वक्फ की संपत्ति घोषित करने से पहले उसका अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। विधेयक में विवादित भूमि के नए सिरे से सत्यापन के प्रावधान भी हैं। वक्फ अधिनियम को शुरू में 1954 में पारित किया गया था, लेकिन बाद में 1995 में इसे एक नए संस्करण द्वारा प्रतिस्थापित किया गया। वक्फ अधिनियम, 1995 की धारा 40 बोर्ड को उस संपत्ति के स्वामित्व को अधिग्रहित करने, नोटिस जारी करने या जांच करने का अधिकार देती है, जिसके बारे में उसे विश्वास है कि वह वक्फ की है।

# 2029 में फिर एनडीए आएगा : अमित शाह



**एजेंसी**

**चंडीगढ़ :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंडीगढ़ के मनीमाजरा में चौबीस घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने वाली परियोजना का रविवार को उद्घाटन किया। कुल 75 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित इस परियोजना से मनीमाजरा के एक लाख से अधिक निवासियों को लाभ मिलेगा, जिनमें मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, शिवालिक एन्क्लेव, इंदिरा कॉलोनी और शास्त्री नगर में रहने वाले लोग भी शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर हमला बोला और कांग्रेस को आईना दिखाते हुए यह दावा किया कि 2029 में भी एनडीए की सरकार बनेगी और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे।पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया भी इस अवसर पर उपस्थित थे। 'स्मार्ट सिटी मिशन' के तहत शुरू की गई इस परियोजना का उद्देश्य निरंतर उच्च दबाव आपूर्ति के माध्यम से इसके भंडारण को कम करके पानी की बर्बादी को रोकना है।

## खंडवा में किशोर कुमार की समाधि पर जुटे प्रशंसक, लगाया दूध-जलेबी का भोग

**एजेंसी**

**खंडवा :** मध्य प्रदेश के खंडवा में जन्मे महान पार्श्व गायक किशोर कुमार की जयंती पर रविवार को दूरदराज से सैकड़ों प्रशंसक उनकी समाधि पर जुटे। यहां सबने खुशबूदार पुष्प अर्पित किए और समाधि पर दूध-जलेबी का भोग लगाया। इस दौरान रिमझिम बारिश होती रही, तो ऐसा लगा मानो इस मौसम में किशोर दा का मन फिर कह उठा हो- भीगें आज इस मौसम में, लगी कैसी ये अगन। सावन की रिमझिम फुहारों के बीच किशोर दा की समाधि पर उनके प्रशंसक जुटे तो 1979 में आई फिल्म मंजिल का दिलकश गीत रिमझिम गिरे सावन, सुलग-सुलग जाए मन... जैसे फिर से जीवंत हो उठा। हरफनमौला कलाकार किशोर दा की जयंती पर खंडवा में उनके चाहने वाले महाराष्ट्र के मुंबई, अकोला और गुजरात एवं मध्य प्रदेश के कई शहरों से उनके प्रशंसक पहुंचे। नगर निगम द्वारा समाधि को फूलों से सजाया गया। किशोर दा कहा करते थे कि दूध, जलेबी खाएंगे और खंडवा में बस जाएंगे, इसलिए उनकी समाधि पर दूध, जलेबी का भोग भी लगाया गया। समाधि पर स्वरांजलि देने के लिए पार्श्व गायक मिलन सिंह और श्रीजीत भी पहुंचे। दोनों ने मंच से किशोर कुमार के गीतों की प्रस्तुति दी।

# जन्म दिवस को जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा स्थित आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा आचार्य बालकृष्ण जी का जन्म दिवस जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया गया ।इस अवसर पर योग कक्षा का संचालन योग शिक्षक उपकार कुमार गुप्ता योग के द्वारा किया गया। साधकों के बीच जड़ी बूटी दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों का परिचय योग विस्तारक सुशील केसरी द्वारा किया गया और उसकी उपयोगिता तथा प्रयोग की विधि बताई गई।

साथ ही सभी लोगों को पौधों का वितरण किया गया। मौके पर यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पतंजलि राज्य सह प्रभारी रासबिहारी तिवारी, भारत स्वाभिमान न्यास ट्रस्ट के जिला प्रभारी श्री नागेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण दुबे, राज्य मीडिया प्रभारी संतोष पांडेय, गढ़वा जिला मीडिया प्रभारी आनंद चौबे, किसान पंचायत अध्यक्ष शिवकुमार साहू, पत्नी विमला देवी, योग साधक रामदास साहू, दिलीप शर्मा, सुरेंद्र केसरी, विजय सोनी, रीमा देवी, वीणा गुप्ता, अजीत तिवारी, संतोष चौबे, पूनम कांस्यकार, भोला अग्रवाल, अनुज केसरी, संध्या केसरी, शीला देवी, आदि उपस्थित थे।

# दिशोम गुरुजी नें दिया रंका अनुमंडल और डंडा प्रखंड : झामुमो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झामुमो के जिला प्रवक्ता कार्तिक पाण्डेय और रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता नें कहा है कि रंका को अनुमंडल बनानें का श्रेय सिर्फ और सिर्फ झारखंड मुक्ति मोर्चा को जाता है। तात्कालीन मधु कोड़ा सरकार में उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री रहे झामुमो विधायक दल के नेता स्व. सुधीर महतो की अनुशंसा पर मधु कोडा कैबिनेट की अंतिम बैठक में रंका और जगन्नाथपुर को अनुमंडल बनाने पर मुहर लगी थी। चार अक्टूबर 2008 को तब के मुख्यमंत्री और झामुमो सुप्रीमो आदरणीय शिबू सोरेन के कर कमलों से रंका अनुमंडल और डंडा ब्लॉक का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया गया है। उस समय सरकार के सहयोगी दल रहे राजद विधायक के तौर पर समारोह में उपस्थित रहने से कोई अनुमंडल और प्रखंड बनाने का श्रेय लेना चाहे तो यह काफी हास्यास्पद है। आदिम समाज बहुल्य भंडरिया, चिनियां, रमकंडा, बरगड के लोगों की सुविधा के लिए झामुमो नें 1998 से जैक उपाध्यक्ष और तात्कालिक झामुमो नेता सूरज मंडल के रंका दौरे के समय से किया है। अनुमंडल की मांग काफी पुरानी थी जिसे झामुमो नेता रहे स्व. सुबोध कुमार और मो. जुबैर नें गुरुजी शिबू सोरेन के साथ उस समय की मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से भी की थी और उस आवेदन पर बिहार मुख्यमंत्री सचिवालय की चिट्ठी आज भी सुरक्षित है। ऐसे मे एक विधायक रहे नेता का यह कहना कि रंका अनुमंडल और डंडा ब्लॉक हमने बनाया यह अपने मुंह मियां मिट्ठू वाली कहावत सिद्ध होता है।

## अयोध्या दुष्कर्म पीड़िता से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

**अयोध्या (एजेंसी):** भारतीय जनता पार्टी के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को अयोध्या जिले के भदरसा में सामूहिक दुष्कर्म पीडति नाबालिग लड़की के परिजनों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पीडति परिवार को पहले दी गई पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता को बढ़ाकर 25 लाख रुपये किए जाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने यह भी कहा कि योगी सरकार इस मामले के दोषियों पर ऐसी सख्त कार्रवाई करेगी कि कई पीढ़ियां इसे याद रखेंगी। तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद, उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप और संगीता बलवंत शामिल हैं। मुलाकात के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में सांसद निषाद ने कहा कि हमने पीड़िता की मां से बात की है।